सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 22 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 257, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## कंपनियों की पूंजी 1.18 लाख करोड़ बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 1,18,328.29 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। } 14

## आज दो पनबिजली परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा का दौरा करेंगे और ईटानगर में 5,100 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। } 16

# भारत ने फिर धोया पाकिस्तान को

### अभिषेक शर्मा और गिल की रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी

दुबई। एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान ने टीम इंडिया के सामने 172 रन का टारगेट दिया था। जवाब में भारतीय टीम ने 18.5 ओवर में 4 विकेट पर 174 रन बनाकर पाकिस्तान को फिर से हरा दिया।

अभिषेक शर्मा 39 बॉल पर 74 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अबरार अहमद ने हारिस रऊफ के हाथों कैच कराया। अभिषेक शर्मा और गिल की रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी की। कप्तान सूर्यकुमार यादव (शून्य) को हारिस रऊफ ने तीन पारियों में तीसरी बार आउट किया। शुभमन गिल (47 रन) को फहीम अशरफ ने बोल्ड किया।

भारत ने दुबई में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान ने 5 विकेट खोकर 171 रन बनाए। ओपनर साहिबजादा फरहान ने सबसे ज्यादा 58 रन बनाए। सईम अयूब और मोहम्मद नवाज ने 21-21 रन बनाए। भारत के लिए शिवम दुबे ने 2 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और कुलदीप यादव को 1-1 विकेट मिला।



(विस्तृत खबर पेज 15 पर)

# जीएसटी रिफॉर्म से नये रोजगार का होगा सृजन : सीएम

### विजयदशमी पर जलायें नशे का पुतला, मुख्यमंत्री ने किया नमो मैराथन का किया शुभारंभ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के उपहार के रूप में हर देशवासी और प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म का गिफ्ट दिया है। इससे जहां एक ओर जरूरी चीजें छात्रों के लिए शिक्षण सामग्री, दूध, दही, घी, पनीर, खाने की वस्तुओं में भारी छूट दी गयी है, वहीं दूसरी ओर नशे और फिजूलखर्ची पर भारी टैक्स लगाया गया है।

युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए बाइक, कार, घर, घर पर लगने वाले स्टील, सीमेंट आदि पर भी छूट दी गयी है। यह घोषणा 3 सितंबर को जीएसटी काउंसिल ने की थी, जिसे 22 सितंबर से पूरे देश में लागू किया जा रहा है। वहीं विजयदशमी पर हर गांव, हर कस्बे और हर जिले में युवाओं को बुराई के प्रतीक पाप, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाना होगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर रविवार को नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन का शुभारंभ करते हुए कही। नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे तक जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय के जयकारों से युवाओं को हौसला बढ़ाया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से देश और प्रदेश का हर गरीब महंगाई से मुक्त और युवा सस्ते में शिक्षण सामग्री खरीद सकेगा। वहीं हर व्यक्ति की खरीद की क्षमता बढ़ेगी, बाजार की ताकत बढ़ेगी, नए रोजगार का सृजन होगा, व्यक्ति को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी और रोजगार के नये अवसर पर भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यह गरीब को राहत के साथ सामान्य उपभोक्ता को हर प्रकार की सुविधा से आगे बढ़ाते हुए व्यापारी के कल्याण के मार्ग से भी जुड़ा हुआ है। ऐसे में हर प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म से अवगत कराना होगा। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर यानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक भारतीय जनता पार्टी पूरे देश ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्रथम – मां शैलपुत्री



**वन्दे वांछितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखरां। वृषारुढ़ां शूलधरां शैलपुत्री यशस्विनी॥**

दक्ष प्रजापति के यज्ञकुंड में अपने देह की आहुति देने के बाद पर्वतराज हिमालय के यहां उत्पन्न देवी का नाम शैलपुत्री है।

# स्वदेशी अपनाये हर देशवासी : मोदी

### पीएम का राष्ट्र के नाम संबोधन: जीएसटी सुधार देंगे विकास को गति

एजेंसी

नयी दिल्ली। जीएसटी दरों में कटौती लागू होने से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की वृद्धि गाथा को गति देंगे, कारोबारी सुगमता को बढ़ाएंगे और अधिक निवेशकों को आकर्षित करेंगे।

मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि के पहले दिन से जीएसटी बचत उत्सव शुरू होगा और आयकर छूट के साथ यह ज्यादातर लोगों के लिए दोहरा लाभ होगा। संशोधित जीएसटी दरों के लागू होने की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वदेशी देश की समृद्धि को उसी तरह मजबूती देगा, जिस तरह इसने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को शक्ति दी थी। उन्होंने कहा, हमें हर घर को स्वदेशी का प्रतीक बनाना होगा। हमें हर दुकान को स्वदेशी (सामान) से सजाना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि विकास की दौड़ में सभी राज्य समान हितधारक होंगे। उन्होंने राज्यों से आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियानों को ध्यान में रखते हुए विनिर्माण को गति देने का आग्रह किया। मोदी ने कहा, नवरात्रि के पहले दिन, देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण और बड़ा कदम उठाने जा रहा है। कल सूर्योदय के साथ, अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू हो जाएंगे। कल से जीएसटी बचत उत्सव शुरू होगा। उन्होंने आगे कहा, आप अपनी पसंद की वस्तुएं ज्यादा आसानी से खरीद पाएंगे... इससे गरीब, मध्यम वर्ग, नव मध्यम वर्ग, युवा, किसान, महिलाएं, व्यापारी और दुकानदार लाभान्वित होंगे। मोदी ने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में सभी की खुशियां ...शेष पृष्ठ 14 पर



## बंगलूरू से हैदराबाद सामान भेजना यूरोप से ज्यादा मुश्किल था: पीएम

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में 2014 का किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा कि विदेशी अखबार में छपे लेख में एक कंपनी ने बताया था कि बंगलूरू से 570 किलोमीटर दूर हैदराबाद सामान भेजने से अच्छा था कि वे पहले बंगलूरू से यूरोप सामान भेजें और फिर यूरोप से हैदराबाद वापस मंगाएं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में जहां एक तरफ नए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को लेकर खुशी जताई। वहीं दूसरी ओर जीएसटी के पुराने दौर की चुनौतियों को भी याद किया। साथ ही बताया कि देश को टैक्स के जटिल सिस्टम से निकालना क्यों जरूरी था। पीएम मोदी ने कहा कि एक समय था जब देश के अंदर एक जगह से दूसरी जगह सामान भेजना बेहद मुश्किल होता था। हर राज्य के अलग-अलग टैक्स, चेक पोस्ट और फॉर्म की झंझट थी। इस दौरान उन्होंने एक विदेशी अखबार में छपे उदाहरण का जिक्र किया, जिसमें एक कंपनी ने बताया था कि बंगलूरू से 570 किलोमीटर दूर हैदराबाद सामान भेजने से अच्छा था कि वे पहले बंगलूरू से यूरोप सामान भेजें और फिर यूरोप से हैदराबाद वापस मंगाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये हालात टैक्स और टोल के जंजाल की वजह से बने थे। तब लाखों कंपनियों और आम लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ता था। एक शहर से दूसरे शहर सामान पहुंचने में जो खर्च बढ़ता था, वो अंत में गरीब और ग्राहक को ही उठाना पड़ता था। वो खर्च ग्राहकों को उठाना पड़ता था। देश को इस से निकालना जरूरी था। उन्होंने कहा कि देश को इस जटिल और अन्यायपूर्ण टैक्स सिस्टम से निकालना जरूरी था और जीएसटी लाकर एक राष्ट्र, एक टैक्स की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। ...शेष पृष्ठ 14 पर

## गाजा युद्ध पीड़ितों के नाम पर करोड़ों की ठगी, 3 गिरफ्तार



मोहम्मद अयान ज़ैद नोटियार अबू सुफियान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने गाजा युद्ध पीड़ितों की मदद के लिये लोगों से धन जुटाने वाले अभियानों के जरिये इकठ्ठा किये गये करोड़ों रुपये हड़पने के आरोप में तीन लोगों को महाराष्ट्र के भिवंडी से गिरफ्तार किया। एक बयान में यह जानकारी दी गयी।

बयान के अनुसार, खुफिया जानकारी से पता चला कि कुछ लोग इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में लोगों को गाजा में जारी युद्ध से प्रभावित महिलाओं और बच्चों के हृदयविदारक वीडियो बनाकर भावनात्मक रूप से प्रभावित कर उनके लिए भोजन, पानी, कपड़े और दवाओं के लिए दान मांग रहे हैं। एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि पीड़ितों को धन भेजने के बजाय आरोपियों ने धन का एक बड़ा हिस्सा अपनी निजी और अवैध गतिविधियों में लगा दिया। उन्होंने बताया कि लखनऊ के एटीएस थाने में तीन आरोपियों मोहम्मद अयान, जैद और अबू सूफियान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। अधिकारी ने बताया कि गैर-जमानती वारंट हासिल करने के बाद एटीएस की एक टीम ने शनिवार को भिवंडी से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एटीएस ने बताया कि आरोपियों को मुंबई की एक अदालत में पेश किया गया और उन्हें आगे की कार्यवाही के लिए ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊलाया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### 25 हजार का इनामी पशु तस्कर गिरफ्तार

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गोली लगने के बाद 25 हजार रुपये के इनामी वांछित पशु तस्कर को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घायल आरोपी की पहचान रामपुर जिले के टांडा थानाक्षेत्र निवासी इमरान अली के रूप में हुई और मुठभेड़ के दौरान उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने बताया कि उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जितेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीमें जिले भर में पशु तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार रात करीब दो बजे बेलघाट थाने को सूचना मिली कि एक वांछित पशु तस्कर मोटरसाइकिल से इलाके से गुजर रहा है। कुमार ने बताया कि जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, तो आरोपी ने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चलाकर भागने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जवाबी गोलीबारी की, जिसमें बदमाश घायल हो गया। अधिकारी ने बताया कि इस बीच अली का एक अन्य साथी भागने में सफल रहा और उसकी तलाश में छापेमारी शुरू कर दी गई है। पुलिस ने घटनास्थल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## युवाओं की ऊर्जा से राष्ट्र निर्माण का मार्ग होता है प्रशस्त

### सीएम धामी ने 'नमो युवा रन' को दिखाई हरी झंडी, कदमताल कर लगायी दौड़

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में सेवा, समर्पण और जनकल्याण का वातावरण बना है। सेवा पखवाड़ा जैसे अभियानों के माध्यम से हर वर्ग को समाजहित में योगदान देने का अवसर मिलता है। युवाओं की ऊर्जा जब सही दिशा में लगती है, तो राष्ट्र निर्माण का मार्ग और अधिक मजबूत होता है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित नमो युवा रन का शुभारंभ के अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरूआत कराई और स्वयं भी युवाओं के साथ कदमताल करते हुए दौड़ में सम्मिलित होकर उनका उत्साह बढ़ाया। सीएम धामी ने कहा कि नमो युवा रन केवल एक खेल आयोजन भर नहीं है, बल्कि यह युवाओं में स्वास्थ्य, ऊर्जा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का प्रतीक है। मुख्यमंत्री धामी ने इस आयोजन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यफिट इंडिया मूवमेंटह्न से जोड़ते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं और स्वस्थ भारत के निर्माण में अहम योगदान देती हैं। मुख्यमंत्री धामी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएँ, नशे से दूर रहें और अपनी ऊर्जा राष्ट्रहित में लगाएं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के युवा पूरे देश ...शेष पृष्ठ 14 पर



# पहली बार मोरक्को के दौरे पर पहुंचे राजनाथ सिंह

### बेरेचिड में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म 8X8 के नये विनिर्माण संयंत्र का करेंगे उद्घाटन

एजेंसी

कैसाब्लांका। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मोरक्को पहुंचने पर कैसाब्लांका के सैन्य कमान के प्रमुख वली और मोरक्को में भारतीय राजदूत संजय राणा ने स्वागत किया। राजनाथ सिंह बेरेचिड में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म 8X8 के नए विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन करेंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को पहली बार दो दिवसीय यात्रा पर मोरक्को पहुंचे। यहां कैसाब्लांका मोहम्मद वी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनको जोरदार स्वागत किया गया। राजनाथ सिंह बेरेचिड में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म 8X8 के नए विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। यह अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मोरक्को पहुंचने पर कैसाब्लांका के सैन्य कमान के प्रमुख वली और मोरक्को में भारतीय राजदूत संजय राणा ने स्वागत किया। भारतीय एसोसिएशन के अध्यक्ष सहित भारतीय समुदाय के सदस्य भी बड़ी संख्या में मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए उपस्थित हुए। एक्स पर पोस्ट में इंडिया इन मोरक्को ने लिखा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मोरक्को के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री प्रतिनिधि अब्देलतीफ लौदियी के निमंत्रण पर द्विपक्षीय यात्रा पर कैसाब्लांका मोरक्को पहुंचे। वरिष्ठ सरकारी और सैन्य अधिकारियों, भारत के राजदूत संजय राणा और भारतीय समुदाय के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बताया गया कि रक्षा मंत्री बेरेचिड में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म के नए विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। जो अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र है। रक्षा मंत्री अपने मोरक्को समकक्ष अब्देलतीफ लौदियी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। साथ ही रबात में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगे।





**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 33.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- मंत्रियों ने पूरे प्रदेश में नमो मैराथन का किया नेतृत्व (पृष्ठ–02)
- शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्रों में सुधार पर मिल रहे सबसे ज्यादा सुझाव (पृष्ठ–02)
- जीएसटी कटौती जैसे कारक तय करेंगे बाजार की दिशा (पृष्ठ–14)
- एफपीआई ने शेयरों से 7,945 करोड़ निकाले (पृष्ठ–14)
- चांदी ने इस साल अबतक दिया 49 प्रतिशत का रिटर्न (पृष्ठ–14)


**विशेष खबर** जीएसटी दर में कटौती से सबसे बड़ा फायदा वाहन खरीदारों को होगा, सीमेंट पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया

# आज से रसोई के सामान से लेकर दवाइयां, टीवी, गाड़ियां तक होंगी सस्ती

एजेंसी

नयी दिल्ली। रसोई में इस्तेमाल के सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयां और उपकरणों से लेकर वाहन तक लगभग 375 वस्तुएं सोमवार यानी 22 सितंबर से सस्ती हो जाएंगी। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती सोमवार यानी कल से ही लागू होने जा रही हैं। जीएसटी परिषद ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए 22 सितंबर (नवरात्रि के पहले दिन) से जीएसटी दरें कम करने का फैसला किया है।

घी, पनीर, मक्खन, नमकीन, केचप, जैम, सूखे मेवे, कॉफी और आइसक्रीम जैसी आम इस्तेमाल की चीजें और टीवी, एयर कंडीशनर (एसी), वॉशिंग मशीन जैसे महंगे उत्पाद भी सस्ते हो जाएंगे। जीएसटी में बदलाव को देखते हुए रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कई कंपनियों ने पहले ही कीमतों में कटौती की घोषणा कर दी है। अधिकांश दवाओं और फॉर्मूलेशन और ग्लूकोमीटर और डायग्नॉस्टिक किट जैसे मेडिकल उपकरणों पर जीएसटी दर को घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे आम आदमी को दवाएं सस्ती मिलेंगी। सीमेंट पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे घर बनाने वालों को भी फायदा होगा। सरकार ने पहले ही दवा दुकानों को जीएसटी में कटौती के लाभ को ध्यान में रखते हुए अपने अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में बदलाव करने या कम कीमत पर दवाएं बेचने ...शेष पृष्ठ 14 पर



## टीवी के दाम 2,500 से 85,000 रुपये तक घटेंगे

नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर कटौती के बाद टेलीविजन (टीवी) विनिर्माता कीमतों में 2,500 रुपये से 85,000 रुपये तक की कमी करने जा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं को जीएसटी में कटौती का पूरा लाभ मिल सकेगा। साथ ही टीवी विनिर्माताओं को सोमवार से शुरू होने वाले त्योहारी सीजन में अच्छी बिक्री की उम्मीद है। खपत को बढ़ावा देने के प्रयास में, जीएसटी परिषद ने इस महीने की शुरुआत में 22 सितंबर (नवरात्रि के पहले दिन) से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती करने का फैसला किया था, जिससे टेलीविजन और एसी, वॉशिंग मशीन जैसे कई उत्पादों की कीमतें कम हो गई हैं। 32 इंच से अधिक स्क्रीन साइज वाले टीवी सेट पर शुल्क मौजूदा के 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। टीवी विनिर्माताओं ने स्क्रीन साइज और खूबियों के आधार पर कीमतों में 2,500 रुपये से 85,000 रुपये के बीच ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कारों की कीमतें 3.49 लाख तक सस्ती, दोपहिया के भी घटेंगे दाम

नयी दिल्ली। देश की प्रमुख वाहन कंपनियों...मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और हुंदै मोटर इंडिया सोमवार से अपनी कारों की कीमतें कम करने जा रही हैं। कल से ही नवरात्रि का शुभ त्योहार शुरू हो रहा है। इससे ग्राहकों को काफी फायदा होगा। लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू के साथ-साथ दोपहिया वाहन कंपनियां भी 22 सितंबर से लागू नए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के साथ कीमतें कम करने जा रही हैं। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए अपनी कारों की कीमतों में 1.29 लाख रुपये तक की कटौती की है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की गाड़ियों की कीमतें सोमवार से 3.49 लाख रुपये तक कम हो जाएंगी। कंपनी ने दोपहिया वाहन चलाने वाले ग्राहकों को चार पहिया वाहनों खरीदने में सुगमता के लिए अपनी छोटी कारों की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नेपाल जेल से फरार पांच विदेशी बिहार में गिरफ्तार

मोतिहारी। पड़ोसी देश नेपाल में हाल में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान वहां की जेल से कथित तौर पर फरार हुए पांच विदेशी नागरिकों को बिहार के मोतिहारी में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्वर्ण प्रभात ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) से मिली सूचना के आधार पर 20 सितंबर को घोड़ासहन बस स्टैंड पर छापेमारी की गई, जहां पांचों विदेशी नागरिकों को पकड़ा गया। सभी की उम्र करीब 30 वर्ष है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों में चार सूडान के निवासी हैं जबकि एक बोलीविया का रहने वाला है। पूछताछ के दौरान इनमें से दो ने स्वीकार किया कि वे नेपाल की केंद्रीय जेल से फरार हुए थे।

C M Y K

## आवास विकास की सौमित्र बिहार योजना जल्द लांच होगी

# 1122 किसानों को आज मिलेंगे प्लॉट

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आवास विकास परिषद अपनी नई जेल रोड स्थित सौमित्र विहार योजना को दीपावली तक लॉन्च करने की तैयारी में है। इस योजना में 1122 किसानों ने लैंड पूलिंग से जमीन दी है। लैंड पूलिंग नीति के तहत इन्हें 25 प्रतिशत विकसित जमीन देने के लिए सोमवार व मंगलवार को लॉटरी निकाली जाएगी। इसके बाद इस योजना को लॉन्च करने के लिए यूपी रेरा में पंजीकरण कराया जाएगा। योजना से करीब एक लाख लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी।

योजना के लिए मोहारी कला, सिठौली कला और सिठौली खुर्द गांव की जमीन ली गई है। कुल योजना 560 एकड़ की है, लेकिन पहले फेज में 260 एकड़ में विकसित की जाएगी।

आवास विकास परिषद के उप आवास के अनुसार 130 एकड़ जमीन देने वाले करीब 1122 किसानों को प्लॉट दिए जाएंगे। अपनी जमीन देने वाले किसानों को योजना में नियोजित भूखंड दिए जाएंगे। उन्हें 300 वर्ग मीटर, 200 वर्ग मीटर, 122.30 वर्ग मीटर, 75 वर्ग मीटर, 60.592 वर्ग मीटर व 40.74 वर्ग मीटर के कुल 1388 भूखंडों के सापेक्ष 1122 भूखंडों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। अवध शिल्पग्राम अवध बिहार योजना में लॉटरी सोमवार से शुरू होगी।

- लैंड पूलिंग नीति के तहत किसानों के प्लॉट की लॉटरी आज, आवास विकास

आवास विकास परिषद के सचिव नीरज शुक्ला का कहना है कि लैंड पूलिंग नीति में प्रावधान है कि किसान चाहे तो अपना प्लॉट किसी और को बेच सकता है। वह चाहे तो परिषद को भी उसी रेट पर इसे बेच सकता है, जिस दर पर परिषद पंजीकरण खोलेगा। किसानों को डीएम सर्किल रेट के हिसाब से कई गुना ज्यादा फायदा परिषद को जमीन देने से होगा। अधिकारियों का कहना है कि किसानों को जमीन देने के बाद योजना का पंजीकरण जल्द खोला जाएगा।

आवंटियों की सुविधा के लिए योजना में कॉमर्शियल और शैक्षणिक भूखंड भी होंगे। इसके अलावा प्रत्येक सेक्टर में शादी और कार्यक्रम के लिए कन्वेंशन सेंटर बनाए जाएंगे। हर सेक्टर में पार्क और ग्रीनरी का भी ध्यान रखा गया है। ग्राउंड वाटर रिचार्ज के लिए झील और तालाब विकसित किए जाएंगे। परिषद की लैंड पूलिंग पर यह पहली योजना है। योजना का ले-आउट प्लान तैयार हो चुका है।

योजना में 5000 भूखण्ड सृजित होंगे जिसमें से 1000 भूखंड की योजना का पंजीकरण पहले चरण में शुरू करने की तैयारी है। 72 से 300 वर्ग मीटर तक क्षेत्रफल के भूखण्ड होंगे। जिनकी कीमत कीमत 23000 से 33000 रुपये वर्ग मीटर तक हो सकती है। 90 फीसदी जमीन का अधिग्रहण गोसाईगंज में किया जा चुका है।

किसानों से लैंड पूलिंग पर जमीन ली गई है जिसमें किसान आवास विकास परिषद के साझेदार होंगे। उनकी दी गई जमीन के बदले उन्हें विकसित भूखंड दिए जाएंगे।

### बड़े-बड़े पार्क व झील भी होगी

नई योजना में ग्रीन बेल्ट का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उप आवास आयुक्त ने बताया कि इस योजना में प्रत्येक सेक्टर में एक-एक बड़ा पार्क बनाया जाएगा। इसके अलावा एक झील भी बनाई जाएगी। झील के आसपास हरित क्षेत्र होगा। पाथवे बनाया जाएगा, जिससे सुबह-शाम सैर करने वालों को सुविधा हो।

## तबादले के बाद भी नगर निगम में जमे टैक्स इंस्पेक्टर व इंजीनियर

### वार्डों में अवैध वसूली व विकास योजनाओं में मलाई काट रहे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शासन के आदेशों का नगर निगम लखनऊ के कर निरीक्षकों पर कोई असर नहीं है। स्थानीय निकाय निदेशालय ने गत 14 जून को निकायों में तैनात कर अधीक्षकों व कर निरीक्षकों का गैर जनपद तबादला किया था। तत्कालीन स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा की ओर से किए गए आदेशों में साफ लिखा था की तबादला किए गये अधिकारी तत्काल नयी तैनाती स्थल पर जाकर ज्वानिंग करेगें।

ऐसा न करने पर अनुशासनहीनता मानी जायेगी। लेकिन लखनऊ नगर निगम में तैनात कर निरीक्षको का मोह तबादले के आदेश से रोक रहा है। वहीं निरीक्षकों को नगर निगम प्रशासन के अधिकारी ही बढ़ावा देने का कार्य कर रहे हैं। तबादला होने के बाद भी एक ओर दर्जन अधिकारियों ने अपनी नयी तैनाती स्थल पर कार्य भी शुरू कर दिया है लेकिन नगर निगम लखनऊ में तैनात कर निरीक्षक मधुरेश, राहुल यादव, पियूष

- निदेशालय के स्थानांतरण आदेश को दरकिनार कर प्रशासन मेहरबान




तिवारी, अवनीश यादव, उरमेन्द्र कुमार यादव समेत कई निरीक्षक से लखनऊ नगर निगम का मोह नहीं छूट रहा है। इन निरीक्षकों को कार्यमुक्त नहीं किया गया है। कर निरीक्षक मधुरेश और राहुल यादव वर्तमान में जोन तीन, पियुष तिवारी जोन पांच, अवनीश यादव जोन आठ और उरमेन्द्र कुमार यादव जोन छह में तैनात हैं। तबादला होने के बाद भी नगर निगम प्रशासन भी इन पर मेहरबान है। इनका वेतन लगातार निकल रहा है।

समस्त जोनल अधिकारियों की ओर से इनसे राजस्व वसूली के कार्य लिए जा रहे हैं। आरोप है कि नयी तैनाती स्थलों पर न जाने वाले कर निरीक्षकों को जोनल अधिकारियों की ओर से मलाईदार वार्डों का कार्य देने के साथ ही अवैध वसूली भी कराई जा रही है। राजस्व से कम यह निरीक्षक निजी आय का साधन बन गए हैं। वही दूसरी ओर गैर जनपदो से लखनऊ तबादला होकर आये दर्जनो कर निरीक्षको ने अपना कार्यभार संभाल भी लिया है। कर निरीक्षको के तबादले के साथ ही लखनऊ नगर निगम में तैनात अधिशाषी अभियंता अतुल मिश्रा, सहायक अभियन्ता अवधेश कुमार सिंह, किशोरी लाल व नवीन, इसके अतिरिक्त प्रतिमा यादव, नीतू सिंह, सदानन्द समेत अवर अभियंताओं के भी तबादले किए गये थे। लेकिन राजधानी लखनऊ में मलाई काट रहे इंजीनियरों ने भी तीन माह गुजरने के बाद भी तबादला आदेश को दरकिनार कर दिया है। अधिष्ठान प्रभारी व एसडीएम विकास सिंह का कहना है कि पिछले माह तबादला होकर लखनऊ नगर निगम आया हूं। कर निरीक्षकों व इंजीनियरों के तबादलों की जानकारी नहीं है। जांच कर आदेश कार्यमुक्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिरों में सफाई के साथ विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत



**लखनऊ।** राजधानी में नवरात्रि, दशहरा और रामलीला जैसे बड़े पर्वों को देखते हुए नगर निगम ने वृहद स्वच्छता और व्यवस्था अभियान का आगाज शुरू किया। महापौर सुषमा खर्कवाल की मौजूदगी और नगर आयुक्त गौरव कुमार के नेतृत्व इस अभियान की शुरूआत रविवार को हनुमान सेतु मंदिर क्षेत्र से की गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्वों के दौरान स्वच्छता, यातायात व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

नगर आयुक्त ने कहा कि नवरात्रि और दशहरा पर लाखों लोग मंदिरों, पूजा पंडालों और रामलीला स्थलों पर जुटते हैं। ऐसे में नालों की सफाई, जलनिकासी, प्रकाश व्यवस्था और कूड़ा प्रबंधन समयबद्ध तरीके से होना जरूरी है। उन्होंने सभी जोनल अधिकारियों, अपर नगर आयुक्तों और विभागीय अभियंताओं को आदेशित किया कि 110 वार्डों में पार्षदों की मदद से अभियान को सफल बनाया जाए। अभियान के तहत प्रमुख मंदिरों, पार्कों और गोमती नदी घाटों पर विशेष सफाई कराई गई। कूड़ा संग्रहण के साथ-साथ नालियों की सफाई, एंटी लार्वा ट्रीटमेंट और फॉगिंग कार्य भी प्राथमिकता पर होंगे। वहीं, प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए दो दिवसीय विशेष अभियान चलाकर सभी खराब प्रकाश बिंदुओं को सुधारने का लक्ष्य रखा गया है।

नगर निगम ने आयोजन स्थलों पर पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति और आवश्यकता पड़ने पर टैंकर उपलब्ध कराने का भी प्रावधान किया है। साथ ही, उद्यान विभाग को प्रमुख मार्गों पर झाड़ियों और सूखी टहनियों की छंटाई करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यातायात बाधित न हो। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि शहर की स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को त्योहारों के दौरान सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। हमारा लक्ष्य है कि लखनऊवासी नवरात्र और दशहरा को पूरी सुविधा और साफ-सुथरे वातावरण में मना सकें। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी शिकायत की स्थिति में वॉर रूम अथवा टोल-फ्री नंबर 1533 पर संपर्क करें।

## चित्रकला में बच्चों ने उकेरे मन के भाव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री अग्रवाल सभा की ओर से तीन दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के दूसरे दिन रविवार को चित्रकला प्रतियोगिता एवं अग्रसेन प्रीमियर लीग टी 20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। अग्रवाल सभा के महामंत्री अनुपम मित्तल ने बताया कि 22 सितंबर सोमवार को महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, मोतीनगर लखनऊ में महाराजा अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। तीन दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, सेक्टर-8, जानकीपुरम, लखनऊ में श्री रिपन कंसल, डिस्ट्रीब्यूटर कामधेनु सरिया के सौजन्य से किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता तीन श्रेणियों एवं अलग-अलग विषयों पर आयोजित की गई। ग्रुप ए 5 से 8 वर्ष के लिए मैं अपने शहर को कैसे साफ रख सकता हूं, ग्रुप बी 9 से 14 वर्ष के लिए स्वस्थ जीवन (अच्छी आदतें) और ग्रुप सी 15 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए ऑपरेशन सिंदूर विषय वस्तु पर बच्चों ने शहर स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता, स्वस्थ जीवन एवं



देशप्रेम के भाव को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया। ग्रुप ए में आरना अग्रवाल को प्रथम, यशिका दीक्षित को द्वितीय, निकेश सिंघल को तृतीय, ग्रुप बी में पल्लवी कश्यप को प्रथम, इशिता सिंह को द्वितीय, पर्णिका स्वर्णकार को तृतीय तथा ग्रुप सी में अर्पिता गुप्ता को प्रथम, जेबा खातून को द्वितीय, अंशिका पाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। चित्रकला प्रतियोगिता के विजयी बच्चों को अग्रवाल सभा के ओर से उपहार एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं दूसरी ओर अग्रसेन प्रीमियर लीग के तहत टी-20 दोस्ताना क्रिकेट मैच गोमतीनगर स्थित सेज क्रिकेट एकेडमी में अग्रवाल शिक्षा संस्थान बनाम श्री अग्रवाल सभा के बीच मैच खेला गया। इस दोस्ताना मैच को सफल बनाने में जगदीश प्रसाद अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सुनील कुमार अग्रवाल, सुशील अग्रवाल ने भरपूर सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष डॉ जगदीश चंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यतेन्द्र कुमार सिंघल, महामंत्री अनुपम मित्तल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल गोविंद प्रसाद नीरज कुमार अग्रवाल प्रदीप कुमार अग्रवाल एवं मुकेश अग्रवाल, गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं दीं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्रि के शुभावसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए अपनी मंगलमय शुभकामनाएं दी हैं। यहां जारी एक संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत की सनातन धर्म की परम्परा में माँ दुर्गा की उपासना का प्राचीन काल से ही अत्यधिक महत्व रहा है। माँ दुर्गा शक्ति की अधिष्ठात्री देवी हैं। यह चराचर जगत की आदि शक्ति हैं, इनके अनन्त रूप हैं, लेकिन प्रधान नौ रूपों में नवदुर्गा बनकर आदि शक्ति चराचर जगत पर अपनी करुणा की वर्षा करती हैं। वर्ष में दो बार नवरात्रि का कार्यक्रम मातृशक्ति के प्रति भारत की भावना का प्रभावी प्रतिनिधित्व करता है। शारदीय नवरात्रि का आयोजन, सभी प्रदेशवासियों के लिए शुभ एवं मंगलमय हो यह मेरी कामना है।

## गोमती से दो कुंतल कचरा, प्रतिमाएं निकालीं

**लखनऊ।** स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने गोमती नदी सफाई अभियान के तहत रविवार को 383वें सप्ताह भी श्रमदान किया। झूले लाल पार्क निकट हनुमान सेतु घाट पर सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक चले अभियान में स्वयंसेवकों ने गोमती नदी से करीब 2 कुंतल कचरा और दर्जनों देवी-देवताओं की प्रतिमाएं निकालकर नगर निगम के सुपुर्द कीं। अभियान का नेतृत्व संयोजक रणजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर अर्चना सिंह, प्रार्थना वर्मा, प्रीति जैन, शिखा सिंह, रत्ना वर्मा, कृपाशंकर वर्मा, रामकुमार बाल्मीकि, विष्णु तिवारी, संजय वर्मा, आनंद वर्मा, विवेक जोशी, पवन कुमार, कमल दुबे, राकेश सोनकर, दिनेश दत्त पांडेय, उदय सिंह, प्रवेश यादव, कमलेश कुमार व अनुग्रह सिंह सहित लगभग दो दर्जन स्वयंसेवक मौजूद रहे।



## टाटा एआईए ने लॉन्च किए दो नये फंड

**लखनऊ।** खपत, खर्च करने योग्य आय में बढ़त और कम ब्याज दरों को लेकर भारत की अर्थव्यवस्था का लगातार विस्तार हो रहा है। देश की अग्रणी कंपनियां सेक्टर लीडर्स, इन उभरते अवसरों का लाभ उठाने और अर्थव्यवस्था के भविष्य को आकार देने के लिए विशिष्ट रूप से तैयार हैं। कई उत्पाद श्रेणियों में जीएसटी दरों में कटौती अपेक्षित है, जिसकी वजह से अफोर्डेबिलिटी बढ़ने की संभावना है, ये कंपनियां न केवल आर्थिक विकास को गति देती हैं, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक वेल्थ क्रिएशन का एक महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान करती है। टाटा एआईए सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड व टाटा एआईए सेक्टर लीडर्स इंडेक्स पेंशन फंड नए जीएसटी नियम लागू होने के साथ से छूट दी जाएगी।

## गंभीर बीमारियों से बचाव पर हुई चर्चा

**लखनऊ।** आई एम ए लखनऊ की स्टेट लेवल रिफ्रेशर कोर्स और सी एम ई कार्यक्रम का रविवार को आयोजन हुआ। जिसमें कुल 17 मेडिकल प्रस्तावों पर चर्चा हुई जिसमें समय-समय की बीमारियों तथा हृदय से संबंधित कैंसर की आखिरी चरण में डायबिटीज विषय पर चर्चा हुई इस संगोष्ठी में 80 से 100 डॉक्टर ने भाग लिया। उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर एन बी सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ व वशिष्ठ अतिथि डॉक्टर बृजेंद्र शुक्ला उपाध्यक्ष जोन 3 आईएमए यूपी स्टेट ने किया। डॉक्टर सरिता सिंह अध्यक्ष आईएमए मौजूद रहीं। डॉक्टर जेडी रावत साइंटिफिक कमेटी अध्यक्ष डॉ विनीता मित्तल, पूर्व अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार अस्थाना, निर्वाचित अध्यक्ष ने सराहना की। डॉ संजय सक्सेना सचिव ने स्वच्छ एवं स्वस्थ लखनऊ बनाने की बात कही। इस मौके पर लखनऊ के काफी सदस्य उपस्थित थे। डॉ. शाश्वत विद्याधर, डॉ आर बी सिंह, डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी, डॉ गुरमीत सिंह, डॉक्टर आलोक महेश्वरी, डॉ रामा श्रीवास्तव, डॉ सुमित सेठ मौजूद रहे।

## उत्तर व पश्चिम विधानसभा में 29 करोड़ के कामों का शिलान्यास

**लखनऊ।** दो विधानसभा क्षेत्रों में 29.6 करोड़ की लागत से 116 विकास कार्यों का रविवार को शिलान्यास किया गया। यह कार्य ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग कराएगा।

उत्तर विधानसभा क्षेत्र में 10.68 करोड़ से 42 और पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 18.92 करोड़ रुपये की लागत से 74 विकास कार्यों का शिलान्यास वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह, एमएलसी मुकेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक डॉ. नीरज बोरा, अंजनी श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया। उत्तर विधानसभा का शिलान्यास कार्यक्रम जानकीपुरम स्वागत लॉन में और पश्चिम विधानसभा का मां कृपा बैंक्विट हॉल, बुद्धेश्वर में आयोजित किया गया। नीरज सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सतत प्रयासों से लखनऊ आज सांस्कृतिक विरासत के साथ विकास और आधुनिकता की मिसाल बन चुका है। एयरपोर्ट के साथ ही गोमती नगर, चारबाग रेलवे स्टेशनों का सौंदर्यीकरण हुआ है। सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने कहा कि रक्षा मंत्री जी निरंतर लखनऊ वासियों के स्वास्थ्य, सुख सुविधाओं और विकास के लिए चिंतित रहते हैं और लखनऊ के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। आनंद द्विवेदी ने कहा कि लखनऊ विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। आयुष्मान कार्ड और वोटर लिस्ट में नाम बढ़वाए मनकामेश्वर वार्ड के एमआर पैलेस में आयोजित सेवा शिविर में सैकड़ों लोगों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी ली तथा मौके पर आनलाइन आवेदन किया। हर रविवार, सेवा आपके द्वार शृंखला के तहत आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा, स्थानीय पार्षद रंजीत सिंह, मण्डल अध्यक्ष रमन निगम आदि ने किया तथा मौके पर ही बने आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को सौंपे। विधायक डा. नीरज बोरा ने कहा कि लखनऊ समग्र विकास की राह पर है।

## मेट्रो के निर्माण व संचालन में एआई का होगा इस्तेमाल

**लखनऊ।** लखनऊ मेट्रो के दूसरे फेज में ईस्ट वेस्ट कारिडोर के निर्माण व ट्रेन के संचालन में एआई के इस्तेमाल को प्राथमिकता देने की तैयारी है। कोच्चि मेट्रो की तरह स्टाफ मैनेजमेंट के लिए यहां भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया जाएगा। दरअसल, कोच्चि और दिल्ली में पहले ही मेंटीनेंस, क्राउड मैनेजमेंट, स्टाफ मैनेजमेंट आदि के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल की योजना पर काम शुरू हो गया था। कोच्चि में इसका उपयोग भी होने लगा है। लखनऊ मेट्रो को भी अब एआई से सुरक्षित करने की तैयारी है। इसकी वजह लखनऊ में मेट्रो रूट और सेवाओं में बढ़ोतरी को बताया जा रहा है।

अगले साल से मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर का निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। इस रूट पर मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू होते ही यात्रियों की संख्या तीन लाख के करीब पहुंचने का अनुमान है। यात्रियों की संख्या के हिसाब से संसाधन और कर्मचारी दोनों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी, जिसे एआई से नियंत्रित करना आसान होगा। लखनऊ मेट्रो जनसंपर्क विभाग के ज्वाइंट जनरल मैनेजर पंचानन मिश्रा ने बताया कि मेट्रो में एआई का इस्तेमाल होने से यात्रियों का सफर और आरामदायक होगा। सुरक्षा व्यवस्था भी इसी एआई पर आधारित है। मेट्रो में अभी संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण प्रणाली (सीबीटीएस) का इस्तेमाल हो रहा है। इस प्रणाली से मेट्रो ट्रेन में स्वचालित ब्रेकिंग सुविधा है। जिससे रुकने की जगह का प्वाइंट सेट रहता है, जिससे ट्रेन अपने आप रुक जाती है। यह प्रणाली संचार-आधारित ट्रेन नियंत्रण (सीबीटीसी) एक रेलवे सिग्नलिंग प्रणाली है, जो यातायात प्रबंधन और बुनियादी ढांचे के नियंत्रण के लिए ट्रेन और ट्रैक उपकरणों के बीच दूरसंचार का उपयोग करती है। यानी यह कहा जाये कि इस प्रणाली से एक ट्रैक पर दौड़ने वाली दो ट्रेनें आपस में बात करती है तो गलत न होगा। सीबीटीसी पारंपरिक सिग्नलिंग प्रणालियों की तुलना में ट्रेन की स्थिति को अधिक सटीकता से पहचानता है। इससे रेलवे यातायात प्रबंधन अधिक सुरक्षित और कुशल हो सकता है।




## 'आपका विधायक आपके द्वार': सरोजनीनगर में विश्वास की नयी राजनीति

### विधायक ने लगवाया बेहटवा में स्वास्थ्य शिविर, गांव के मेधावी सम्मानित, युवाओं को मिला खेल का नया मंच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लोकनीति का असली अर्थ केवल सत्ता नहीं, बल्कि सेवा है। इसी भावना के साथ सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह हर रविवार को 'आपका विधायक - आपके द्वार' शिविर के माध्यम से जनता की समस्याओं को सुनते और समाधान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इसी क्रम में रविवार को ग्रामसभा बेहटवा में आयोजित 136वाँ आपका विधायक - आपके द्वार जनसंवाद शिविर इस जीवंत लोकतांत्रिक परंपरा का साक्षी बना।

डॉ. सिंह मानते हैं कि ह्लजनता की समस्या ही मेरी प्राथमिकता है।ह्व इसी सोच के तहत शिविर में ग्रामीणों से मिली सोलर & स्ट्रीट लाइट, नाली-सड़क, पीएम आवास, पेंशन जैसी 31 आवश्यकताओं को तत्काल दर्ज किया गया और 4 ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनवाए गए। उनके लिए यह केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को निभाने का प्रयास है। डॉ. सिंह का स्पष्ट मानना है कि स्वस्थ नागरिक ही समृद्ध समाज की नींव रखते हैं। इसलिए हर जनसंवाद शिविर के साथ स्वास्थ्य शिविर जोड़ना उनकी परंपरा बन गया है।

- सेवा ही राजनीति का सार - 136 हफ़्तों से डॉ. सिंह की सतत पहल

बेहटवा में टीएस मिश्रा हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित हेल्थ चेक अप एवं नेत्र चिकित्सा कैम्प में 50 ग्रामीणों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। यह पहल बताती है कि उनका दृष्टिकोण केवल बुनियादी ढाँचे तक सीमित नहीं, बल्कि मानव कल्याण तक विस्तृत है।

डॉ. सिंह युवाओं में प्रतिभा को समाज की सबसे बड़ी पूंजी मानते हैं। यदि गाँव का मेधावी सम्मानित होगा, तो पूरी पीढ़ी प्रेरित होगीह्व इसी विचार से गाँव की शान पहल के अंतर्गत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 4 मेधावियों 1.वैष्णवी वर्मा (90.83%), 2. अनुष्का राजपूत (77%), 3.रघुवंश यादव (75%), 4. कुणाल वर्मा को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. सिंह मानते हैं कि खेल अनुशासन, एकता और ऊर्जा का प्रतीक है। युवाओं को नशे और निराशा से दूर कर खेलों की ओर प्रेरित करने के लिए आज 147वाँ एवं 148वाँ outh Club (Boys) और 87वाँ Girls Youth Club गठित हुआ। Cricket, Volleyball, Football, Carrom जैसी खेल किट देकर उन्होंने युवाओं को यह संदेश दिया कि जो खेलता है वही खिलता है, और जो खिलता है वही देश को गढ़ता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष के.के. श्रीवास्तव जी, पार्षद राम नरेश रावत जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता जी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे और सम्मानित किए गए। ग्रामीणों को ताराशक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से ताजा व पौष्टिक भोजन प्रदान किया गया। डॉ. सिंह का विजन है कि सरोजनीनगर का हर नागरिक यह महसूस करे कि विधायक का कार्यालय किसी इमारत में नहीं, बल्कि जनता के द्वार पर है। यही कारण है कि टीम के सदस्य पिछले 136 हफ़्तों से लगातार गाँव-गाँव जाकर जनसंवाद कर रहे हैं। यह अभियान केवल संवाद नहीं, बल्कि विश्वास की नई राजनीति है झ्र जहाँ जनता की आवाज सीधे जनप्रतिनिधि तक पहुँचती है।

## लंपी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए प्रभावी उपायों पर चर्चा

**लखनऊ।** लखनऊ मुख्यालय से संयुक्त निदेशक, रोग नियंत्रण, डॉ. विवेकानन्द की ओर से देवीपाटन, आजमगढ़, गोरखपुर, अयोध्या तथा बस्ती मंडलों की मोबाइल वेटनरी यूनिट् 1962 के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लंपी स्किन डिजीज की स्थिति, नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए चर्चा एवं समीक्षा की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी भी गांव या क्षेत्र में बीमारी के तेजी से फैलने की स्थिति में संबंधित क्षेत्र के पशु चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से क्लीनिकल सैंपल्स को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान या अन्य उच्च स्तरीय जांच केंद्रों पर भेजा जाए, ताकि शीघ्र जांच एवं निदान संभव हो सके। संयुक्त निदेशक ने एपी-सेंटर की पहचान पर बल देते हुए कहा कि जहाँ-जहाँ बीमारी से अधिक पशु प्रभावित हैं, वहां विशेष अभियान चलाकर जांच, उपचार एवं जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएं।

## ट्रॉमा में नर्सिंग अफसर को लात-घूसों से पीटा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर की ऑर्थो ओटी में जूनियर रेजिडेंटों ने मामूली बात पर नर्सिंग ऑफिसर को लात घूसों से पिटाई कर दी। जिसमें नर्सिंग ऑफिसर जख्मी हो गया। ओटी के बाहर नर्सिंग अफसरों ने कामकाज ठप करने की चेतावनी देते हुए हंगामा किया।

ट्रॉमा सेंटर की ऑर्थो ओटी में नर्सिंग ऑफिसर शुभम शनिवार रात नाइट शिफ्ट की ड्यूटी कर रहा था। शुभम के मुताबिक, ओटी में शराब के नशे में मेडिकल स्टूडेंट्स (जेआर वन और जेआर टू) ड्यूटी पर थे। मामूली बात पर जूनियर रेजिडेंटों ने लात घूसों से पिटाई शुरू कर दी। तेज आवाज सुनकर ओटी में तैनात दूसरे कर्मचारियों ने शुभम को बचाने का प्रयास किया और वहा से हटाया। शुभम के मारे जाने की खबर पाकर उसके साथ कार्य कर रहे सभी लोग काम बंद कर दिया। शुभम की ओर से पुलिस चौकी में तहरीर दी गई है। उधर, नर्सिंग ऑफिसर की पिटाई की जानकारी होने पर रविवार सुबह इमजरेंसी कॉम्प्लेक्स एवं ट्रॉमा सेंटर प्रशासनिक कार्यालय में साथी कर्मचारी पहुंचे। हंगामा करते हुए कामकाज ठप करने की चेतावनी दी। इस पर सीएमएस, पीआरओ मौके पर पहुंचे। नर्सिंग ऑफिसरों को कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया। कुछ दिन पहले हुई थी बहस शुभम के मुताबिक ओटी में ही कुछ काम को लेकर जूनियर रेजिडेंटों से उसकी तीखी बहस हो गई थी। इसी बात से रेजिडेंट नाराज थे। शनिवार देर रात शुभम को अकेला पाकर नशे में धुत जूनियर रेजिडेंटों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी।

दो लोगो मे लड़ाई हुई है किसको ज्यादा चोट लगी है इसकी जांच होगी, जो भी दोषी होगा जांच के बाद कार्रवाई होगी। **डॉ. केके सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू**

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# ट्रक ने मारी टक्कर, बेटे की मौत, पिता गंभीर




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट क्षेत्र में रविवार को गोमतीनगर से अपने घर जा रहे बाइक सवार पिता-पुत्र को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस आनन-फानन में घायलों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया, जहां बेटे को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि पिता की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि बाराबंकी जिले के देवा रोड स्थित माती गांव निवासी 45 वर्षीय रामू कन्नौजिया अपने 24 वर्षीय बेटे विनय कन्नौजिया के साथ रविवार को बाइक से गोमतीनगर से माती गांव स्थित अपने घर जा रहे थे। जैसे ही पिता-पुत्र देवा रोड पर टेल्को पुल के नीचे पहुंचे थे कि तभी तेज रफ़्तार से आ रहे अज्ञात ट्रक चालक ने टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और इस हादसे में पिता-पुत्र बुरी तरह से जख्मी हो गए। घायलों को डॉ राममनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने विनय कन्नौजिया को मृत घोषित कर दिया। जबकि रामू कन्नौजिया का इलाज चल रहा है। इंस्पेक्टर ने बताया कि हादसे को अंजाम देने वाले ट्रक और चालक को सीसीटीवी कैमरे की मदद से तलाश की जा रही है।

## मछली पकड़ने गये व्यक्ति की नदी में डूबने से गयी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** गोसाईगंज क्षेत्र के शहजादेपुर गांव में मछली पकड़ने गए व्यक्ति की लोनी नदी में डूबने से मौत हो गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्रामीणों के अनुसार शहजादेपुर गांव का रहने वाला छंगालाल उर्फ टुन्ने( 45 )शनिवार की दोपहर गांव के पास स्थित लोनी नदी में मछली पकड़ने गया था।लेकिन वह देर रात तक घर वापस नही लौटा तो लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कुछ पता नही चला। रविवार की सुबह परिजन जब लोनी नदी के किनारे पहुंचे तो देखा छंगालाल की चप्पल फोन व गमछा वहीं पड़ा था।परिजनों ने इसकी सूचना गोसाईगंज पुलिस को दी।इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा स्थानीय गोताखोरों व ग्रामीणों की मदद से लोनी नदी में छंगालाल की तलाश की जा रही है।तभी उसका शव नदी में मिला जिसे गोताखोरों की मदद से बाहर निकलवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक बोल नही पाता था और उसकी मानसिक स्थिति कुछ कम ठीक होने के साथ ही उसे मिर्गी की बीमारी भी थी।

## देश की आजादी में उर्दू का अहम योगदान : फिरंगी महली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अदब कल्चर वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के प्रेक्षागृह में आयोजित 'शायरों का आशियाना' में शायरों ने अपनी शेरों-शायरी से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। मोहम्मद आरिफ की अध्यक्षता में कार्यक्रम का उद्घाटन हजरत वरिष्ठ धर्म गुरु मौलाना खालिद रशिद फिरंगी महली, पूर्व राज्य सभा सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पी एल पुनिया, हाजी एजाज चांदी वाले, फुरकान कुरैशी ने शमां रौशन कर किया। अपने संबोधन में मौलाना फिरंगी महली ने कहा कि जिसकी याद में प्रोग्राम का आयोजन किया गया है, वह उर्दू पत्रकारिता जगत की नामचीन हस्ती थी जिन्होंने पत्रकारिता के तहत उर्दू अदब की अहम सेवाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रोग्राम से उर्दू हिंदी जबान को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने आयोजक सईद हाशमी और सत्यम रोशन को बधाई दी हाजी एजाज चांदी वाले ने कहा कि मुशायरा कवि सम्मेलन हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक है। डॉ. तारिक सिद्दीकी ने कहा कि पत्रकार जीलानी खान ने अपने लेख के तहत सरकार और समाज को आईना दिखाने का काम किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शेख ताहिर सिद्धकी, ताहिरा हसन, शहला हक, तबस्सुम किदवई, कारी इम्तियाज प्रताप गढ़ी, डॉ. फैसल खान, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद फैजान, मनसूर खान, डॉ. पवन शर्मा, मोहम्मद नासिर, अमीना मोजीब सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पति पर बेटी के साथ अश्लीलता करने व पोर्न दिखाने का मुकदमा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोसाईंगंज इलाके में रहने वाली एक महिला ने अपने पति पर अश्लीलता करने व पोर्न साइड दिखाने का का आरोप लगाते हुए पति पर व बेटी ने पिता पर मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़ित महिला का आरोप है कि पति नवीन गुप्ता बेटी नाबालिग बेटी को पोर्न साइड व अश्लीलता करने का करते है।

आरोप है कि अश्लीलता करने और गलत तरत से छूने का विरोध करने पर मारने पीटने के साथ स्वयं के साथ मारपीट करने शारिरिक शोषण करने मानसिक शारीरिक यातनाएं देने एवं नाबालिक बेटियों के सामने निर्वस्त्र/नग्न कर बच्चियों को जबरन बैठाकर माँ के साथ फिजिकल रिलेशन बनाता था और बच्चियों से कहता था कि यही बैठ कर देखो और ऐसे ही तुन्हें मेरे साथ करना है न देखने और बैठने पर बच्चियों को भी गंदी गंदी गालियां देता है। पीड़िता का कहना है कि वह गरीब परिवार से जीवन यापन करने वाली है। पति की सभी यातनाएं पिछले कई वर्षों से यह सोचकर सह लेती थी कि उसका परिवार इतना सम्पन नही है कि दोबारा उसकी दुनिया बसा सके ऐसे में बेटियों का भी जीवन अंधकार मैं हो जाएगा परन्तु जब कलयुगी पिता की गंदी नजर अपनी ही बेटियों पर पड़ने लगी और कलयुगी पिता द्वारा अपनी बेटियों के साथ अश्लीलता की जाने लगी तो माँ की सब्र की बांध टूटी और माँ एवं दोनों बेटियों द्वारा प्रभारी निरीक्षक गोसाईंगंज को अपने पति की सारी घिनोनी हरकतों अत्यचारो से अवगत कराया सारी आप बीती बताई प्रभारी निरीक्षक गोसाईंगंज द्वारा तत्काल गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कराकर उपरोक्त व्यक्ति को जेल भेज दिया।

# यूपी पुलिस के हजारों पुलिसकर्मियों ने निकाली बाइक रैली

### सभी जिलों में महिलाओं के अंदर सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मविश्वास की भावना को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से निकाली गयी रैली





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मिशन शक्ति 5 का शुभारम्भ किया।इस दौरान उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों में महिलाओं के अंदर सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मविश्वास की भावना को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से बाइक रैली निकालने के निर्देश दिए थे।ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग की ओर से पुलिस के विभिन्न रैंक के लगभग 18 हजार महिला अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा प्रदेश भर में बाइक रैली निकाली गई।

**सुरक्षा और सम्मान के नारों से गूंज उठीं सड़कें:** डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर रविवार सुबह से ही सभी जिलों में महिला पुलिस कर्मी बाइक लेकर सड़क पर उतरीं।सुरक्षा और सम्मान, नारी का अधिकार जैसे नारों से सड़कें गूंज उठीं।जगह-जगह आमजन ने तालियों और पुष्पवर्षा के साथ रैली का स्वागत कर महिला सुरक्षा के संकल्प को मजबूती दी। सीएम ने अपने सम्बोधन में कहा गया था कि नारी सुरक्षा और सम्मान ही हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी विचार को जन-जन तक पहुँचाने के लिए यह बाइक रैली निकाली गई। लोकभवन में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी 1,663 थानों में मिशन शक्ति केंद्रों की शुरूआत की थी। इसके साथ ही सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश फोल्डर एवं महिला सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी जारी की गई। नवरात्रि और आगामी त्योहारों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**पुलिस की भागीदारी ने जनता को विश्वास किया मजबूत:** पुलिस बाइक रैली ने स्पष्ट कर दिया कि अब नारी सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा संकल्प है। बाइक रैली के दौरान सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा मंत्रीगणों ने भी सक्रिय रूप से भाग लेकर अभियान को समर्थन प्रदान किया। प्रशासन और पुलिस की सक्रिय भागीदारी ने जनता के विश्वास को और मजबूत किया। डीजीपी ने बताया कि सभी बाइक रैली की फोटो एवं वीडियो को उत्तर प्रदेश पुलिस के समस्त जनपदों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करके पोस्ट किया गया।इसी क्रम में प्रदेश पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया। यह हैशटैग 21 सितंबर को शाम 4 बजे सूचीबद्ध हुआ और कुछ ही समय में टॉप ट्रेंडिंग लिस्ट में नंबर 1 पर पहुंच गया।इसी हैशटैग के साथ अन्य की-वर्ड महिला पुलिस, नारी शक्ति, मिशन शक्ति भी ट्रेंडिंग लिस्ट में शामिल हुए। शाम 4 बजे से 6:30 बजे तक मिशन शक्ति लगातार टॉप 5 ट्रेंडिंग सूची में बना रहा। अब तक इस पर 23 हजार से अधिक ट्वीट्स किए जा चुके हैं, जिससे लगभग 28 मिलियन की रीच और 384 मिलियन इंप्रेशन प्राप्त हुए हैं।

## बन्द मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी घर मालिक को शनिवार को घर पहुँचने पर हुई। परिजनों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत एचसीएल पुलिस चौकी पहुँच कर की हैं। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी हैं। मलूकपुर ढकवा निवासी आशा देवी पत्नी स्वर्गीय राम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बट 16 सितंबर को अपने दूसरे घर मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में स्थित आरके कॉलोनी गई थी, शनिवार को 12:00 दोपहर वापस घर लौटी तो देखा कि घर के मैन गेट का ताला टूटा हुआ था, अंदर चैनल गेट सहित सभी कमरों और अलमारी का ताला टूटा हुआ था। सारा सामान बिखरा पड़ा था। आशा देवी के मुताबिक चोर अलमारी में रखें सोने के दो हार, सोने की एक जोड़ी झाला, एक जोड़ी बाला, एक जोड़ी झुमकी और पाँच सोने की अंगूठी, दो सोने की चैन, मांग टीका, चार कड़े सोने के, सात जोड़ी पायल, आधा किलो चांदी के के विभिन्न आभूषण जिसमें बिछिया अंगूठी समेत बारह हजार रुपये की नकदी उठा ले गए है। पीड़िता आशा बहु है और वर्तमान समय मेँ गोसाईगंज में है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल का प्रमाण पत्र परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 2461334 वास्तव में कहीं खो गया है। **कु. सरिता पुत्री राजकुमार ग्राम-चवरियां बुजुर्ग, (कौड़ीराम) गोरखपुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट सं. N7244531 में मेरे पिता का नाम SITA RAM RAY व माता का नाम MEENA RAY अंकित है, जबकि मेरे अन्य सभी अभिलेखों में पिता का सही नाम SITA RAM RAI व माता का सही नाम MEENA RAI दर्ज है। मेरे पासपोर्ट में भी मेरे माता व पिता का सही नाम ही दर्ज किया जाये। **संजीव कुमार पुत्र श्री सीता राम राय नि.- 545के/ एन.के./712, नरपत खेड़ा, पारा चौकी के पास, लखनऊ।**

# मॉल के बाउंसर व गार्डों को बचाने में जुटी पुलिस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीते शुक्रवार की रात प्लासियो मॉल में टॉनिक बार में बाउंसरों से उपजे विवाद के बाद प्लासियो मॉल की पार्किंग क्षेत्र में आधा घंटे मॉल के गार्ड व बाउंसर महिला डॉक्टर समेत चार लोगों को लाठी डंडे से पीटते रहे, लेकिन पुलिस बूथ से पुलिसकर्मी नही मौके पर नही पहुंचे। जबकि मॉल के गेट पर ही सुशान्त गोल्फ सिटी थाने का पुलिस बूथ बना हुआ है। पुलिस जब पहुंची तो गार्ड पुलिसकर्मियों के सामने चारो आरोपितों को पीटते रहे। पुलिस मूकदर्शक बनी रही। इस मामले में पुलिस ने आरोपित द्वारा बचाव के लिए अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायर किया तो गोली एक गार्ड को लग गई। पुलिस ने महिला डॉक्टर समेत चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लेकिन चारो आरोपितों की बर्बरता से पिटाई करने वाले गार्डों व बाउंसरों पर कोई कार्यवाईं नही की। शनिवार को जब पिटाई का वीडियो वायरल हुआ तो डीसीपी साउथ ने 15 से 20 अज्ञात गार्डों व बाउंसरों के खिलाफ मुकदमा लिखने का आदेश दे दिया। शनिवार की रात मॉल के अज्ञात गार्डों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अपनी पीठ थपथपाने का कार्य किया। लेकिन पुलिस ने किसी भी गार्ड को गिरफ्तार नही किया। रविवार को आरोपित रोहित के पिता रमेश ने मामले की जांच व आरोपितों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराने थाने पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें भी धमकाया। इस संबंध में डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल का कहना है कि मामले की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पिटाई करने वाले गार्डों की शिनाख्त की जा रही है। पीड़ित रमेश का आरोप है कि पुलिस प्लासियो मॉल के गार्डों को बचाने का प्रयास कर रही है।

सुशान्त गोल्फ सिटी थाने की प्लासियो स्थित पुलिस बूथ पर रात्रि के वक्त पुलिस नदारद रहती हैं। प्लासियो मॉल में टॉनिक बार में पहले भी कई बार विवाद और गोली चलने की घटनाये हो चुकी है। उस वक्त भी रात में पुलिस कर्मी बूथ पर मौजूद नहीं थे। स्थानीय लोगो की माने रात्रि दस बजे के बाद प्लासियो पुलिस बूथ पर कोई पुलिस कर्मी नही रहता है। प्लासियो के अंदर टॉनिक बार रात करीब 2 बजे तक संचालित होता है, और सप्ताह भर में एक बार बवाल होता रहता है।

## नाले में शव मिलने के मामले में मृतक मजदूर के भाई ने अज्ञात पर दर्ज कराया हत्या का मुकदमा

**नगराम।** नगराम के छतौनी निवासी मजदूर का शव शुक्रवार सुबह घर से डेढ़ किमी दूर सलेमपुर गांव के पास नाले में पड़ा पाये जाने के मामले में मृतक के भाई द्वारा रविवार को नगराम थाने पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एस ओ नगराम के अनुसार शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पानी में डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई है। थानाध्यक्ष नगराम विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि छतौनी निवासी मजदूर रामफेर 35 बृहस्पतिवार शाम को घर पर खाना खाते समय आये एक फोन के बाद वह थोड़ी देर में आने की बात कहकर घर से निकला था। वापस नहीं लोटने पर परिजन इधर उधर खोज कर रहे थे कि शुक्रवार सुबह उसका शव गांव से दूर नाले में औंधे मुंह पड़ा मिला, मौके पर उसकी चप्पलें व मोबाइल फोन नहीं मिला था। पास ही देशी शराब के खाली पौवा व फाइबर के खिलाफ पड़े थे। मृतक के चाचा नागेश्वर की सूचना पर इस्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम को भेजा गया था। जिसमें डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई थी। रविवार को मृतक के भाई सुभाष द्वारा अज्ञात लोगों पर रामफेर की हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई उसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## पुजारी ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के कसमंडी चौकी के अंतर्गत रविवार को सुबह दिन में एक युवक का शव बाग में पेड़ से लटकता मिलो सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दियो और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दीं मिली जानकारी के अनुसार मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मीठे नगर गांव में मृतक रामविलास रावत उम्र लगभग ( 30 ) वर्ष, गांव में बने ,( काली देवी, ) व ,( भुइयां देवी मंदिर )पर , पूजा पाठ करता था और उन्हीं की भक्ति में लीन रहता था बचपन में ही उसकी( मां )का ( पिता )से फैसला हो गया था और( पिता गुरु प्रसाद ) ने दूसरी शादी कर ली थी जिनमें चार लड़के, आशीष कुमार, मनीष कुमार, आकाश, विकास, हैं जो लखनऊ में ही मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहे हैं इसलिए व अकेले बाप से अलग मंदिर में ही रहता था ग्रामीणों ने बताया कि गांजे का आदी था शाम को खाना पीना खाने के बाद पूजा पाठ करने के उपरांत वह कहीं चला गया था, आज सुबह जब देखा गया कि गांव के बाहर करीब 600 मीटर की दूरी पर कस्तूरियन बाग में पेड़ में फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली सुबह जब ग्रामीणों ने देखा तो 112 डायल किया और परिवार वालों को सूचना दी मौके पर पहुंची कसमंडी चौकी पुलिस ने शव को उतारा पिता ने तहरीर देकर पीएम की मांग की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मकान मे लगी आग, मचा हड़कंप

लखनऊ । सरोजनीनगर इलाके मे एक मकान मे इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्जिंग करने के दौरान अचानक आग लग गई। आग लगने से पिता और पुत्र धुंवे और आग की लैपटॉ के बीच फंस गए। थाना सरोजनी नगर के एल डी ए कालोनी सेक्टर एफ विस्तार निवासी अमित सक्सेना के मकान मे उस समय अचानक आग लग गई जाव एक इलेक्ट्रिक स्कूटी को चार्ज कर रहे थे। यह घटना समय रात करीब 1,45 बजे घटित हुई। आग लगने के दौरान मकान मे ऋचा प्रभा कर श्रीवास्तव और उनका बेटा अभिनव धुंवे और आग की लपटो के बीच फंस गए। अमित किसी तरह मकान से बाहर निकले और फायर कण्ट्रोल रूम को घटना की सुचना दी। घटना की सुचना मिलते ही फायर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के अलावा स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। सरोजनी नगर एफ एस ओ सुमित प्रताप के नेतृत मे फायर मैन सुरेन्द्र यादव और सुधीर यादव ने सीढी के सहारे मकान मे अंदर घुसे। फायर टीम ने महिला और बच्चे को सुरक्षित बाहर निकला। फायर विभाग की आलमबाग की टीम ने होज लाइन से एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रथम द्दस्टि या जाँच मे सामने आया की इलेक्ट्रिक स्कूटी की चार्जिंग के दौरान शार्ट सर्किट हो गई। जिससे आग लग गई। घटना मे कोई जन हानि नहीं हुई लेकिन स्कूटी समेत घर का काफी सामान जलकर राख हो गया।

## विकास राय बने सहायक पुलिस यातायात, छह थाना प्रभारी बदले

लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट मे रविवार को 6 पुलिस प्रभारी सहित एक सहायक पुलिस आयुक्त को इधर से उधर किया गया। जिसमे विकाय राय को सहायक पुलिस आयुक्त गाजीपुर से सहायक पुलिस आयुक्त यातायात किया गया। राजेश कुमार मौर्या को रिजर्व पुलिस लाइन्स से प्रभारी निरिक्षक गाजीपुर बनाया गया। चितवन कुमार पुलिस लाइन्स से प्रभारी निरिक्षा थाना हसनगंज किया गया। अरुण कुमार त्रिगुणायक अतिरिक्ति निरिक्षक विभुति खण्ड को प्रभारी निरिक्षक रहीमाबाद हुआ है। अंजनी सिंह वाचक पुलिस आयुक्त थाना मदेयगंज हुआ है। आनन्द कुमार दिवेद्वी प्रभारी निरिक्षक रहीमाबाद से दक्षिणी जोन और राजेश सिंह को प्रभारी निरिक्षक मदेयगंज से पश्चिमी जोन किया गया है।

## पूजन सामग्री दुकान को लेकर दो दुकानदारों में विवाद

आलमबाग। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित सरार्फा बाजार स्थित दो पंसारी दुकानदारों में दुकान के बाहर अत्यधिक पूजन सामग्री रखे जाने को लेकर आपस में शनिवार रात्रि करीब 11 बजे विवाद हो गया और झड़प होने लगी इसी बीच एक पक्ष की ओर से किसी ने फायरिंग कर दी। वहीं सरेराह हुई फायरिंग की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया ।सूचना पर पहुंची स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस मौके से कई लोगों को पकड़ थाने ले गई जहां मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित राम नगर आलमबाग नटखेड़ा मोड के पास पवन पुत्र अशोक कुमार की पंसारी की दुकान है और दुकान के पीछे ही निवास है उन्हीं के बगल में ही बुजुर्ग व्यापारी श्रवण पुत्र स्व खुशीराम की भी पंसारी की दुकान है जिसे उनका भांजा सीतापुर निवासी टिंकू संभालता है दोनों दुकानदारों अपनी दुकान के बाहर भी नवरात्र पूजन सामग्री लगा रखा है। शनिवार रात दुकान के बाहर अत्यधिक जगह को लेकर दोनों दुकानदारों का आपस में विवाद हो गया और हाथापाई होने लगी इसी बीच टिंकू की ओर से किसी ने फायर कर दिया जिससे सरेराह बाजार में हड़कंप मच गया और भीड़ ने पुलिस को सूचना दी ।फायरिंग की सूचना मौके पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने दोनों पक्षों से कई लोगों को पकड़ थाने ले आई। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि जगह को लेकर दो दुकानदारों में विवाद हुआ है एक पक्ष की ओर से एक राउंड फायरिंग की गई है। फायरिंग करने वाले की तलाश की जा रही है ।एसीपी कृष्णा नगर विकास पाण्डेय के अनुसार एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है दूसरे पक्ष के दुकानदार के खिलाफ जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## प्रधानमंत्री, गृहमंत्री के खिलाफ बयानबाजी में लोक गायिका नेहा राठौर को नहीं मिली राहत

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कष्मीर के पहलगाम में 26 पर्यटकों का धर्म पूंछकर उनकी हत्या करने के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , गृह मंत्री अमित षाह और भाजपा के खिलाफ सोसल मीडिया पर कथित अनर्गल व धार्मिक और देष विरोधी बयानबाजी करने वाली लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को राहत देने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने उनके खिलाफ इस मामले में दर्ज प्राथमिकी व विवेचना खारिज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है और साथ ही उनको आदेष दिया है कि वह विवेचना में पुलिस का सहयोग करें और इसके लिए वह 26 सितम्बर को विवेचक के सामने पूंछताछ के लिए हाजिर हों। यह आदेष जस्टिस राजेष सिंह चैहान व जस्टिस एस क्यू एच रिजवी की पीठ ने गत 19 सितम्बर को नेहा की याचिका पर पारित किया है। अपने आदेष में कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी का सब नागरिकों को हक है किन्तु संविधान इस पर युक्तियुक्त प्रतिबंध भी लगाने की बात भी कहता है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में दर्ज प्राथमिकी और विवेचना के दौरान अब तक आये सबूतों से साफ है कि इस केस में याची नेहा द्वारा प्रथम द्दश्टया अपराध कारित करना पाया जाता है अतः प्राथमिकी रद नहीं की जा सकती है। याचिका में नेहा के खिलाफ गत 27 अप्रैल 2025 को लखनऊ के हजरतगंज थाने पर दर्ज प्राथमिकी को रद करने की मांग की गयी थी तथा ही यह भी मांग की गयी थी कि इस मामले में पुलिस उसे गिरफतार न करे । नेहा की ओर से तर्क था कि उनकी अभिव्यक्ति की आजादी को दबाने के लिए प्राथमिकी दर्ज की गयी है । याचिका का सरकारी अधिवक्ता डा0 वी के सिंह ने जोरदार विरोध करके कहा कि इस मामले में याची ने संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत संविधान में प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी का दायरे का उल्लंघन किया है और उन्होंने न केवल प्रधानमंत्री , गृहमंत्री और भाजपा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पड़ी की है अपितु उन्होंने उस समय देष विरोधी बयानबाजी की जब पाकिस्तान के साथ तनाव चरम पर था । कहा गया कि नेहा के बयानों ने पाकिस्तान मे सोसल मीडिया पर काफी प्रषंसा बटोरी थी। कहा गया कि बिहार चुनावों को लेकर भी नेहा की बयान बाजी अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा के बाहर थी। सिंह ने कहा कि विवेचना के दौरान नेहा के खिलाफ काफी सबूत मिले हैं और विवेचना नियमानुसार चल रही है जिसमें कोर्ट को दखल देने की आवष्यकता नहीं है ।

## घर के बाहर सो रहे लोगों पर सियार ने किया हमला

लखनऊ। बंथरा इलाके के एक गांव में शुक्रवार रात एक सियार ने घरों के बाहर सो रहे कुछ लोगों के ऊपर हमला कर दिया। हमले में कुछ लोग घायल हो गए ।जिनका शनिवार को इलाज कराया, फिर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस व फॉरेस्ट विभाग के अधिकारियों ने पहुंच कर जांच पड़ताल की है। क्षेत्र के नरेरा गांव में शुक्रवार रात सियार ने घरों के बाहर सो रहे लोगों पर हमला किया। हमले में चार लोग घायल हो गए।, जिनमें एक अधेड़ महिला भी शामिल है। गाँव के शिव दर्शन ( 55 ) अपने घर के बाहर सो रहे थे। तभी सियार ने उनके हाथ में काट लिया। उनकी चीख सुनकर आसपास के लोग जाग गए। सियार ने पड़ोस में सो रही रामखेलावन की पत्नी ननकई ( 56 ) को भी काट लिया। इसके बाद सियार ने जगन्नाथ शर्मा ( 36 ) और अखिलेश यादव ( 32 ) को भी काटा। शिवदर्शन की बाहर बंधी गाय की बछिया को भी सियार ने घायल किया। तभी इसी दौरान स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना सरोजिनी नगर वन विभाग अधिकारियों को दी ।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वन दरोगा राजेश सिंह, रंजीत कुमार बीट प्रभारी, प्रीति त्रिपाठी ने सभी का हाल-चाल जाना और प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां सभी की हालत ठीक बताई जा रही है।

# आज घर-घर पधारेंगी मां दुर्गा, भक्त करेंगे माता की आराधना





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मां दुर्गा की आराधना व पूजन का पावन पर्व शारदीय नवरात्र का प्रारंभ 22 सितंबर से होने जा रहा है। इस बार नवरात्र में माता रानी हाथी पर सवार होकर आ रही हैं। मां दुर्गा का आगमन और प्रस्थान सप्ताह के दिन के अनुसार होता है। इस बार नवरात्र का प्रारंभ 22 सितंबर यानि सोमवार से हो रहा है। यदि नवरात्र की प्रतिपदा सोमवार या रविवार को हो तो मां दुर्गा गज ( हाथी ) पर आरूढ़ होती हैं। हाथी पर सवार होकर आना शुभ लक्षण का प्रतीक है। पूरे साल सुख-समृद्धि व सौभाग्य का संचार होगा। आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरूआत 22 सितंबर को देर रात 1.23 मिनट पर हो रही है। जो 23 सितंबर को रात 2.55 बजे समाप्त होगी। ऐसे में 22 सितंबर से नवरात्र शुरू होगा व कलश स्थापना की जाएगी। कलश स्थापना सुबह 6.09 से 8.06 बजे तक किया जा सकता है। अगर दोपहर में घट स्थापना कर रहे हैं तो अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11.49 से 12.38 बजे तक व्याप्त रहेगा। यह समय स्थापना के लिए उपयुक्त माना जाता है। नवरात्र तिथि में चतुर्थी तिथि बढ़ रही है। श्राद्ध पक्ष में एक तिथि का क्षय और नवरात्र में एक तिथि की वृद्धि हो रही है। इसलिए नवरात्र पूरे दस दिनों का होगा। दो अक्तूबर को व्रत पारण व विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। शारदीय नवरात्र इस वर्ष 22 सितंबर 2025, सोमवार से शुरू होगी और 2 अक्टूबर 2025, गुरुवार को विजयदशमी के दिन समाप्त होगी। आमतौर पर नवरात्रि 9 दिनों की होती है, लेकिन इस बार पंचांग के अनुसार त्रितीया तिथि के बढ़ने के कारण नवरात्रि 10 दिन की है।

**ब्रह्म, शुक्ल और महालक्ष्मी राजयोग में शुरू हो रहा नवरात्र :** आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरूआत 22 सितंबर से शुरू हो रही है। एक अक्तूबर को महानवमी को नवरात्र की समाप्ति होगी। शारदीय नवरात्र में मां के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक इस बार ब्रह्म, शुक्ल योग और महालक्ष्मी राजयोग में नवरात्र की शुरूआत होगी। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि इस बार नवरात्र 10 दिन के होंगे। शारदीय नवरात्र में इस साल कई शुभ संयोग बन रहे हैं। मां दुर्गा के हाथी पर आगमन से पूरे देश में समृद्धि बढ़ेगी। गुरु और चंद्रमा एक दूसरे से केंद्र भाव में होंगे। गुरु मिथुन राशि में और चंद्रमा कन्या राशि में गोचर करेंगे, जिससे गजकेसरी राजयोग का निर्माण होगा। चंद्रमा बुध और सूर्य की युति कन्या राशि में बुधादित्य राजयोग, भद्र राजयोग का निर्माण हो रहा है। नवरात्र के पहले दिन ब्रह्म योग, शुक्ल योग और महालक्ष्मी राजयोग का निर्माण हो रहा है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि तृतीया तिथि दो दिन होने से 24 व 25 सितंबर को मां चंद्रघंटा की पूजा की जाएगी। सोमवार के दिन नवरात्र की प्रतिपदा तिथि पड़ने से मां की सवारी हाथी होगी। हाथी को सुख, समृद्धि और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में मां दुर्गा पृथ्वी लोक के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आएंगी। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि 22 सितंबर दिन सोमवार को शारदीय नवरात्र पर घट स्थापना एवं देवी पूजा प्रातः काल की जाती है। प्रातः काल सूर्योदय के समय द्विस्वभाव लग्न कन्या रहेगी, जो कि घट स्थापना व दुर्गा पूजन के लिए श्रेष्ठ मानी जाती है। मध्याह्न में अभिजित मुहूर्त में भी घटस्थापना किए जाने का विधान है।

**देवी मां की आराधना को मंदिर सजकर तैयार:** श्रद्धा, भक्ति और आस्था का पर्व शारदीय नवरात्र सोमवार से शुरू हो रहा है। नौ दिन तक चलने वाले इस धार्मिक उत्सव को लेकर देवी मंदिरों की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। रंगीन लाइटों, फूलों से मंदिर सज चुके हैं। पहले दिन सोमवार को मंदिरों में तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। इसे देखते हुए शहर के प्रमुख मंदिर के प्रबंधन, स्थानीय पुलिस ने पुख्ता सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। मंदिरों में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग लाइन रहेगी। वहीं, मंदिरों के बाहर फल, फूल की दुकानें भी लग गई हैं। घरों में भी लोगों ने कलश स्थापना व विधि विधान से पूजन की तैयारियां कर ली हैं। शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना की जाएगी। शहर के प्रमुख मंदिरों में चौक बड़ी और छोटी काली जी मंदिर, शास्त्री नगर श्री दुर्गा जी मंदिर, संदोहन मंदिर, संकटादेवी मंदिर, मां पूर्वी देवी बाघम्बरी देवी मंदिर, घसियारी मंडी स्थित कालीबाड़ी, हुसैनगंज छितवापुर के भुईयन देवी मंदिर, मेहंदीगंज मां शीलता देवी मंदिर, बीकेटी के मां चंद्रिका देवी मंदिर, बीकेटी नंदनवन स्थित 52 शक्तिपीठ, अर्जुनगंज में मरी माता मंदिर, गणेशगंज के संतोषी माता समेत अन्य देवी मंदिरों में रंगरोगन के साथ भव्य तैयारी हो चुकी है।

**इक्यावन शक्तिपीठ में मां की आराधना आज से :** नन्दनवन बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्र महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। आशीष सेवा यज्ञ न्यास के अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि सुबह दस बजे मन्दिर में कलश स्थापना के बाद प्राथम मां शैल पुत्री की आराधना होगी। उन्होंने बताया कि शाम को मां का भवन व शक्तिपीठ नीलाम्बर श्रंगार से सजेगा।

## पहले दिन होगी माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना



**लखनऊ।** मां दुर्गा को सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के वहां पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनका नामकरण हुआ शैलपुत्री। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं। ये ही सती के नाम से भी जानी जाती हैं। उनकी एक मार्मिक कहानी है। एक बार जब प्रजापति ने यज्ञ किया तो इसमें सारे देवताओं को निमंत्रित कियाए भगवान शंकर को नहीं। सती यज्ञ में जाने के लिए विकल हो उठीं। शंकरजी ने कहा कि सारे देवताओं को निमंत्रित किया गया है, उन्हें नहीं। ऐसे में वहां जाना उचित नहीं है। सती का प्रबल आग्रह देखकर शंकरजी ने उन्हें यज्ञ में जाने की अनुमति दे दी। सती जब घर पहुंचीं तो सिर्फ मां ने ही उन्हें स्नेह दिया। बहनों की बातों में व्यंग्य और उपहास के भाव थे। भगवान शंकर के प्रति भी तिरस्कार का भाव है। दक्ष ने भी उनके प्रति अपमानजनक वचन कहे। इससे सती को क्लेश पहुंचा। वे अपने पति का यह अपमान न सह सकीं और योगाग्नि द्वारा अपने को जलाकर भस्म कर लिया। इस दारुण दुःख से व्यथित होकर शंकर भगवान ने उस यज्ञ का विध्वंस करा दिया। यही सती अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्मीं और शैलपुत्री कहलाईं। पार्वती और हेमवती भी इसी देवी के अन्य नाम हैं। शैलपुत्री का विवाह भी भगवान शंकर से हुआ। शैलपुत्री शिवजी की अर्द्धांगिनी बनीं। इनका महत्व और शक्ति अनंत है।

## बाजारों में दिखी रौनक, पूजा सामग्री की हुई खरीदारी





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शारदीय नवरात्र सोमवार से शुरू हो रहे हैं। नौ दिन तक माता रानी की पूजा अर्चना की जाएगी। माता की चौकी सजाने के लिए श्रद्धालु बाजार में खरीदारी कर रहे हैं। लाल चुनरी से बाजार में दुकाने सज उठी हैं। दस रुपये से लेकर एक हजार रुपये की कीमत में सितारों से जड़ी चुनरी उपलब्ध है। 22 सितंबर से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं। नौ दिन तक धार्मिक अनुष्ठान की धूम रहेगी। मां भगवती की आराधना की जाएगी। इसके चलते मंदिरों की साफसफाई से लेकर भव्य रूप से सजावट की जा रही है। वहीं बाजार नवरात्र की खरीदारी के लिए तैयार हो गया है। माता की लाल चुनरी से लेकर पूजा की विभिन्न सामग्री उपलब्ध है। लोग माता की चौकी सजाने के लिए खरीदारी कर रहे हैं। पूजा की विभिन्न सामग्री पैकेट में उपलब्ध है। इसके अलावा व्रत में खाए जाने वाले खाद्य पदार्थ की खरीदारी शुरू हो गई है। बाजार में चहल-पहल देखी जा रही है। शारदीय नवरात्र की रौनक घरों में ही नहीं, बल्कि मंदिरों और बाजार में भी देखी जा सकती है। नवरात्र की पूजा व व्रत विधि.विधान से करने पर मां दुर्गा प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। कलश स्थापना इसी दिन सुबह की जाएगी। नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। बाजारों में खरीददारी करने के लिए महिलाएं जा रही है। कुछ भक्तों ने पितृपक्ष खत्म होने और प्रतिपद्रा लगने के बाद पूजा की खरीददारी शुरू करेगें। आलमबाग, अमीनाबाद, निशांतगंज, चौक, इंदिरानगर एवं गली महौल्लों में पूजा की दुकानों पर खरीदारी हो रही है। दुकानों पर दुर्गा मां की मूर्ति से लेकर माला चुनरी मिल रही है। वहीं कई दुकानों पर सारी पूजा सामाग्री के बने बनाए पैकट मिल रहे हैं। वहीं कुछ भक्तों ने सोमवार को ही घरों में कलश स्थापना और मां के दरबार को सजाने के लिए चुनरी के साथ ही नारियल व पूजन सामग्री खरीदी। लोग पूजा के लिए प्रयोग में लाने वाली इलायची, कपूर, कलावा से लेकर हर छोटी से छोटी सामाग्री लिस्ट बनाकर खरीदतें नज़र आएं।

**माता रानी की शृंगार सामग्री से सजे बाजार:** अमीनाबाद के महावीर दुकान के मालिक महावीर ने बताया कि सोमवार से नवरात्र के आयोजन शुरू हो रहे हैं, इसके चलते आज काफी भीड़ है। सनातन धर्म के अनुयायी बहुत ही उत्साह के साथ यह पर्व मनाते हैं। ऐसे में बाजार पूरी तरह से माता रानी की शृंगार सामग्री से गुलजार है। मां की प्रतिमाएं, शृंगार व पूजा से संबंधित सभी समान खूब बिक रहे हैं, साथ ही मां के शृंगार के लिए बिछिया, चूड़ी, बिंदी, मेहंदी, महावर, चुनरी, नए वस्त्र और आभूषण हर कोई खरीद रहा है। बातचीत के दौरान महिलाओं ने कहा कि नवरात्र पावन पर्व है। नवरात्र के नौ दिन अलग-अलग स्वरूपों में मां नौ दुर्गा का दिन होता है. मां के लिए चुनरी, बिछिया, मेहंदी, साज सिंगार का सामान, नए वस्त्र व आभूषण इत्यादि खरीद लिया है।

**फलाहारी में 20 से 25 फीसदी की बढोत्तरी:** दुर्गा मंदिरों में सफाई जारी नवरात्र को लेकर शहर में जहां देवी मंदिरों की सफाई व साज-सज्जा चल रही है। वहीं, पूजा सामग्री की दुकानों से खरीदारी शुरू हो गई है। कलश स्थापना कर नौ दिन तक विशेष पूजा अनुष्ठान करने वालों के लिए पूजा व व्रत की सामग्री भी दुकानदारों ने सजा दी है। वहीं व्रत के दौरान खाने पीने की सामग्री कूटृ के आटे, मखाने, मूंगफली के दानों आदि की बिक्री भी बाजार में जोर शोर से शुरू हो गई है। फलाहारी में 20 से 25 फीसदी की बढोत्तरी नवरात्रि पर भी महंगाई का असर पड़ा है। स्थिति ये है कि इस बार व्रत रखने वालों का खर्च भी कुछ ज्यादा होगा। त्योहार पर फलों के रेट आसमान छू रहे हैं। किराने का फलाहार सामान भी बीते नवरात्र के मुकाबले 20 से 25 फीसदी का इजाफा हो गया है। जो नारियल पिछले साल 170 रुपये का मिलता था, वो अब 200 रुपये में मिल रहा है। यही हाल कुट्टू का आटा, सिंघाड़ा आटा का भी है। यही नहीं साबुदाना से लेकर लौंग, छुआरा, मखाना से लेकर किशमिश सभी में आग लगी हुई है। यही हाल पूजन सामग्री का भी है। माता की चुनरी, हवन सामग्री, सुपारी, तिल का तेल सबकी कीमतें आसमान छूट रही हैं।





# पितृपक्ष समाप्त, अमावस्या पर तर्पण के साथ पितर विदा






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुबह से ही घरों और घाटों पर तर्पण-विसर्जन के साथ ही रविवार को पितर विदा हुए। घरों में जजमानों ने पितरों का श्राद्ध किया और नदियों के किनारे पितरों का विसर्जन किया। सुबह से दोपहर तक शनि मंदिर घाट, झूलेलाल घाट, कुड़ियाघाट, महाराज अग्रसेन घाट समेत डालीगंज में नदियों के किनारे लोगों ने पितरों का विसर्जन किया। इसी के साथ पिछले 15 दिनों से चल रहा पितृपक्ष समाप्त हुआ। पितरों के विदा होते ही शाम से शारदीय नवरात्र की तैयारियां शुरू की। सुबह घरों में लोगों ने तर्पण और विसर्जन के बाद पितरों को पिंड दान-पूजन कर उनसे क्षमायाचना की।

**शहीद पितरों को तर्पण के साथ दी श्रद्धांजलि:** स्वाधीनता संग्राम, विभाजन विभीषिका, एवं राष्ट्ररक्षा में बलिदान हुए ज्ञात - अज्ञात असंख्य क्रान्तिवीरों को गोमती तट स्थित शहीद स्मारक पर सामूहिक तर्पण -श्रद्धार्पण कर शहीद पितृ श्रद्धा नमन अनुष्ठान के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन सुमंगलम सेवा साधना संस्थान के राष्ट्रभक्ति जागृति अभियान के तहत कर्तव्या फाउण्डेशन, विश्व पुरोहित परिषद्, लक्ष्य भारत फाउंडेशन, हमराह एक्स एनसीसी कैडेट सेवा संस्थान, लोक संस्कृति शोध संस्थान, अक्षय वट, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जयति भारत परिवार, बिम्ब सांस्कृतिक समिति एवं शहीद स्मृति समारोह समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयमसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष जी ने कहा कि शहीद पितृ श्रद्धा नमन देश भक्ति जागृति का आधार है। बलिदानी वीर वे महान आत्माएं हैं जिन्होंने अपने व्यक्तिगत जीवन, परिवार और सुखों को छोड़कर राष्ट्र की रक्षा, स्वतंत्रता और गौरव के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे बलिदानी वीरों का तर्पण करना, उनके प्रति हमारी कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। हमें काकोरी कांड और चौरी चौरा कांड के स्थान पर काकोरी क्रान्ति और चौरी-चौरा क्रांति शब्द अपने व्यवहार में लाना होगा। स्व का भाव, सामाजिक समरसता, कुटुंब संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक अनुसाशन के पञ्च परिवर्तन से ही देश में परिवर्तन आएगा और क्रांतिवीरों के स्वप्नों के संकल्पना का भारत साकार होगा।

# पितृ अमावस्या पर हुआ विशाल भंडारा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल की अगुआई में रविवार 21 सितम्बर को पितृ अमावस्या के अवसर पर लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास शिव शक्ति शनि देव मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें देसी घी का हलवा, पूड़ी आलू चना सब्जी, फलाहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री परमानंद हरि हर मंदिर की संस्थापिका सपना गोयल की अगुआई में स्वदेशी अपनाने का संकल्प भी करवाया। उनके अनुसार अब तक 25 हजार से अधिक सुंदरकांड महाअभियान की मातृशक्तियां, विदेशी सामग्रियों के विरोध में शंखनाद कर चुकी हैं। स्वदेशी जनजागृति हेतु पम्पलेट वितरित किए जा रहे हैं और स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलवायी जा रही है। सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल के अनुसार पितृ अमावस्या का धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत महत्व है। यह दिन विशेष रूप से पितरों की तृप्ति, आशीर्वाद और मोक्ष देने वाला होता है। इस दिन भोजन, जल और दान से पितरों की आत्मा तृप्त होती है और वे प्रसन्न होकर वंशजों को आशीर्वाद देते हैं। अन्नदान को सर्वोच्च दान माना गया है। यह आयोजन परिवार और समाज में प्रेम, सहयोग और सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने यह संदेश भी दिया कि मंगलवार और शनिवार के साथ साथ अमावस्या पर सुंदरकांड के पाठ से भक्त का जीवन सुंदर बन जाता है। हनुमान महाराज के माध्यम से पितरों को शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। वास्तव में श्रद्धापूर्वक किया गया सुंदरकांड पाठ न केवल पितरों को प्रसन्न करता है बल्कि संपूर्ण परिवार को सुख-समृद्धि प्रदान करता है।

## रितु युवा शोधकर्ता और स्कंद को उत्कृष्ट संगीत अवार्ड




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय बीएसवी में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का समापन रविवार को हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने सभी शोधार्थियों को प्रमाण पत्र दिए। उत्कृष्ट शोध पत्रों करे विशेष सम्मान दिया गया। नाद नर्तन की ओर से यंगेस्ट रिसर्चर अवॉर्ड रितु एन राज और आउटस्टैंडिंग म्यूजिक हिस्ट्री पेपर अवॉर्ड डॉ. स्कंद मंजुल और डॉ. चित्र शंकर को दिया गया। इसके अलावा नाद नर्तन एक्सीलेंट रिसर्च पेपर अवॉर्ड 2024 से चांदनी सक्सेना, मोनिका सोईबम चानू, डॉ. हीना फातिमा, प्रियंका दीक्षित, विशाल लौट, अंजलि गिरधर, गंगा प्रिय, शोभिता देवी, जे. सी.आर कुमारा और डॉ. राकेश सिंह को नवाजा गया। कार्यक्रम के बाद चौथा नाद नर्तन फेस्टिवल ऑफ डांस एंड म्यूजिक का आयोजन किया गया। इसमें भारत के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों को दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दीं। इस आयोजन में भारतीय संगीत और नृत्य के क्षेत्र में कलाकारों और शोधार्थियों को अपनी प्रतिभा और अनुसंधन प्रदर्शित करने का मौका मिला।

# मालिनी अवस्थी ने बिखेरा लोकगीतों का जादू, दर्शक झूमे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** चौथे गोमती पुस्तक महोत्सव के दूसरे दिन लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में अवध की मौलिक आत्मा जीवंत हो उठी, जब अवधी कहावतों , कथाओं, लोकोक्तियों और लोकगीतों ने समां बांध दिया। 100 सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में पुस्तकालय स्थापित कर बच्चों में प्रारंभिक पठन-पाठन की आदत विकसित करने वाली इस परियोजना की औपचारिक घोषणा गोमती बुक फेस्टिवल में हुई। इस अवसर पर लखनऊ की नौ आंगनवाड़ी कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। दिन की शुरूआत बच्चों के लिए खास सत्रों से हुई। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास भारत के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल साहित्य केंद्र द्वारा आयोजित अनोखे राउंड द रिडल में लखनऊ के सैकड़ों बच्चे एक विशाल कागज पर बैठकर पहेलियों के चित्र बनाते हुए खिलखिलाकर हंसे। बीच-बीच में वे संगीत की धुन पर थिरके और पारंपरिक म्यूज़िकल चेयर्स का खेल एक रचनात्मक उत्सव में बदल गया। कहानीकार रंजीता सचदेवा ने छात्रों को बुंदेलखंड की यात्रा कराई। उन्होंने लोकप्रिय भजन ये चमक ये दमक से सत्र की शुरूआत की, जिससे बच्चों को बुंदेलखंडी भाषा और संस्कृति से परिचय मिला। बाद में बच्चों ने ह्यनदियां बचाएं, गोमती की धारा सजाएं विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और रंग-बिरंगी कलाकृतियों के जरिए नदियों को प्रदूषण से बचाने की भावपूर्ण अपील की। 28 सितम्बर तक बाल मंडप में ओरिगामी, कठपुतली कथा-कहन, नाट्य कार्यशालाएं, वैदिक गणित, माइंडफुलनेस सत्र और अनेक रोचक गतिविधियां आयोजित होंगी।

**गोमती पुस्तक महोत्सव में अवधी का जलवा:** लेखक गंज में दिन की शुरूआत ऑडियो कथाएंः प्राचीन किस्सागोई का नवीन माध्यम विषय पर आयोजित सत्र से हुई। इसमें रामअवतार बैरवा (सहायक निदेशक, आकाशवाणी दिल्ली), विजय कृपलानी ( कंटेंट हेड, रेडियो फीवर, लखनऊ) और प्रख्यात कहानीकार सबाहत आफरीन ने भाग लिया। इसमें ऑडियो कहानियों की शुरूआत, कोविड-19 काल में श्रोताओं की बढ़ोतरी, चुनौतियों और बदलते सामाजिक परिदृश्य में इनके महत्व पर चर्चा हुई। दूसरे सत्र में लखनऊ की आत्मा मानी जाने वाली भाषा और भावभूमि अवधी को समर्पित रही। अवधी की बात शीर्षक सत्र में पद्मश्री डॉ. विद्या विंदु सिंह, डॉ. सूर्यप्रसाद दीक्षित और डॉ. राम बहादुर मिश्र शामिल हुए। संयोजन डॉ. राकेश पांडेय ने किया। गौरतलब है कि सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन की शुरूआत अवधी में की, जिसे श्रोताओं की तालियों ने सराहा। इस चर्चा में अवधी बोलने वालों का इतिहास, भाषा का भूगोल, लोकगीत, क्रांतिकारी आंदोलनों में इसकी भूमिका, सामने आ रही चुनौतियां और वैश्विक परिदृश्य में संभावनाओं पर गहन विमर्श हुआ।

**मालिनी अवस्थी का मनमोहक प्रदर्शन:** शाम को भारत की लोकगीतों की रानी पद्मश्री मालिनी अवस्थी और उनके समूह ने सुरों से वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया। ठुमरी, कजरी, चैती और भजनों की गायिका तथा सोनचिरैया संस्था की संस्थापक मालिनी अवस्थी ने लोक और आदिवासी कला के संरक्षण व प्रसार में अमूल्य योगदान दिया है। लखनऊ विश्वविद्यालय की स्वर्ण पदक विजेता पूर्व छात्रा के रूप में उनका नाम लोक संगीत और अवध की संस्कृति को मुख्यधारा में लाने के लिए विशेष रूप से याद किया जाता है। हाल ही में प्रकाशित उनकी पहली पुस्तक चंदन किवाड़ ने पाठकों के बीच उत्साह जगाया है। इस अवसर पर एनबीटी इंडिया के ट्रस्टी सुशील चंद्र त्रिवेदी ने मालिनी अवस्थी को सम्मानित किया। उनकी मधुर आवाज ने अवध की आत्मा को स्वर दिए और हर धुन ने लखनऊ की लोक परंपराओं की जीवंत झलक पेश की।

**पुस्तकप्रेमियों का मेला:** 225 से अधिक प्रकाशक, 200 से ज्यादा पुस्तक स्टॉलों पर विभिन्न भारतीय भाषाओं की किताबें प्रस्तुत कर रहे हैं। पहले दिन हजारों लोग गोमती पुस्तक महोत्सव पहुंचे। आगंतुक यहां राष्ट्रीय ई पुस्तकालय का अनुभव भी ले रहे हैं, जिसमें विभिन्न विधाओं और भारतीय भाषाओं की 3,000 से अधिक ई-पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध हैं। 28 सितम्बर तक चलने वाले इस महोत्सव में रोजाना सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक (निःशुल्क प्रवेश) कार्यशालाएं, लेखकों से संवाद, बाल गतिविधियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।

# उधना और मुंबई के लिए चलेंगी पूजा विशेष ट्रेनें, यात्रियों को मिलेगी राहत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी दशहरा, दीपावली एवं छठ त्यौहारों पर यात्री जनता की मांग पर 09041/09042 उधना-बलिया-उधना साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी का संचलन उधना से 25 सितम्बर से 09 अक्टूबर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को तथा बलिया से 26 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक प्रत्येक शुक्रवार को 03 फेरों के लिये किया जायेगा।

फलस्वरूप 09041 उधना-बलिया साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 25 सितम्बर से 09 अक्टूबर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को उधना से 06.40 बजे प्रस्थान कर सूरत से 07.05 बजे, भरूच से 07.47 बजे विश्वामित्री जं0 से 08.35 बजे, वडोदरा से 09.00, गोधरा से 11.10 बजे, दाहोद से 12.14 बजे, रतलाम से 13.45 बजे, नागदा से 14.40 बजे, उज्जैन से 16.05 बजे, सुजालपुर से 18.00 बजे, संत हिरदाराम से 19.15 बजे, बिदिशा से 20.35 बजे, गंजबसोदा से 21.05 बज, बीना से 22.10 बजे, दूसरे दिन ललितपुर से 00.10 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं0 झांसी से 02.15 बजे, उरई से 03.42 बजे, गोविन्दपुरी से 06.55 बजे, फतेहपुर से 08.00 बजे, प्रयागराज जं. से 10.20 बजे, मिजार्पुर से 11.50 बजे, चुनार से 12.20 बजे, वाराणसी से 14.45 बजे, जौनपुर से 16.45 बजे, औड़िहार से 17.47 बजे तथा गाजीपुर सिटी से 18.47 बजे छूटकर बलिया से 2015 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 09042 बलिया-उधना साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 26 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक प्रत्येक शुक्रवार को बलिया से 23.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गाजीपुर सिटी से 00.15 बजे, औड़िहार से 01.07 बजे, जौनपुर से 03.25 बजे, वाराणसी से 05.20 बजे, चुनार से 08.17 बजे, मिजार्पुर से 09.02 बजे, प्रयागराज जं. से 11.20 बजे, फतेहपुर से 13.20 बजे,गोविन्दपुरी से 14.55 बजे, उरई से 16.50 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं0 झांसी से 18.25 बजे, ललितपुर से 19.40 बजे, बीना से 22.30 बजे, गंजबसोदा से 23.03 बजे, विदिशा से 23.32 बजे, तीसरे दिन संत हरदाराम से 00.50 बजे, सुजालपुर से 01.29 बजे, उज्जैन से 03.50 बजे, नागदा से 04.42 बजे, रतलाम से 05.30 बजे, दाहोद से 07.03 बजे, गोधरा से 08.32 बजे, विश्वामित्री से 10.07 बजे, भरूच से 11.15 बजे तथा सूरत से 12.20 बजे छूटकर उधना 12.45 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का 14, जनरेटर सह लगेज यान का 01 तथा एलएसएलआरडी के 01 कोचों सहित कुल 16 आधुनिक एलएचबी कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 09061/09062 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी का संचलन बांद्रा टर्मिनस से 22 सितम्बर से 06 अक्टूबर तक प्रत्येक सोमवार को तथा बरौनी से 25 सितम्बर से 09 अक्टूबर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को 03 फेरों के लिये किया जायेगा।

09061 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 22 सितम्बर से 06 अक्टूबर तक प्रत्येक सोमवार को बांद्रा टर्मिनस से 21.20 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 21.50 बजे, पालघर से 22.35 बजे, वापी से 23.36 बजे, वलसाड से 23.56 बजे दूसरे दिन सूरत से 01.41 बजे, वडोदरा से 03.12 बजे, रतलाम से 06.50 बजे, रामगंज मंडी से 10.10 बजे, कोटा से 11.15 बजे, गंगापुर सिटी से 13.30 बजे, भरतपुर से 17.05 बजे, मथुरा से 20.05 बजे, कासगंज से 22.00 बजे, फरूर्खाबाद से 23.35 बजे तीसरे दिन कानपुर सेन्ट्रल से 03.20 बजे, लखनऊ से 04.30 बजे, सुल्तानपुर से 06.35 बजे, जौनपुर सिटी से 07.40 बजे, वाराणसी से 10.10 बजे, पं0 दीनदयाल उपाध्याय जं. से 11.30 बजे, बक्सर से 12.42 बजे, आरा से 13.40 बजे, दानापुर से 14.12 बजे, पाटलीपुत्र से 15.10 बजे, सोनपुर से 15.40 बजे, हाजीपुर से 15.55 बजे तथा शाहपुर पटोरी से 16.52 बजे छूटकर बरौनी 19.15 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 09062 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 25 सितम्बर से 09 अक्टूबर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को बरौनी से 12.15 बजे प्रस्थान कर शाहपुर पटोरी से 12.52 बजे, हाजीपुर से 14.50 बजे, सोनपुर से 15.02 बजे, पाटलिपुत्र से 15.50 बजे, दानापुर से 16.30 बजे, आरा से 17.04 बजे, बक्सर से 17.46 बजे, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. से 19.55 बजे, वाराणसी से 20.35 बजे, जौनपुर सिटी से 22.25 बजे, सुल्तानपुर से 23.35 बजे, दूसरे दिन लखनऊ से 01.10 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 02.25 बजे, फरूर्खाबाद से 05.40 बजे, कासगंज से 07.20 बजे, मथुरा से 09.35 बजे, भरतपुर से 11.10 बजे, गंगापुर सिटी से 12.30 बजे, कोटा से 15.00 बजे, रामगंज मंडी से 15.55 बजे, रतलाम से 19.35 बजे, वडोदरा से 23.42 बजे, तीसरे दिन सूरत से 02.32 बजे, वलसाड से 03.25 बजे, वापी से 03.46 बजे, पालघर से 05.02 बजे तथा बोरीबली से 05.34 बजे छूटकर बांद्रा टर्मिनस 06.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 13, शयनयान श्रेणी के 03, तथा एसएलआरडी के 02 कोचों सहित 18 कोच लगाये जायेंगे।

## गोण्डा-तुलसीपुरके बीच चलेगी मेला स्पेशल ट्रेन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा नवरात्रि के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड को ध्यान में रखकर 05078/05077 गोण्डा-तुलसीपुर-गोण्डा अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी का संचलन गोण्डा से 22 सितम्बर से 06 अक्टूबर तक प्रतिदिन तथा तुलसीपुर से 23 सितम्बर से 07 अक्टूबर तक प्रतिदिन 15 फेरों के लिये किया जायेगा। फलस्वरूप 05078 गोण्डा-तुलसीपुर अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 22 सितम्बर से 06 अक्टूबर तक प्रतिदिन गोण्डा से 21.50 बजे प्रस्थान कर सुभागपुर से 22.12 बजे, इंटियाथोक से 22.34 बजे, भवानीपुर कलां से 22.43 बजे, बलरामपुर से 22.55 बजे, झारखण्डी से 23.03 बजे, गैंजहवां से 23.19 बजे, कौवापुर से 23.36 बजे तथा लक्ष्मणपुर हॉल्ट से 23.43 बजे छूटकर दूसरे दिन तुलसीपुर 00.15 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 05077 तुलसीपुर-गोण्डा अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 23 सितम्बर से 07 अक्टूबर तक प्रतिदिन तुलसीपुर से 03.10 बजे प्रस्थान कर लक्ष्मणपुर हॉल्ट से 03.20 बजे, कौवापुर से 03.30 बजे, गैंजहवां से 03.41 बजे, झारखण्डी से 03.50 बजे, बलरामपुर से 03.58 बजे, भवानीपुर कलां से 04.08 बजे, इंटियाथोक से 04.21 बजे तथा सुभागपुर से 04.40 बजे छूटकर गोण्डा से 05.00 बजे पहुंचेगी। इस गाडी में द्वितीय श्रेणी के अनारक्षित कोच लगाये जायेंगे।

## ऑन-स्पॉट ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा ी श्रुति गुप्ता की उपस्थिति में आज रेल कर्मियों के बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को निखारने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य हेतु ऐशबाग और बादशाहनगर स्थित मनोरंजन संस्थानों में ऑन-स्पॉट ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 57 बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सचिव श्रीमती स्मृति सचान, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीक्षा चौधरी उपस्थित थी। सभी बच्चों को प्रोत्साहन के लिए आर्ट व ड्राइंग कॉपी, रंग और स्नैक्स वितरित किए गए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए श्रीमति श्रुति गुप्ता ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनकी रचनात्मकता की सराहना की।

## नमो मैराथन में शामिल हुए सिविल डिफेन्स गोमती नगर के वार्डन



**लखनऊ।** नमो मैराथन लखनऊ मे आयोजित हुई चीफ वार्डन सिविल डिफेन्स लखनऊ अमरनाथ मिश्र के आदेशानुसार, सहायक उप नियंत्रक श्री मनोज वर्मा एवं स्टाफ अफसर टू चीफ वार्डन ऋतुराज रस्तोगी एवं डिप्टी चीफ गुरप्रीत सिंह सेठी के दिशा निर्देशन में प्रखण्ड गोमती नगर से सैकड़ो वार्डन डिवीजनल वार्डन नफीस अहमद की अगुवाई में नमो मैराथन में शामिल हुए मैराथन मे प्रखण्ड से निम्न वार्डन शामिल हुए शाजिया, सज्जन, ऐश्वर्य शर्मा, अखिलेश कुमार वर्मा, पुष्कर राज वर्मा, संदीप कुमार, सनी सहानी, जय सिंह, राम खिलावन, के के पाण्डेय, संजय मिश्रा, मोहम्मद आकिब, फैज शब्बीर, सद्दाम, अलीम, रितेश शर्मा, शिव शंकर दुबे, राम सरन, आशीष कुमार, रविंद्र कुमार, सिद्धांत स्वरूप निषाद, अनुज सैनी, रविंद्र उपाध्याय, राम मनोहर यादव, प्रेम कुमार यादव, संजय मिश्रा, आरके पांडे, ए पीके शर्मा, सुमित कुमार, शिवम कश्यप, विकास कश्यप, गजेंद्र सिंह यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, हरिओम यादव, आशीष कुमार गुप्ता, संतोष पांडे, मोहम्मद तौफीक, अंकित यादव, रूपेंद्र यादव, सत्यभान सिंह, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, सुरेश पाल, चंद्रभान यादव, कप्तान सिंह, अशोक कुमार गुप्ता, अजय पाल, महेश चतुवेर्दी रजत चतुवेर्दी, आदि वार्डन नमो मैराथन में शामिल हुए।

## भाषा विवि के रानी लक्ष्मी बाई महिला छात्रावास में चला स्वच्छता अभियान



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मी बाई महिला छात्रावास में शनिवार को एक स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम प्रावोस्ट डॉ. तल्हीर फातिमा के मार्गदर्शन तथा वार्डन डॉ. श्वेता अग्रवाल और डॉ. ममता शुक्ला के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। अभियान के दौरान छात्रावास परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई। छात्राओं ने उत्साह और जिम्मेदारी के साथ भागीदारी कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रावोस्ट डॉ. तल्हीर फातिमा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, स्वच्छ वातावरण केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि अनुशासन और सकारात्मक सोच के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। हमें इसे सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाना चाहिए।

वार्डन डॉ. श्वेता अग्रवाल ने कहा, स्वच्छता कोई एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। यदि हर व्यक्ति छोटे-छोटे प्रयास करे तो बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। वहीं, वार्डन डॉ. ममता शुक्ला ने अपने वक्तव्य में कहा, यह अभियान छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रबल करता है। स्वच्छ भारत की दिशा में यह छोटे-छोटे कदम ही आगे चलकर बड़ा परिणाम देंगे।

### भाषा विवि में एनएसएस इकाई ने किया साफ-सफाई

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-7 के स्वयंसेवकों तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुरुष छात्रावास के छात्रों ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में छात्रों और स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए छात्रावास के अंदर और बाहर साफ-सफाई की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था। स्वच्छता अभियानः छात्रावास परिसर और आसपास की साफ-सफाई की गई। सामाजिक जिम्मेदारीः कार्यक्रम ने छात्रों को समाज के प्रति उत्तरदायित्व का संदेश दिया। देशभक्तिः गतिविधि से सामुदायिक सेवा और राष्ट्रप्रेम की भावना को बल मिला। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीष कुमार, छात्रावास प्रोवोस्ट डॉ. ऊधम सिंह, तथा वार्डन डॉ. कौशलेश कुमार शाह सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक और छात्र उपस्थित रहे।



## बीबीएयू के अशोका छात्रावास में हुई सफाई



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में रविवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अनुभाग द्वारा अशोका छात्रावास में विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रावास परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई कर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। सफाई अभियान में प्रभारी सेनीटेशन डॉ. रवि शंकर वर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी ने सफाई कार्य में सहभागिता की और संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान न होकर जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। प्रत्येक विद्यार्थी को अपने आस-पास स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए जागरूक रहना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर स्वच्छता अनुभाग के कर्मचारियों, अन्य शिक्षकों एवं छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने मिलकर छात्रावास परिसर, गलियारों, कक्षों एवं खुले स्थानों की साफ-सफाई की।

## विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हुए प्रो. (डॉ.) चन्द्र कुमार दीक्षित



**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्र राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय (ऊटठफ्व) ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय एवं इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) चन्द्र कुमार दीक्षित को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी एवं अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। यह गौरवशाली उपलब्धि पूरे विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश और भारत के लिए गर्व का विषय है। प्रो. दीक्षित IYf h-index 27 है। उन्होंने अब तक 200 से अधिक शोध-पत्र, 45 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित की हैं और 30 से अधिक पेटेंट अपने नाम दर्ज कराए हैं। हाल ही में, रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री ने उनके शोध क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें फेलो, रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री की उपाधि से सम्मानित किया है। उनका शोध कार्य हाई प्रेशर कंडेन्स्ड मैटर फिजिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का सहायक तकनीकों के साथ एकीकरण पर केंद्रित है, विशेषकर दिव्यांजन कल्याण के लिए। इस दिशा में उन्होंने डॉ. अंजनी कुमार पांडेय के साथ मिलकर अनेक शोध परियोजनाएँ तैयार की हैं, जिन्हें क्ष्टफनई दिल्ली सहित विभिन्न राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में अनुदान हेतु प्रस्तुत किया गया है। इन उपलब्धियों के पीछे कुलपति आचार्य संजय सिंह का दूरदर्शी नेतृत्व और अनुसंधान को प्रोत्साहन देने वाली सकारात्मक नीति भी एक बड़ा कारण है। यह उपलब्धि दशार्ती है कि डॉ. शकुन्तला मिश्र राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय कुलपति के मार्गदर्शन में शोध और नवाचार के क्षेत्र में निरंतर अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित कर रहा है। प्रो. चन्द्र कुमार दीक्षित ने अपने वक्तव्य में कहा कि विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची में शामिल होना मेरे लिए अत्यंत गर्व और जिम्मेदारी का क्षण है। यह उपलब्धि पूरे DSMNRU परिवार की है। मैं अपने सहयोगी डॉ. अंजनी कुमार पांडेय का विशेष धन्यवाद करता हूँ, जिनके सहयोग से कई महत्वपूर्ण शोध संभव हो पाए। मैं अपने सभी सहकर्मियों, शोधार्थियों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके निरंतर समर्थन और विश्वास ने मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## उत्तर विधानसभा में 10.68 करोड़ और पश्चिम में 18.92 करोड़ु की विकास कार्यों का शिलान्यास

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** क्षामंत्री एवं लखनऊ के लोकप्रिय सांसद की प्रेरणा से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा त्वरित आर्थिक विकास योजना 2024-25 के अंतर्गत लखनऊ विधानसभा में 10.68 करोड़ के 42 कार्य और पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 18.92 करोड रुपए लागत से 74 होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक डॉ नीरज बोरा, पश्चिम विधानसभा उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि उत्तर विधानसभा का शिलान्यास कार्यक्रम जानकीपुरम स्वागत लॉन में और पश्चिम विधानसभा का मां कृपा बैंक्विट हॉल, बुद्धेश्वर रोड पर संपन्न हुआ। शिलान्यास कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, पार्टी पदाधिकारी, पार्षद गण एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताजन सम्मिलित हुए।

नीरज सिंह ने कहा की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी के सतत प्रयासों से लखनऊ आज सांस्कृतिक विरासत के साथ विकास और आधुनिकता की मिसाल बन चुका है। दूर देश में रह रहे लोगों का जब लंबे समय के बाद लखनऊ आना होता है तो लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरते ही लखनऊ का बदला हुआ अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्वरूप उनको गौरवान्वित करता है। एयरपोर्ट के साथ ही गोमती नगर, चारबाग रेलवे स्टेशनों कभी सौंदर्यीकरण हुआ है। हाल ही में लखनऊ मेट्रो के विस्तार के लिए भी 5800 करोड़ स्वीकृत हुए हैं। यातायात को सुलभ करने के लिए रिंग रोड सहित, अनगिनत ओवर ब्रिजों का निर्माण हुआ है। नवाबों के शहर के साथ अब ब्रह्मेस्त्र लखनऊ की पहचान है। सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने कहा कि रक्षा मंत्री निरंतर लखनऊ वासियों के स्वास्थ्य, सुख सुविधाओं और विकास के लिए चिंतित रहते हैं और लखनऊ के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## लखनऊ पब्लिक स्कूल में संस्थापक सी.पी. सिंह की 19वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल (सी.पी. सिंह फाउंडेशन) के संस्थापक सी.पी. सिंह जी की 19वीं पुण्यतिथि पर रविवार को विद्यालय की सेक्टर-आई शाखा स्थित सी.पी. सिंह स्मृति सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय की सभी शाखाओं के प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर संस्थापक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में वक्ताओं ने संस्थापक के जीवन मूल्यों, आदर्शों और उनके अनुकरणीय व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजन गायक चरन जी ने भजनों की प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने ह्यजग में साचो तेरो नाम हे रामह्न, ह्यकर्मों का फल तो बंदे तुझे भोगना पड़ेगाह्न, ह्यदाता शक्ति दे, दाता भक्ति देह्न सहित कई भजनों के माध्यम से संस्थापक के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

इस अवसर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने सी.पी. सिंह जी के साथ बिताए संस्मरण साझा करते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी, अनुशासन और अथक परिश्रम का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि एल.पी.एस. को एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान के रूप में स्थापित करने में उनकी दूरदर्शिता और समर्पण का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय प्रबन्धन सलाहकार समिति के सदस्य अजय पंत, उत्तर प्रदेश के समग्र शिक्षा उपनिदेशक मुकेश कुमार, सुनील कुमार चौधरी एवं राजीव जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबन्धक लोकेश सिंह एवं निदेशिका डॉ. रश्मि पाठक ने सभी अतिथियों और भजन गायक चरन जी का आभार व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि सभा का समापन किया।

## इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर में आरडीएसओ सशक्त बनकर उभरी



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 12वां इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2025, जो लघु उद्योगभारती द्वारा भिवाड़ी, राजस्थान में आयोजित किया गया था। रविवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस मेलेने एमएसएमई औरउद्यमियों को अपने नवाचार प्रदर्शित करने, व्यावसायिक अवसर तलाश ने तथा संभावित ग्राहकों से जुड़ने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान किया।

इस जीवंत माहौल में, आरडीएसओ की भागीदारी मेले का प्रमुखआकर्षण बनकर उभरी। अपने समर्पित स्टॉल और वेंडर मीट सत्र के माध्यम से, आरडीएसओ ने भारतीय रेल की ई-प्रोक्योर मेंट प्रणाली (आईआरईपीएस) के द्वारा यूनिफाइड वेंडर अप्रूवल मॉड्यूल पोर्टल पर विक्रेता पंजीकरण और अनुमोदन प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। उद्योग प्रतिनिधियों और विक्रेताओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए आरडीएसओ ने न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा दिया बल्कि नए और मौजूदा आपूर्तिकताओं के लिए प्रक्रिया को और सरल बनाया। आरडीएसओ की सक्रिय भागीदारी ने उद्योग हितधारकों, विक्रेताओं और लघु उद्योग भारती क े वरिष्ठ अधिकारियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया, जिन्होंने भारतीय रेल के साथ सहयोग के अवसर तलाशे। इस प्रभावशाली भागीदारी ने नवाचार, मानकीकरण और विक्रेता विकास की रीढ़ के रूप में आरडीएसओ की भूमिका को पुनः सुदृढ़ किया–विक्रेता आधार का विस्तार करते हुए भारतीय रेल की खरीद प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाया।

## लखनऊ में नवोदय का महाकुंभः देश-विदेश से जुटे हजारों पूर्व छात्र

### आईएएस से लेकर जज तक, नवोदयन का गौरव मंच पर दमका

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार, डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ में चौथी उत्तर प्रदेश ओपन नवोदय एल्यूमिनी मीट - नवोत्सव 2025 का भव्य आयोजन हुआ। समारोह में देश-विदेश से लगभग 7000 पूर्व छात्र शामिल हुए।

इस दौरान पुरातन और नवीन पीढ़ी के छात्र आपस में घुलते-मिलते, चुहलबाजी और शरारतें करते नजर आए। पूरा माहौल पुरानी यादों से सराबोर दिखा। मंच पर विशेष अतिथि के रूप में हाई कोर्ट के जस्टिस विनोद दिवाकर, मुख्यमंत्री के सचिव व पूर्व जिलाधिकारी लखनऊ आईएएस सूर्यपाल गंगवार, एम्स के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. अंशुल मिश्रा, संयुक्त आयुक्त पुलिस बबलू कुमार, आईएफएस दिलराज प्रभाकर, डीएम आजमगढ़ रविन्द्र कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में नवोदय विद्यालय समिति के कमिश्नर राजेश लखानी मौजूद रहे। जस्टिस विनोद दिवाकर ने कहा, नवोदय विद्यालय में भारत की आत्मा बसती है। मैंने यहां केवल पढ़ाई नहीं की बल्कि नवोदय को जिया है। समिति को चाहिए कि इस टैलेंट पूल को सहेजने और संवारने के लिए ठोस योजनाएं बनाए। एलुमिनाई हर कदम पर साथ देने को तैयार हैं। आईएएस सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि नवोदय की यादें जीवन भर मन को गौरव से भर देती हैं। उन्होंने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा, हमें ऐसे मुकाम पर पहुंचना है जहां समाज और नवोदय दोनों के लिए योगदान दे सकें। संयुक्त आयुक्त पुलिस बबलू कुमार ने कहा, नवोदय एक ब्रांड है और इसे और मुखर बनाना होगा। वर्तमान में 25 लाख से ज्यादा नवोदय पूर्व छात्र देश-विदेश में सेवाएं दे रहे हैं। सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर नवोदय भावना को और मजबूत किया जा सकता है। डॉ. अंशुल मिश्रा (एम्स) ने कहा कि ऐसे समारोह सिर्फ मिलन तक सीमित न हों, बल्कि छात्रवृत्ति और मार्गदर्शन जैसी रचनात्मक पहल एलुमिनाई को आगे बढ़कर करनी चाहिए।

आईएफएस दिलराज प्रभाकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ में लगभग 38% सिविल सेवा अधिकारी नवोदय से हैं। उन्होंने कहा, सात साल का नवोदय जीवन इतना प्रभावशाली होता है कि यहां तक घास भी कटेगी तो उसमें अलग विशेषता होगी। एमएलसी बृजेश सिंह ने कहा कि नवोदय सर्वधर्म की संकल्पना और किसी भी परिस्थिति में ढलने की क्षमता सिखाता है।

हर वर्ष यह आयोजन किसी एक मंडल की जिम्मेदारी पर आयोजित होता है। इस बार जिम्मेदारी लखनऊ मंडल की थी। लखनऊ मंडल के अंतर्गत आने वाले उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुर के नवोदय विद्यालयों के पूर्व छात्रों ने मिलकर इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में झुलनी का रंग साँचा लोकनृत्य, डॉ. सुमन प्रजापति और सौरभ कमल की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

## प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को ज्ञान कसौटी पर परखती हैं : प्रो. पष्पेंद्र कुमार

**लखनऊ।** इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत रविवार को स्त्रँर्ईड्ढ राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के प्रथम चरण का सफल आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में भारत भारत के विभिन्न राज्यों झ्र आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, जम्मू और कश्मीर आदि से कुल 833 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया और उत्साहपूर्वक प्रथम चरण में भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में फार्मास्यूटिकल शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में ज्ञान-विस्तार, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों को ज्ञान एवं कौशल की कसौटी पर परखती हैं और उन्हें उच्चस्तरीय शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा हेतु तैयार करती हैं। प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. प्रणति श्रीवास्तव और श्रीमती किरण सिंह एवं सफल संचालन में डॉ. लुबना आजमी, डॉ. प्रनेश कुमार के साथ-साथ विभाग के सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

**प्रथम चरण के मेरिट सूची में शीर्ष पाँच स्थान इस प्रकार रहे**

■ वसुदेव प्रजापति, कोटा कॉलेज ऑफ फामेर्सी, कोटा ■ खुशी सिंह चौहान, बी.एन. कॉलेज ऑफ फामेर्सी, लखनऊ ■ हेमेन्द्र मिश्रा, महर्षि स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज ■ पुष्पेन्द्र सोनी, इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ ■ जैनल पुन्जनी, डॉ. एल.एच. हीरानंदानी कॉलेज ऑफ फामेर्सी, महाराष्ट्र

संक्षेप

## जिलाध्यक्ष ने किया सेवा पखवाड़ा अभियान की समीक्षा

**देवरिया** । रविवार, क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सेवा पखवाड़ा अभियान की समीक्षा की । समीक्षा के दौरान सभी पदाधिकारियों ने अभियान की प्रगति पर अपने विचार रखे । बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू इस अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण, प्रदर्शनी, प्रबुद्ध सम्मेलन आदि कई तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं । आगामी 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर हर बूथों पर वृक्षारोपण कर प्रदेश सरकार एवं स्थानीय नगर निकायों द्वारा आत्मनिर्भर भारत, विकल फॉर लोकल का प्रचार व स्थानीय मेले मेले एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा ।

# बार - बार होने वाले चुनावों से बाधित होते हैं विकास कार्य : डॉ.शलभ मणि

जिला संवाददाता

**देवरिया** । एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान को लेकर रविवार को नगरपालिका सभागार में से ।अगस्त्य का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य कमलेश पासवान रहे ।उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्रहित के कार्यों में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है और बढ़ेगी। बार-बार चुनाव की वजह से उत्पन्न होने वाली राजनीतिक अस्थिरता कम होगी और सरकारों को दीर्घकालिक नीतियों पर ध्यान केंद्रित करने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य वक्ता सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि आजादी के बाद मोदी जी के नेतृत्व यह पहली ऐसी सरकार है जिसमें आमजनता की सहभागिता से

**समय श्रम और धन की होगी बचत : कमलेश पासवान**

**एक राष्ट्र एक चुनाव पर आयोजित हुई संगोष्ठी**



एक राष्ट्र एक चुनाव राष्ट्रहित बहुत बड़ा कदम है । उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश के किसी न किसी हिस्से में चुनाव होते रहते हैं। इससे आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्य रुक जाते हैं। साथ ही चुनाव में बड़ी मात्रा में राजस्व खर्च होता है। एक साथ चुनाव कराने से समय, श्रम और धन की बचत होगी। चुनाव ड्यूटी में लगने वाले सरकारी अधिकारियों और सुरक्षा बलों को उनके नियमित प्रशासनिक कार्यों से बार-बार हटाना नहीं पड़ेगा, जिससे प्रशासनिक दक्षता सरकार चल रही है इसके पहले एक परिवार विशेष की ही सरकार हमारे देश में चलती थी जो अपने निर्णयों को जनता के ऊपर थोपने का काम करती थी । एक राष्ट्र एक चुनाव इसलिए जरूरी है क्योंकि बार बार चुनाव होने से विकास के कार्यों में बढ़ा उत्पन्न होती है और देश का और क्षेत्र का के विकास की गति बाधित होती है ।

कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों से मतदाता थक जाते हैं, जिससे मतदान प्रतिशत पर असर पड़ सकता है। एक साथ चुनाव कराने से मतदाता की थकान कम होगी। एक बार में ही दोनों चुनावों के लिए मतदान करने से मतदाताओं के लिए प्रक्रिया सरल हो जाएगी, जिससे मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी होगी । प्रदेश प्रवक्ता एस एन सिंह ने कहा कि चुनावी माहौल में अक्सर सामाजिक तनाव बढ़ जाता है। एक साथ चुनाव कराने से ऐसे माहौल की बार-बार की पुनरावृत्ति कम होगी। चुनावों के दौरान बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती करनी पड़ती है। एक साथ चुनाव होने पर इन बलों को आंतरिक सुरक्षा जैसी अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के लिए बेहतर तरीके से तैनात किया जा सकेगा। कार्यक्रम का संचालन एक राष्ट्र एक चुनाव के संयोजक उमंग सिंह ने किया तथा अभियान के जिला समन्वयक व पूर्व जिलाध्यक्ष मारकंडे शाही ने आभार ज्ञापित किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, संजय सिंह एडवोकेट, अजय शाही, जितेंद्र प्रताप राव, नपा अध्यक्ष अलका सिंह, नीरज शाही, प्रियंका वर्मा, पवन कुमार मिश्रा, अंगद तिवारी, प्रभाकर तिवारी, शिवम कुमार निषाद, मिहिर राज सिंह, आनंद निषाद, धीरज निषाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## युवक को मारी गोली, देवरिया रेफर

**बरहज, देवरिया** । शनिवार को राम जानकी मार्ग पर राजपुर स्थित एक ढाबे पर दूध बेचकर जा रहे एक युवक को गोली मारी गई। युवक झुक गया जिससे गोली उसके गर्दन को छूते हुए निकल गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहज लेकर गई जहां से डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज देवरिया के लिए रेफर कर दिया। गोली चलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस गोली मारने वालों की तलाश में जुट गई है। मामले में तहरीर नहीं दी गई है। बरहज थाना क्षेत्र के बिशनपुर देवार निवासी सुरेंद्र यादव 35 पुत्र राम अवतार दूध बेचकर जा रहा था। अभी वह राम जानकी मार्ग पर राजपुर स्थित ढाबे के पास पहुंचा था की बाइक पर सवार युवक पुरानी रंजिश में उसे गोली मार दिए। युवक झुक गया जिस गोली उसके गर्दन को छूते हुए निकल गई। युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहज ले जाया गया। जहां से डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज देवरिया के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसे गोली मारी गई है। युवक को बदमाश जब तक दोबारा गोली मारने का प्रयास करते युवक आबादी की ओर भाग गया। गोली मारने वाले उसका पीछा किए। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए। जिससे बदमाश अपने मनसूबे में कामयाब नहीं हो सके। एसआई मदन मोहन मिश्र ने बताया कि गोली चलने की सूचना पर मौके पर पहुंच वारदात की जानकारी ली गई है। अभी तहरीर नहीं मिली है। बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**भटनी(देवरिया)** । स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-2पर पुलिस ने एक 55वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया ।

प्लेटफार्म संख्या-2पर एक शव को व यात्रियों ने देखा उसी समय जी आर पी पुलिस भी आ गयी ।शव को अपने कब्जे मे लेकर पाकेट व झोले की तलाशी ली लेकिन पहचान के लिए कोई भी प्रमाणपत्र नही मिला ।जी आर पी पुलिस शव की पहचान के लिए काफी मशक्कत की तब भी शिनाख्त नही हो पायी ।पुलिस ने शव का पंचनामा बनवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया ।

## एक दिवसीय स्वास्थ्य सेवा का हुआ आयोजन

**भटनी(देवरिया)** । बहादुर यादव महाविद्यालय नगर पंचायत भटनी मे हुआ एक दिवसीय स्वास्थ्य निःशुल्क शिविर का आयोजन ।जिसमे क्षेत्र के लोगो ने कराया अपने स्वास्थ्य का निःशुल्क जाँच ।शिविर का उदघाटन नगर पंचायत के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया उदघाटन ।शिविर के आयोजन डाँ नागेन्द्र यादव लेक्रोस्कोपी सर्जन ने बताया कि लालमति सुपर स्पेस्लिस्ट हाँस्पिटल का एक मात्र उद्देश्य देवरिया के हर घर मे एक अच्छी स्वास्थ्य परीक्षण उपलब्ध कराना ।शिविर में आये हुए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ।और निःशुल्क दवा भी दिया गया ।बहादुर यादव महाविद्यालय के प्रबन्धक अजय कुमार यादव ने उपस्थित चिकित्सक एवं शिविर मे स्वास्थ्य परीक्षण कराने आये लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया ।

## भाजपा अपनी नाकामी छुपाने के लिए धार्मिक उन्माद भड़का रही : कनकलता

जिला संवाददाता



**देवरिया** । पूर्व राज्यसभा सदस्य व सपा नेत्री कनकलता सिंह ने कहा है कि आज भाजपा जन प्रतिनिधि अपनी और सरकार की नाकामी छिपाने के लिए धार्मिक झगडे उभार कर असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाना चाहते हैं। अभी तो चर्चा चीनी मील, सड़क, पुल, बस स्टेशन, सदर अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, मंहगाई, रोजगार, चिकित्सा, सुरक्षा आदि पर होनी चाहिए। लेकिन इन सभी मुद्दों पर फिसड्डी जन प्रतिनिधि और सरकार केवल धर्म को अपने बचाव में उपयोग कर रही है। श्रीमती सिंह अपने सिंधी मिल स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि मैंने राज्यसभा सदस्य के अपने अल्प कार्यकाल में देवरिया में साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से मोहन सिंह सभागार बनवाया। जो आज खस्ताहाल है।

साथ ही बरहज मोहन सेतु हेतु मैने 200 करोड़ रुपए तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और पीडब्ल्यूडी एवं सेतु निर्माण मंत्री शिवपाल सिंह यादव से स्वीकृत कराया था। दुर्भाग्य है कि वह आज भी अपूर्ण है। जबकि देश, प्रदेश, जिला पंचायत, नगर पंचायत से लेकर सभी संस्थाओं पर भाजपा का कब्जा है। कनकलता सिंह ने सवाल उठाया कि आखिर देवरिया के सभी लोकतांत्रिक संस्थाओ पर भाजपा के जनप्रतिनिधियों का कब्जा है।

उन लोगों को यह नहीं दिखता है कि देवरिया का मोहन सिंह स्मारक, जिला अस्पताल वजूद में ही नहीं है। बस स्टेशन का कोई ढांचा ही नहीं है। मेडिकल कालेज मरीजों को रेफर कर सफेद हाथी बना हुआ है। मेडिकल कालेज परिसर में स्थित पोस्टमार्टम हाउस पर कोई रैन बसेरा या प्रतीक्षालय नहीं है। जिसमें मृतकों के दुखी परिजन बैठ सकें। प्रश्नों के जवाब में कनकलता सिंह ने बड़ी बेबाकी से कहा कि सोनूघाट-बरहज रोड एवं मगहरा रोड बेहतर और चौड़ा होना चाहिए। वही बेलडांड मार्ग बनने के बाद टूटकर कमीशन खोरी की भेंट चढ़ गया है। क्या यही भाजपा का सुशासन है ? उन्होंने कहा कि जब मैं राज्यसभा में थीं तो गोरखपुर से कुशीनगर तक रेल लाईन बिछाने का सवाल उठाई थी। लेकिन तीसरी बार केंद्र में सत्तासीन सरकार आज तक इस परियोजना को पूर्ण नहीं कर सकी। प्रधानमंत्री जी जब भी देवरिया एवं कुशीनगर आते हैं।

तो चीनी मिलों को चलवाने की बात कह हमारी दुखती रगों को दबाकर चले जाते है। क्यों देवरिया एवं कुशीनगर के जनप्रतिनिधि अपने मुखिया को उनके वायदे याद नहीं दिला सकते हैं ? । सपा नेत्री ने कहा कि मैंने अपने पिता मोहन सिंह की कार्यशैली को देखा है। मेरा प्रण है कि मुझे कुछ मिले या न मिले लेकिन मैं क्षेत्र और समाज के लिए अपने अंतिम सांस तक लडती रहूंगी।

बरहज के मोहन सेतु निर्माण में हो रहे विलंब पर गहरा क्षोभ जताते हुए कहा कि अगले दो महीने में यदि मोहन सेतु का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो मेरा अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि देश के चारों सदनों के सदस्य रहे लेखक एवं विचारक स्व. मोहन सिंह की पुण्यतिथि 22 सितंबर को देवरिया के जिला पंचायत हाल में मनाई जाएगी।

उन्होंने लोगों से आने की अपील की है। प्रेस वार्ता में वरिष्ठ सपा नेता चंद्रभूषण सिंह यादव, भानु प्रताप सिंह समेत अन्य सपा नेता मौजूद रहे।

# बिजली की समस्याओं को लेकर भाकियू करेगी किसान पंचायत

**देवरिया** । भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक देवरिया सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों की बढ़ती हुई समस्याओं पर चर्चा की गई। जनपद में यूरिया के संकट पर भी चर्चा हुई । संगठन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस समय गांवों में बिजली विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसमें उपभोक्ताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, उनके ऊपर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। चेकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं से धन उगाही की जा रही है। इन सब मामलों को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा यह निर्णय लिया गया है की दिनांक 10 अक्टूबर को बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर किसान पंचायत की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि एक तरफ जहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसान के खेतों में बिजली की सुविधा बहुत पहले से दी गई है। वहीं हमारे पूर्वी उत्तर प्रदेश में



सिंचाई के लिए सरकार द्वारा कोई सुविधा नहीं दी गई। आज प्रत्येक खेत में बिजली गई होती तो हमारी फसल इस तरह चौपट नहीं हुई होती। हम अपने खेत में बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन करते हैं तो बिजली विभाग द्वारा एस्टीमेट बनाया जाता है और सारा पैसा किसान को देने के लिए कहा जाता है जबकि सरकार को प्रत्येक किसान के खेत तक बिजली पहुंचाना चाहिए । भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा कि पूरे जनपद के सभी तहसीलों में भ्रष्टाचार बढ़ा है। लेखपाल एवं कानूनगो,तहसील कर्मी बिना पैसे के कोई काम नहीं कर रहे हैं जिससे किसानों में बड़ा ही आक्रोश है जिसके कारण किसान आंदोलन के राह पर है। भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश के सचिव विनोद गुप्ता ने कहा कि बरियारपुर विद्युत सबस्टेशन में अवर अभियंता द्वारा चेकिंग के नाम पर जबरन असूली की जा रही है । विभाग के उच्च अधिकारी मौन है जिसे आम उपभोक्ताओं का बहुत ही शोषण हो रहा है। जिला संयोजक सदानंद यादव जी ने बरियारपुर नगर पंचायत में एक अलग टाउन फीडर बनाने की मांग की है। भाकियू जिला उपाध्यक्ष कृष्णकांत सिंह जी ने कहा कि सलेमपुर डिवीजन से जुड़े सोहनपुर क्षेत्र में बिजली की समस्या गंभीर है मगर अधिकारियों द्वारा कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे समस्या और बड़ा होता जा रहा है। भाकियू नेता शमसुद्दीन अंसारी ने कहा की कंचनपुर में भी बिजली की समस्या से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है मगर अधिकारी इस पर ध्यान नहीं देते हैं। भारतीय किसान यूनियन ने बिजली की समस्या को गंभीरता से लिया है और आने वाले 10 अक्टूबर को बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर एक बड़ी किसान पंचायत का आयोजन होगा जिसमें पूरे जनपद के जो भी समस्याएं रहेंगे उन समस्याओं पर बिजली विभाग के अधिकारियों से आर पार का संघर्ष किया जाएगा। बैठक में भाकियू जिला महासचिव धनंजय सिंह जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह,जिला सलाहकार मदन चौहान,जिला कोषाध्यक्ष चंद्रदेव सिंह,युवा जिलाध्यक्ष मुन्ना सिंह, शेषनाथ सिंह, सुरेन्द्र चौहान, सत्याग्रह सरोज, हदीश मुहम्मद अली, अनिल मणि त्रिपाठी, गोविंद गुप्ता ,रामाश्रय यादव,सुदामा चौरसिया, उमा शंकर सिंह ,बृजेश यादव, बीरेंद्र सिंह इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## करमेल बनरही में पशुपालको को निःशुल्क दवा वितरित

**देवरिया** । जनपद में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत लम्पी स्कीन डिजीज का टीका एवं उपचार किया जा रहा है। रविवार को करमेल बनरही में पशुपालन विभाग ने शिविर लगाकर लम्पी संक्रमित पशुओं का उपचार हेतु निःशुल्क दवा वितरित किया। पशुओं को स्वस्थ रहने के लिए 200 पशुओं का टीकाकरण के साथ पशुपालकों को कृमिनाशक दवा भी वितरित किया गया।

पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने पशुपालकों को जागरूक किया कि लम्पी स्कीन डिजीज के नियंत्रण हेतु साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है । मच्छर, मक्खी व किलनी आदि से अगर पशु को बचा लिया जाए तो लम्पी बिमारी दो सप्ताह में ठीक होने लगती है एवं अन्य स्वस्थ पशु भी संक्रमित नहीं होते हैं। इस बिमारी में छोटे एवं कमजोर पशुओं की मृत्यु होने की ज्यादा संभावना रहती है। लम्पी से संक्रमित पशुओं के रहने एवं खाने की व्यवस्था अलग रखना चाहिए तथा इनको छूने के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोना चाहिए। पशुओं के आसपास जलजमाव एवं गोबर पेशाब आदि एकत्र न होने दें। पशुबाड़े में सप्ताह में दो बार चूना एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव अवश्य करें।

टीकाकरण अभियान में सुभाष चन्द्र व महेंद्र यादव ने सहयोग किया। विकास खंड में अबतक 6700 पशुओं को टीका लगाया चुका है शेष 300 पशुओं को भी शीघ्र ही टीका लगाया जाएगा।

# बाइक रैली को प्रभारी मंत्री ने दिखायी हरी झंडी

जिला संवाददाता

**कुशीनगर** । सशक्त नारी-समृद्ध नारी, नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित ₹मिशन शक्ति 5.0₹ के तहत पुलिस लाइन कुशीनगर में नारी शक्ति बाइक रैली का हरी झंडी दिखा कर प्रभारी मंत्री द्वारा शुभारम्भ किया गया। यह पहल न केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का संकल्प भी साकार करेगी।



प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत कसया सीएचसी परिसर में स्वास्थ्य शिविर एवं स्वच्छता कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्रतिभाग किया। मंत्री के सीएचसी परिसर में पहुँचने पर प्रभारी सीएमओ डॉ एसएन त्रिपाठी एवं अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। ततपश्चात उनके द्वारा परिसर में लगे स्वास्थ्य शिविर के स्टालों का निरीक्षण किया गया। जिसमें एचआईबी, आयुष्मान कार्ड, क्षयरोग विभाग, आरबीएसके, होंमियोपैथिक, नेत्र विभाग का निरीक्षण करते हुये शिविर में उपचार कर रहे महिला एवं पुरुष चिकित्सको द्वारा जानकारी ली गयी। मंत्री जी ने उपचार कराने आये मरीजों से भी जानकारी प्राप्त किया गया। क्षयरोग स्टाल पर जनपद के प्रभारी मंत्री, सांसद एवं विधायकगण द्वारा पाँच टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में आये 143 मरीजो का विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा उपचार कर उनकी निःशुल्क ब्लड की जाँच करायी गयी तथा दवा भी उपलब्ध कराई गयी। प्रभारी मंत्री, सांसद एवं विधायक गण एवं भाजपा के कार्यकताओं द्वारा सीएचसी परिसर झाडू लगाकर स्वच्छता अभियान को गति दी गयी। इस दौरान सांसद विजय कुमार दुबे, विधायक पीएन पाठक, विवेकानंद पांडेय, डॉ असीम राय, मोहन वर्मा, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, सीडीओ गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र, एसडीएम डॉ संतराज सिंह बघेल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष किरन जयसवाल प्रतिनिधि राकेश जयसवाल, मंडल अध्यक्ष आद्या पांडेय, डॉ शौनक श्रीवास्तव, डॉ जलज सिंह, डॉ आशुतोष पांडेय, डॉ नेहा, डॉ निधिप्रदा मल्ल, निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## एक माह से गायब युवती का नहीं लगा सुराग

**कुशीनगर** । जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मुड़ीला हरपुर गांव निवासी एक युवती पिछले एक माह से लापता है। परिजन थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस उक्त मामले में जांच पड़ताल में जुटी हुई है। बताया जा रहा है युवती मानसिक रूप से विछिप्त है। 21 अगस्त 2025 को दिन के एक बजे अनुराधा पुत्री अशोक गुप्ता उम्र 20 वर्ष घर से निकली थी। शाम तक घर वापस न आने पर परिजन काफी खोज बिन किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस संबंध में पीड़ित परिजनों ने कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस युवती को हर तरह से ढूंढने की प्रयास कर रही है लेकिन युवती का कहीं सुराग नहीं लग पा रहा है।

## पोखरे में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत दो लड़कियों को बचाया गया

**बरहज,देवरिया** । बरहज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतराव के हटवा टोला में रविवार को गांव के पास स्थित पोखरी में स्नान करते समय दो मासूम बच्चों की डूबने से मृत्यु हो गई। जबकि दो बच्चियों को डूबने से ग्रामीणों ने बचा लिया। डूब रहे दोनों मासूम बच्चों को बचाने के लिए दोनों बच्चिया प्रयास करते समय डूबने लगी। बच्चियों को डूबता देख मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बचा लिया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और पंचनामा कराकर दोनों मासूम बच्चों का शव पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया। मासूम बच्चों की मृत्यु की सूचना मिलते ही क्षेत्र में कोहराम मच गया। दोनों मासूम बच्चों के स्वजन का रोते बिलखते बुरा हाल है ।बरहज के ग्राम पंचायत सतराव के हटवा टोला निवासी भीम यादव 8 पुत्र मोहन यादव और टिशू यादव 9 पुत्र राम सारीखन यादव के पोखरे में नहाते समय डूबने से दोनों की मृत्यु हो गई। टिशू चार बहनों में अपने माता पिता के एक मात्र पुत्र था ।भीम यादव चार भाइयों में तीसरा पुत्र था। रविवार को स्कूल बंद होने के कारण सुबह 9 बजे घर से निकले थे । वहां उपस्थित बच्चों ने बताया कि गांव के बगल में स्थित पोखरी में बहनों के साथ नहा रहे थे ।पानी अधिक होने के कारण दोनों डूबने लगे साथ नहा रही टिशू की बहन निधि, अंशु ने बचाने का प्रयास किया। इस प्रयास में दोनों डूबने लगी। निधि और अंशु दोनों को मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बचा लिया। कीशू यादव की मां प्रभावती देवी और भीम यादव की मां कुमारी देवी का रो रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने बताया कि दो बच्चों की डूबने से मृत्यु हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# विकास कार्यक्रमों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न

**कुशीनगर** । जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह जी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में शासन द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, निर्माण कार्यों, कानून व्यवस्था,आदि की समीक्षा बैठक की गई ।बैठक में उद्यान विभाग, कृषि विभाग, एआर कोऑपरेटिव, सड़क निर्माण, राजस्व वादों की स्थिति, रियल टाइम खतौनी, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास

**मंडी की सड़कों के मरम्मत हेतु सभी विधायक गण के निधि से मंत्री द्वारा स्वीकृत की गई 5-5 करोड़ की धनराशि।**

**जनपद की समस्याओं/शिकायतों का कार्ययोजना के तहत किया जाएगा प्रभावी कार्यवाही: एसपी**

योजना(शहरी/ग्रामीण) विद्युत विभाग, कानून व्यवस्था, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उद्योग विभाग आदि के विकास कार्यों तथा विभागीय जनकल्याणकारी संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई। उद्यान विभाग की समीक्षा दौरान आईडीएचएफ योजना के संदर्भ में लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिए जाने एवं शासन द्वारा बजट प्राप्त हो जाने की जानकारी दिए जाने पर मंत्री द्वारा 2022 से वर्षवार विवरण सभी मां0 जनप्रतिधि गणों को उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिए ताकि पता चल सके कि इस योजना में कितनी प्रगति हो सकी है। इसी प्रकार पीएमसी योजना अंतर्गत लक्ष्य पूर्ति नहीं होने पर जिला पंचायत कि बैठक में सभी सदस्यों से सहयोग लेकर पूर्ण कराए जाने का निर्देश जिला उद्यान अधिकारी को दिए गए। कृषि विभाग कि समीक्षा दौरान पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 5 लाख 27 हजार किसानों के खाते में धनराशि भेजे जाने तथा लगभग अभी भी 41-42 हजार किसानों के डाटा सत्यापन कार्य लंबित होने की जानकारी देने पर मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि किसान सम्मान निधि योजना संबंधित पात्रता का उल्लेख करते हुए प्रचार प्रसार कराए जाएं जिससे कि वंचित किसान योजना का लाभ ले सकें। पीएम कुसुम योजना अंतर्गत किसानों को 60 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पम्प लगवाए जाने के संबंध में 485 के सापेक्ष 375 का आवेदन होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी मंत्री जी द्वारा जन प्रतिनिधि गणों से वार्ता कर सहयोग लिए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

समीक्षा दौरान खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा जनपद में 01 नवंबर से 28 फरवरी तक धान क्रय किए जाने एवं क्रय केंद्रों की संख्या 74 से घटाकर 56 किए जाने पर प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि एक बार सभी जन प्रतिनिधि गणों से वार्ता कर सुनिश्चित कर लें कि क्रय केंद्रों की संख्या घटने पर कहीं कोई दिक्कत न आए। इसी प्रकार राजस्व वादों की स्थिति के निस्तारण की स्थिति के संबंध में अपर जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस धारा 80,16, 30, एवं धारा 34 के संबंध लंबित/निस्तारित मामलों के संबंध में पूर्ण जानकारी दी गई। विधायक हाटा द्वारा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में अधिक समय लगने पर इसका एक ओसीपी बनाकर जारी किए जाने के निर्देश सहित वरासत आदि के लंबित सभी मामलों को एक महीने के अंदर निस्तारित किए जाने का निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग की समीक्षा अंतर्गत अधीक्षण अभियंता द्वारा कराए जा रहे कार्यों, जले हुए ट्रांसफार्मर, ऑनलाइन शिकायतों के निस्तारण आदि की जानकारी दी गई, इस अवसर पर जन प्रतिनिधि गणों विद्युत संबंधी विभिन्न प्रकार की समस्याओं से अवगत भी कराया गया, जिस पर प्रभारी मंत्री जी द्वारा निर्देशित किया गया कि जले हुए ट्रांसफार्मर के मरम्मत संबंधी विवरण माहवार बनाकर उपलब्ध कराएं, उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि इसकी जांच करवाएं तथा मरम्मत किए गए ट्रांसफार्मर उसी दिन या 10 दिन बाद जल गया तो मरम्मत करने वाले की ओर से वारंटी या कुछ समय निर्धारित होगी कि इतने दिन में जल गया तो फिर अलग से चार्ज नहीं लगेगा, आदि विषयों की जांच आवश्यक है। जन प्रतिनिधि गणों द्वारा खुले रखे गए ट्रांसफार्मरों के जाली द्वारा घेरा बंदी किए जाने संबंधी प्रकरण में मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पूरे जनपद में खुले ट्रांसफार्मरों की जांच करवाकर उसकी रिपोर्ट विद्युत विभाग को दी जाए। इसी प्रकार मंडी समिति की सड़कों के संबंध में निर्देशित किया गया कि जनपद में मंडी की कितनी सड़कें हैं उसकी सूची विधायक गण की उपलब्ध कराएं ताकि सड़के बनवाई जा सके। प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि उक्त कार्य हेतु सभी विधायक गण के विधायक निधि से 5-5 करोड़ के धन की स्वीकृत करते हैं। खड्डा विधायक द्वारा एक प्रकरण की शिकायत पर सीएमएस से कल तक आख्या उपलब्ध कराए जाने सहित स्वास्थ्य विभाग का जांच कराए जाने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए। मंत्री ने कहा कि यदि कोई जन प्रतिनिधि काल करता है तो सामान्य शिष्टाचार अंतर्गत अधिकारियों को काल रिसीव करना चाहिए यदि कोई अधिकारी रिसीव नहीं करता है तो उसका स्क्रीनशॉट हमें भेजें ।प्रभारी मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि बाढ़ के बाद आने वाले संकट के विषय में भी तैयारी कर ली जाय, विभिन्न प्रकार की बीमारियों, क्षतिग्रस्त सड़कें, गड्ढा आदि को ठीक करा लिया जाय। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत साफ सफाई, आने जाने वाले मार्गों को सही करा लिए जाएं। उन्होंने त्योहारों के मद्देनजर प्रशासनिक अमले को सतर्क रहने की हिदायत देते हुए सड़कों के किनारे मांस की दुकानों द्वारा अवशेष का उचित प्रबंधन नहीं करने पर दुकान बंद किए जाने का भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनपद कुशीनगर में दो तरह के मामले चर्चित हैं एक पशु तस्करी व धर्म परिवर्तन संबंधी इस पर पुलिस विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। प्रभारी मंत्री द्वार जनपद में फूड प्रोसेसिंग को प्रमोट किए जाने हेतु इकाइयों की स्थापना, इंडस्ट्रीज हेतु भूमि की उपलब्धता, कितने आवेदन मिले आदि की जानकारी लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने आगामी त्योहारों की बधाई देते हुए कहा कि परिवार के साथ उल्लास पूर्वक त्योहार मनाएं। बैठक से पूर्व मंत्री जी द्वारा डीपीआरसी भवन में लगी 15 दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन जन प्रतिनिधि गणों के साथ किया गया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा कि जो भी जनपद की समस्याएं/शिकायतें हैं उसे प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना बनाकर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने मंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मंत्री के निदेर्शानुसार सभी योजना के क्रियान्वयन में तेजी ला कर पात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराया जायेगा तथा उन्हें आश्वस्त किया की उनके निदेर्शों का शत प्रतिशत पालन किया जायेगा। विकास परक योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा। कहा कि जो भी मार्गदर्शन इस बैठक में आपके द्वारा प्राप्त हुआ है उसके अनुरूप तथा शासकीय निदेर्शों के क्रम में शासन की शीर्षतम प्राथमिकताओं योजनाओं का शत प्रतिशत अनुपालन कराया जाएगा।

## स्वास्थ्य शिविर में 143 मरीजों का हुआ उपचार

**कुशीनगर** । प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के अवसर पर चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्थानीय सीएचसी परिसर में स्वास्थ्य शिविर एवं स्वच्छता कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्रतिभाग किया।

अपराह्न में मंत्री जी के सीएचसी परिसर में पहुँचने पर प्रभारी सीएमओ डॉ एसएन त्रिपाठी एवं अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुवेर्दी द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। ततपश्चात उनके द्वारा परिसर में लगे स्वास्थ्य शिविर के स्टालों का निरीक्षण किया गया। जिसमें एचआईबी, आयुष्मान कार्ड, क्षयरोग विभाग, आरबीएसके, होंमियोपैथिक, नेत्र विभाग का निरीक्षण करते हुए शिविर में उपचार कर रहे महिला एवं पुरुष चिकित्सको द्वारा जानकारी ली गयी। मंत्री जी ने उपचार कराने आये मरीजों से भी जानकारी प्राप्त किया गया। क्षयरोग स्टाल पर जनपद के प्रभारी मंत्री,सांसद एवं विधायकगण द्वारा पाँच टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली दिया गया।

स्वास्थ्य शिविर में आये 143 मरीजो का विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा उपचार कर उनकी निःशुल्क ब्लड की जाँच करायी गयी तथा दवा भी उपलब्ध कराई गयी। प्रभारी मंत्री, सांसद एवं विधायक गण एवं भाजपा के कार्यकताओं द्वारा सीएचसी परिसर झाडू लगाकर स्वच्छता अभियान को गति दी गयी। इस दौरान सांसद विजय दुबे, विवेकानंद पांडेय,डॉ असीम राय, मोहन वर्मा, दुर्गेश राय, रजनीकांत त्रिपाठी, नगर पालिका सिंहयादव, सौरभ श्रीवास्तव, प्रकाश, पूनम भारती, रंजीत सिंह, अशोक गुप्ता, धनश्याम प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## डीएम-एसपी ने रवाना की महिला सशक्तिकरण बाइक रैली

उन्नाव। उत्तर प्रदेश पुलिस के महत्वपूर्ण अभियान मिशन शक्ति फेज 5 के तहत, जिले में महिला सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को जिलाधिकारी गौरांग राठी,पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह, कृति राज मुख्य विकास अधिकारी, सुशील कुमार अपर जिलाधिकारी, अखिलेश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, संतोष कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ, मधुपनाथ मिश्रा क्षेत्राधिकारी बीघापुर एवं सोनम सिंह क्षेत्राधिकारी नगर ने गदनखेड़ा बाईपास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बाइक रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शहर का भ्रमण किया। रैली में भाग ले रही सभी महिला आरक्षियों को महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य समाज में महिलाओं को उनके कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। रैली के दौरान, सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस सहायता नंबर 112 और चाइल्डलाइन 1098 शामिल हैं। कार्यक्रम मे अब्दुल रशीद प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, संतोष कुमारी सिंह प्रभारी मिशन शक्ति एवं डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति का विशेष योगदान रहा।

## सर्प के काटने से युवती की मौत

पुरवा, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव मवई में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जगदीश की 20 वर्षीय बेटी ज्योति कुमारी को सांप ने काट लिया। घटना शनिवार सुबह करीब 3 बजे की है। ज्योति ने सांप के काटने की जानकारी अपने माता-पिता को दी। परिवार वाले उसे तुरंत अस्पताल ले जाने की बजाय झाड़फूंक के लिए किसी बाबा के पास ले गए। वहां उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिवार वाले जब अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, तब तक युवती की मौत हो चुकी थी। समाजसेवी सर्वेश पांडे और रजनीश सिंह ने इस घटना की सूचना थानाध्यक्ष मौरावां कुंवर बहादुर सिंह को दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मां शांति देवी, भाई रोहित और करन तथा छोटी बहन का रो-रोकर बुरा हाल है।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला महिला का शव

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव दारा पुर निवासी एक महिला का शव काली मिट्टी शिवराज पुर मार्ग के किनारे बहादुर खेड़ा गांव के पास एक पेड़ से रविवार को फांसी के फंदे से लटकता मिला। जिसे देखकर हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना मिलने पर परिजनों ने पहुंचकर शव की पहचान की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव दारा पुर निवासी महिला लगभग साठ वर्षीय कमला देवी शनिवार को किसी बात से नाराज होकर घर से निकली थी। जब काफी देर वापस नहीं आई तो खोजबीन शुरू हुई लेकिन कोई पता नहीं चला। रविवार को खोजबीन के दौरान कालीमिट्टी दबौली मार्ग के किनारे कमला का शव गाँव बहादुरखेड़ा के पास एक खेत में खड़े पेड़ में धोती के फंदे से लटका मिला। मृतका के पति रामासरे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पत्नी कमला बात बात पर नाराज होती थी। पत्नी ने फंदे से लटककर आत्महत्या की है।

## सर्पदंश से युवक की बिगड़ी हालत

हलिया, मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में शनिवार देर शाम शौच के लिए जा रहे युवक को रास्ते में सर्प ने डस लिया। युवक का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में उपचार चल रहा है हालत सामान्य बताई जा रही है। राजपुर गांव निवासी 36 वर्षीय महेंद्र शौच करने के लिए सीवान की ओर जा रहा था कि रास्ते में सर्प ने पैर में डस लिया ।हालत बिगड़ने पर परिजन हथेड़ा गांव में दवा पिलाने ले गए हालत सामान्य होने पर देर रात घर लेकर चले आए। दूसरे दिन रविवार सुबह युवक की फिर से हालत बिगड़ने पर परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में उपचार हेतु ले गए जहां युवक का उपचार किया जा रहा है हालत सामान्य है।

# ट्रेंकुलाइज कर पकड़ी गयी आदमखोर बाघिन

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। महोली क्षेत्र में पिछले काफी समय से आतंक का पर्याय बनी एक आदमखोर बाघिन को आखिरकार नरनी गांव के पास से वन विभाग ने एक विशेष अभियान चलाकर पकड़ लिया है। शनिवार रात 12 बजे बाघिन को घेरकर वन विभाग की टीम ने ट्रेंकुलाइज किया। 50 लोगों की टीम एक महीने से इसकी तलाश में थी। लेकिन हर बार बाघिन टीम को चकमा देकर निकल जाती थी। शनिवार देर रात भी वन विभाग ने पिंजरे में पशु को बांधकर रखा ताकि पिंजरे में जाते ही फंस जाये। लेकिन बाघिन आई और पिंजरे के अंदर बंधे पशु पर हमला करके उसे खा गई। पिंजरे का गेट बंद नहीं हो पाया और बाघिन आराम से पिंजरे से निकल गई। वन विभाग ने जहां पिंजरा लगाया था वहां आसपास कई ट्रैकिंग कैमरे लगाए टीम मौके पर पहुंची। थर्मल ट्रैकिंग डिवाइस की मदद से बाघिन को ट्रैक किया। रात करीब 12 बजे उसे चारों तरफ से घेरकर ट्रेंकुलाइज किया और पिंजरे में कैद किया।

इस कामयाबी के बाद इलाके के ग्रामीणों और किसानों ने राहत की सांस ली है। इस बाघिन ने एक किसान सहित कई पालतू जानवरों को अपना निवाला बना लिया था। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल था। महोली के नरनी गांव के पास पिछले कई महीनों से एक बाघिन ने अपना ठिकाना बना रखा था। यह बाघिन आए दिन खेत पर काम कर रहे किसानों और उनके जानवरों पर हमला कर रही थी। इसके हमलों के कारण शाम ढलते ही लोग अपने घरों में दुबक जाते थे। बाघिन को पकड़ने के लिए पीलीभीत, कर्तनियाघाट और दुधवा नेशनल पार्क से एक्सपर्ट बुलाए गए थे। टीम 22 अगस्त से जगह-जगह पिंजरा लगाकर बाघिन को पकड़ने की कोशिश कर रही थी। अब तक 5 बार बाघिन पिंजरे में बंधे पशुओं को खा गई। लेकिन वन विभाग की पकड़ में नहीं आई। डीएफओ नवीन खण्डेलवाल ने बताया कि महोली में पिछले एक महीने से बाघिन का आतंक था। हमें कई दिनों से महोली इलाके में बाघिन के मूवमेंट की सूचना मिल रही थी। टीम बाघिन की लोकेशन को लगातार ट्रेस कर रही थी। आखिरकार महोली इलाके के नरनी गांव से बाघिन को पकड़ा गया। बाघिन की उम्र 7 से 8 साल के बीच है तथा उसका वजन करीब 250 किलोग्राम है। यह एक विशाल बाघिन है। उसे इलसिया पार्क में बने वन विभाग के ऑफिस में रखा गया है। वाइल्ड लाइफ टीम के निर्देश पर आगे की कार्रवाई होगी। फिर तय किया जाएगा कि बाघिन को जू में रखा जाएगा कि या वापस जंगल में छोड़ा जाएगा।

### अब शावकों से खतरा

पकड़ी गई बाघिन के साथ उसके शावक भी होने की आशंका है। डीएफओ नवीन खंडेलवाल ने बताया कि टीम अब बाघिन के शावकों की तलाश में जुटी है। उन्हें डर है कि मां के पकड़े जाने के बाद शावक अपनी मां की तलाश में जंगल से बाहर आ सकते हैं। जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष और बढ़ सकता है। इसके लिए इलाके में अतिरिक्त वन कर्मियों को तैनात किया गया है और गश्त बढ़ा दी गई है। ग्रामीणों को भी सतर्क रहने की हिदायत दी गई है और बेवजह खेतों की तरफ न जाने की सलाह दी गई है। बाघिन के पकड़े जाने से महोली और आसपास के इलाकों में किसानों ने अब राहत की सांस ली है। लेकिन वन विभाग ने अभी भी लोगों को पूरी तरह निश्चिंत नहीं होने दिया है। अधिकारियों ने बताया कि जब तक शावकों को नहीं पकड़ लिया जाता तब तक खतरा बना रहेगा। वन विभाग का यह विशेष अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि सभी शावकों को सुरक्षित नहीं कर लिया जाता। उम्मीद है कि जल्द ही बाकी शावकों को भी पकड़ लिया जाएगा ताकि इस इलाके में पूरी तरह से शांति और सुरक्षा बहाल हो सके।

## डाक विभाग की त्रैमासिक व्यवसाय समीक्षा बैठक संपन्न



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। डाक विभाग की ओर से उन्नाव एवं कानपुर देहात के विभागीय कर्मचारियों डाकपाल/उपडाकपाल की समीक्षा बैठक क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई।

उक्त सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यतः डाकघर की विभिन्न योजनाओं जैसे कि बचत बैंक की योजनाएं, सुकन्या समृद्धि योजना, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, आधार एवं पासपोर्ट आदि योजनाओं आदि में लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त लक्ष्य की चर्चा की गई। शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले डाकघरों को प्रोत्साहित करते हुए जिन डाकघरों के लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ हैं उन्हें कार्य पूर्णकर शतप्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने को कहा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधीक्षक डाकघर कानपुर (मु०) सर्वेश कुमार उपस्थित रहे। सहायक अधीक्षक डाकघर सत्येंद्र सिंह द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यालय पर्यवेक्षक अभिषेक भार्गव द्वारा की गयी। कार्यक्रम में सत्येंद्र सिंह सहायक अधीक्षक डाकघर उपमंडल, सत्य प्रकाश सहायक अधीक्षक डाकघर अकबरपुर उपमंडल, परिवाद निरीक्षक निलेश मिश्रा, कार्यालय पर्यवेक्षक अभिषेक भार्गव, निरीक्षक डाकघर सफीपुर निखिल कुमार, निरीक्षक डाकघर बिल्हौर उत्कर्ष त्रिपाठी, निरीक्षक डाकघर बीघापुर विश्वजीत सिंह, अवधेश शुक्ल विकास अधिकारी आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शारदीय नवरात्रि कलश स्थापना आज

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। आचार्य ऋषि कान्त मिश्र ने बताया शारदीय नवरात्र कलश स्थापना समय 22 सितंबर सुबह ब्रह्म मुहूर्त से प्रारंभ होकर सायं सूर्यास्त अर्थात सूर्योदयात सूर्यास्त यावत दिन भर शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त श्रद्धा और विश्वास से युक्त होकर अपनी अपनी कुल परम्परा के अनुसार ही पूजन करें और पाठ करें। सुबह 7/30 बजे से 9 बजे तक राहु काल रहेगा।

## सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए निकाली गयी रैली

मीरजापुर। शक्ति स्वरूपा मां विंध्यावासिनी मंदिर से मिशन शक्ति-फेज 5.0 के तहत महिला जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान सदर विधायक रत्नाकर मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्कूटी रैली को आगे के लिए गया रवाना किया गया। रविवार को जनपद में पुलिस प्रशासन द्वारा मिशन शक्ति-फेज 5.0 के तहत भव्य स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। यह रैली मां विंध्यावासिनी मंदिर के पुरानी वीआईपी गेट से महिला पुलिस कर्मियों द्वारा निकाली गयी, जो पुलिस लाइन में आकर सम्पन्न हुई। रैली को सदर विधायक द्वारा सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस बाइक रैली में जनपद के विभिन्न थानों की महिला पुलिस कर्मियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करना है तथा महिलाओं को उनके प्रति होने वाले अपराधों के प्रति जागरुक करना रहा है। बताया गया कि मिशन शक्ति-फेज 5.0 अभियान का लक्ष्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और कानूनी रूप से सशक्त बनाना, अपराधों की रोकथाम तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाना मुख्य उद्देश्य है। इस अभियान के दौरान महिलाओं, बालिकाओं को उप्र सरकार व उप्र पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित विभिन्न सेवाएं जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 सहित जनपद के विभिन्न थानों व अन्य सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया।

## बहुजन जागरूकता बाइक रैली का आयोजन



सेउता (सीतापुर)। रविवार को बहुजन समाज की युवा टीम द्वारा रामास्वामी पेरियार, ललई सिंह यादव के संकल्प दिवस तथा शहीद भगत सिंह जी की जयन्ती के अवसर पर बहुजन जागरुकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली बसपा के विधानसभा प्रभारी आशीष पाल की अगुवाई में सम्पन्न हुई। जागरूकता बाइक रैली थानगांव से रेउसा होते हुए जहांगीराबाद के बजेहरा गांव के अम्बेडकर पार्क में समापन हुआ। समापन समारोह के दौरान वक्ताओं ने अपने अपने विचार भी रखे वक्ताओं का केन्द्र शिक्षा, आरक्षण रोजगार रहा। उपस्थित लोगों को संविधान में मिले अधिकारों के विषय में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर हजारों की संख्या में बहुजन जागरुकता रैली में शामिल हुए। इस अवसर रेखा आर्या, शैलेन्द्र आर्या, अनूप अम्बेडकर, विनय भारती, संजीत भारती, सुशील भारती, सरदार कमलेश सिंह, अजय भारती आदि लोग उपस्थित थे।

## सदस्यता महाअभियान 2025 के विषय पर विस्तार से चर्चा



सफीपुर, उन्नाव। प्रदेश सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के आवाहन पर चलाए जा रहे सहकारिता सदस्यता महाअभियान 2025 के अंतर्गत जिला सहकारी बैंक मुख्यालय में सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त पारदर्शी व जनहितैसी बनाने के संकल्प के साथ जिला सहकारी बैंक अरुण सिंह के नेतृत्व में सदस्यता महा अभियान 2025 की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। आयोजित कार्यक्रम उन्नाव जिला सहकारी बैंक लि० उन्नाव के भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सहकारिता सभागार में हुई। बैठक में सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त, पारदर्शी व जनहितैषी बनाने के संकल्प के साथ सदस्यता महाभियान 2025 की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं सहकारिता परिवार में जुड़े हुए सदस्यों को जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह द्वारा ब्रीफ करते हुए अधिक से अधिक लोगों तक सदस्यता महाअभियान मैं जोड़ने को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पुत्र व युवा नेता प्रखर गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सुशील तिवारी, उप महाप्रबंधक पुनीत चौधरी, उपायुक्त सहकारिता रविंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला, निदेशक शिवमोहन शर्मा एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख कौशलेंद्र सहित सहकारिता परिवार के सभी शाखा प्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी, स्वयंसेवक तथा साधन सहकारी समितियों के सम्मानित अध्यक्षगण उपस्थित रहे। सहकारिता ही ग्रामीण विकास की रीढ़ है, और इसी विश्वास के साथ हम सभी आगे बढ़ रहे हैं।

## पुलिस ने शव का अंतिम संस्कार किया

शुक्लागंज, उन्नाव। जिले के गंगाघाट थाना क्षेत्र के बालू घाट तिराहा, नया पुल के पास हाल ही में एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान अशोक गुप्ता (उम्र लगभग 45 वर्ष) के रूप में हुई है, जो इंद्रानगर, गंगाघाट के निवासी थे। मृतक अपने पीछे पत्नी सुमन गुप्ता और लगभग 7 वर्षीय बेटे को छोड़ गए हैं। परिवार की



आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय है और घर में अब कोई कमाने वाला नहीं बचा। ऐसे कठिन समय में गंगाघाट थाना अंतर्गत पश्चिमी चौकी इंचार्ज राजेंद्र सिंह चौहान और सिपाही योगेश प्रजापति व कांस्टेबल अमरीश ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए अंतिम संस्कार की पूरी जिम्मेदारी उठाई। उन्होंने न केवल शव को सुरक्षित तरीके से अंतिम संस्कार स्थल तक पहुंचाया, बल्कि मिश्रा कॉलोनी शिव घाट पर पूरे विधि-विधान से मृतक का अंतिम संस्कार भी करवाया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतक का परिवार बड़ी मुश्किल से अपने दिन काट रहा है। पत्नी और छोटा बच्चा बेसहारा हैं और उनकी मदद के लिए आगे आना नैतिक कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा, पुलिस सिर्फ कानून-व्यवस्था संभालने वाली संस्था नहीं, बल्कि समाज के हर दुख-सुख में साथ खड़ी रहने वाली ताकत भी है। इस सराहनीय कार्य से एक बार फिर यह सिद्ध हो गया कि पुलिस केवल ड्यूटी नहीं निभाती, बल्कि समय आने पर इंसानियत का भी धर्म निभाती है। इस घटना ने समाज में यह संदेश भी दिया कि जिसका कोई नहीं होता, उसका कोई न कोई जरूर बन जाता है।

## डालमिया चीनी मिल में हुआ भंडारा



सीतापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में डालमिया चीनी मिल परिवार ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक सामूहिक भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर मिल परिसर में बड़े पैमाने पर भोजन वितरण की व्यवस्था की गई। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, मजदूर, मिल के कर्मचारी, अधिकारी तथा स्थानीय जनसमुदाय ने सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करना था। भंडारे में शामिल हुए सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया और प्रधानमंत्री के स्वस्थ, दीघार्यु एवं राष्ट्र सेवा की निरंतर प्रेरणा के लिए शुभकामनाएं दीं। डालमिया चीनी मिल प्रबंधन टीएन सिंह ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत यह भंडारा केवल भोजन वितरण का कार्यक्रम नहीं था। बल्कि यह सामाजिक सद्भाव, समानता और सेवा भाव का प्रतीक है। इस अवसर पर डिस्टलरी हेड सुधीर वर्मा, मनीष जैन, नितेश कुमार, उमाकांत पाठक, अवधेश कुमार पाठक, पवन पाल, अभिषेक सिंह, विवेक ढाका, मीडिया प्रभारी सुधीर सिंह तथा मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वयंसेवा कर सभी को भोजन परोसा। भंडारे में उत्साह और आपसी सौहार्द का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

## शारदीय नवरात्र पूजन की तैयारियां पूरी

पाटन, उन्नाव। कस्बों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक नवरात्र दुर्गा पूजा को लेकर मंदिरों पंडालों में तैयारियां पूरा दिन रविवार को चलती रही। ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्र



को लेकर उत्साह दिखाई दिया। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र बक्सर में पतित पावनी गंगा के तट पर बना विशाल मंदिर जो चंद्रिका देवी मां के नाम से प्रसिद्ध हैं इस मंदिर में मुख्य रूप से अंबिका व चंडिका की प्रतिमा विराज मान हैं शारदीय नवरात्र को लेकर साफ सफाई के साथ ही प्रशासन के द्वारा पतित पावनी गंगा में में स्नान को लेकर प्रशासन कई दिनों से सुरक्षा व्यवस्था में जुटा हुआ है इसी के साथ ही कस्बों ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्र को लेकर रविवार दिनभर मंदिरों व पंडालों की व्यवस्था के साथ साथ साफ सफाई का अभियान चलता रहा और इलेक्ट्रॉनिक लाइट झालरो से मंदिरों को सजाना दिन भर प्रारंभ रहा वही कुछ जगह पर क्षेत्र में सैकड़ो जगह पर दुर्गा पूजा को लेकर पंडालो की व्यवस्था करने के लिए व्यवस्था में दिनभर छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं पुरुष जुटे रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक रूप से ग्रामीण सार्वजनिक स्थान पर पंडाल बनाकर दुर्गा मां की प्रतिमा व अन्य प्रतिमाएं रखकर प्रतिदिन विधि विधान के साथ सुबह शाम पूजा पाठ सहित अन्य कार्यक्रम किया करते हैं उसके बाद नवरात्र के समापन के बाद कन्या भोज करवाते हैं।

## रामलीला महोत्सव 25 से 3 अक्तूबर तक



उन्नाव। श्री राघव सनातन सेवा संस्थान द्वारा 15वां श्रीरामलीला महोत्सव का भव्य आयोजन 25 सितम्बर से 03 अक्टूबर तक वृन्दावन पार्क, आवास विकास, में प्रतिदिन सायं 07 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम की पत्रिका का लोकार्पण संस्थान के मुख्य अतिथि प्रवीण मिश्र ह्वाभानूह्न, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद प्रतिनिधि द्वारा सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में श्रीरामलीला महोत्सव को भारतीय संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रतीक बताते हुए संस्थान की सराहना की तथा इस आयोजन को समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक जागरण का माध्यम बताया। संस्थान के अध्यक्ष कुँवर आर. एस. चैहान (एड.) एवं महामंत्री जी. एस. भदौरिया ने आगामी महोत्सव की सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के संरक्षक राम तनेजा ने किया। इस अवसर पर संरक्षक अजय शुक्ला, कोषाध्यक्ष आशीष शुक्ला, के. जी. अग्रवाल, प्रवीण शर्मा, अम्बरीश त्रिपाठी, डी. डी. शुक्ला, आशीष निगम, अभिनव बाजपेई, प्रथम श्रीवास्तव, वीरेश श्रीवास्तव आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## मनाया गया आत्महत्या रोकथाम दिवस

सीतापुर। आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जिले की राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद में एक स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य विभाग सीतापुर की जिला कोऑर्डिनेटर सिम्मी श्रीवास्तव, डॉ प्रांशु अग्रवाल, राधा रानी, राजेश, केके मिश्रा ने कैम्प में आये हुए मरीजों का मार्गदर्शन किया। साथ ही सम्बन्धित मरीजों को दवाईयां वितरित की। कैम्प में जिला मानसिक स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आत्महत्या रोकथाम से सम्बंधित जानकारिया दीं। कैम्प में आये हुए मरीजों व आये हुए लोगों को जागरूक किया। साथ ही उनकी कॉउंसलिंग कर उनको दवा वितरण का कार्य किया। जिला राष्ट्रीय मानसिक विभाग के कैम्प में सभी वर्गों के महिला, पुरुषों बुजुर्गों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। मानसिक स्वास्थ्य विभाग की टीम से अपनी बीमारियों व समस्याओं को बताकर अपनी दवाईयां ली। टीम द्वारा मानसिक बीमारियों की भी सभी को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। 2 कैम्प में करीब 25 मरीजों को दवाईयां वितरित कराई गई। बताते चलें कि जिला अस्पताल में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य विभाग में मानसिक रोगों से सम्बंधित मरीजों का इलाज किया जाता है। शासन के निर्देशानुसार समय-समय पर जिले के उपयुक्त स्थानों जैसे कॉलेजों, स्कूलों, संस्थाओं में मानसिक रोगियों के लिए कैम्प का आयोजन किया जाता है। मानसिक स्वास्थ्य विभाग की टीम में मुख्य रूप से जिला कोऑर्डिनेटर सिम्मी श्रीवास्तव, डॉ प्रांशु अग्रवाल, राधा रानी, राजेश उपस्थित रहे।

## अमावश्या पर गोमती नदी में नहाने गये दो युवक डूबे

सीतापुर। रविवार को सर्व पितृ अमावस्या के मौके पर सुबह नैमिषारण्य में गोमती नदी के राजघाट और दशाश्वमेध घाट के बीच बने नए घाट पर नहाने गए दो युवक डूब गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने खोज अभियान शुरू कर दिया। लेकिन खबर लिखे जाने तक दोनों का कोई पता नहीं चल सका था। डूबने वाले युवकों की पहचान मनीष यादव 28 पुत्र रामिखलावन और सुमित यादव 30 पुत्र प्रेमचंद्र दोनों निवासी हनुमाननगर थाना सिधौली जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। युवकों के परिजनों ने तुरंत 112 नंबर पर फोन कर घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि मोटरबोट और गोताखोरों की मदद से दोनों युवकों की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि युवकों के परिजन भी घटनास्थल पर मौजूद हैं और स्थिति के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।इस घटना ने एक बार फिर गोमती नदी के घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते वर्षों में चक्रतीर्थ, गोमती घाट और पंच प्रयाग तीर्थ में भी डूबने से कई लोगों की मौतें हो चुकी हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे भीड भाड़ वाले और संवेदनशील स्थानों पर गोताखोरों की नियमित तैनाती की जाये। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## दो दिन पूर्व घर से निकले युवक का शव कुएं से बरामद

सेउता (सीतापुर)। थाना क्षेत्र अंतर्गत रेउसा के ग्राम सेउता में दो दिन से निकले युवक का शव कुआं में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। परिजन हत्या की आशंका जता रहे है। थाना क्षेत्र के ग्राम सेउता के चन्द्रहास उम्र 40 वर्ष पुत्र बिहारी कुछ काम लेकर शुक्रवार को घर से फोन पर बात करते हुए निकला था। देर शाम तक वापस न आने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। मोबाइल नम्बर मिलाया फोन नहीं लगा। शनिवार की सुबह मृतक का फोन और चप्पल घर के पास पड़े मिले। परिजनों को किसी अनहोनी होने की आशंका के चलते काफी खोजबीन की लेकिन कही पता नहीं चला। देर शाम चन्द्रहास के घर के सामने कुएं में कुछ होने आशंका हुई। कुएं में देखकर परिजन हतप्रभ रह गये। रोशनी जलाकर देखा तो चन्द्रहास का शरीर कुएं में भरे पानी के ऊपर तैर रहा था। ये देख परिजन रोने चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठे हुए और चन्द्रहास को बाहर निकाला गया। तब तक बहुत देर हो चुकी थी और चन्द्रहास दम तोड़ चुका था। मृतक चन्द्रहास के शरीर पर चोट के निशान तथा मुंह से खून निकलने से परिजनों को चन्द्रहास के मृत्यु का कारण संदिग्ध लगा। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम करवाने की तहरीर लेकर तहरीर के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस विषय में थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी ने बताया कि युवक अपराधी तथा शराबी किस्म का आदमी था हो सकता हो। शराब के नशे में कुएं में काफी देर तक पड़ा रहा होगा। इसी कारण मौत होगी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

संक्षेप

## खौलती सब्जी भगोने में गिरी बच्ची, मौत

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के टोलाकला गांव में बीती देर रात पित्र मिलन कार्यक्रम के दौरान तीन वर्षीय कोमल खेलते समय खौलती सब्जी के भगोने में गिर गयी। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। परिजन फौरन बच्ची को लेकर बबेरू सीएचसी पहुंचे लेकिन डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

परिजन जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद कोमल को मृत घोषित कर दिया। इस हृदयविदारक घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गयी। पित्रमिलन की खुशी के मौके पर अचानक हुई इस घटना ने परिवार को सदमे में डाल दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 24 से

**ललितपुर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर गोविन्द सागर बांध की तलहटी में स्थित श्रीसर्वेश्वर धाम आश्रम पर आगामी 24 सितम्बर दिन बुधवार से संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

ब्रह्मलीन श्री दिगम्बर नागा श्री अमावसगिरी महाराज के कृपा पात्र शिष्य अनन्त विभूषित जगतगुरू स्वामी डा.कृष्णगिरीजी महाराज द्वारा श्रीराम कथा का अमृतपान कराया जायेगा। श्रीराम कथा के मंगलयम आयोजन में सर्वप्रथम श्रीगणेश पूजन व कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ होगी।

नौ दिनों तक अपराह्न 1 से शाम 5 बजे तक अनवरत चलने वाली श्रीराम कथा का 1 अक्टूबर 2025 को विश्राम होगा। कथा विश्राम दिवस पर हवन पूजन, कन्या भोज व भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।

यह जानकारी आयोजक/मुख्य यजमान धमार्चार्य, प्रान्तीय उपाध्यक्ष विश्व हिन्दू महासभा महामण्डलेश्वर गिरीश बाबाजी महाराज ने दी है।

# शव रखकर किया पुलिस की कार्य प्रणाली के विरोध में प्रदर्शन

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** उन्नीस सितम्बर को बजाज फाइनेंस कम्पनी में 1 करोड़ 71 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामला प्रकाश में आया था। जिस पर पुलिस ने कम्पनी के मैनेजर की तहरीर पर फर्जी कागजात बनाकर लोन कराने वालों पर कार्यवाही की मांग की थी। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुये उन्हें जेल भेज दिया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला रामनगर निवासी मुहर बनाने की दुकान संचालित करने वाले शिवम राठौर को जेल भेज दिया था। अगले दिन शिवम राठौर के पिता 56 वर्षीय लक्ष्मीनारायण राठौर का शव सीमावर्ती मध्यप्रदेश के जिला टीकमगढ़ के एक होटल से बरामद किया गया। परिजनों के अनुसार पुलिस प्रताड ?ा से आजिज आकर लक्ष्मीनारायण राठौर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से मृतक की जेब से एक पत्र भी बरामद किया गया था, जो कि चचाओं का विषय बना।

था, जिसके दो दिन बाद 19 सितम्बर को कोतवाली पुलिस ने शिवम राठौर को एक अन्य आरोपी के साथ जेल भेज दिया था। इस प्रकरण को लेकर रबर मुहर की दुकान संचालित कर रहे शिवम राठौर के पिता लक्ष्मी नारायण राठौर ने टीकमगढ मध्यप्रदेश में गायत्री होटल के कमरा नम्बर 106 में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच करने पहुंची टीकमगढ़ पुलिस ने मृतक के पास से दो पत्र भी बरामद किये, जिनमें ललितपुर कोतवाली में तैनात एक उप निरीक्षक पर गंभीर आरोप लगाये गये हैं, जबकि दूसरे पत्र में उनके पुत्र को बिना किसी वारण्ट के हिरासत में लेने और बिना किसी आपराधिक रिकॉर्ड के जबरन आरोपी बनाये जाने के आरोप शामिल हैं। परिजन लक्ष्मी नारायण राठौर का शव लेकर ललितपुर वापस आ गये थे, जिसे देखते हुये पुलिस सक्रिय बनी हुयी थी। करीब तीन घण्टे बाद मृतक के परिजनों द्वारा पुलिस द्वारा आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया। परिजनों ने लक्ष्मीनारायण राठौर का अंतिम



प्राईवेट वाहन और सादा वर्दी में पहुंच कर दुकान खुलवाई और मारपीट करते हुये जबरन बहुत सारी मुहरें बनवायी। इसके बाद 19 सितम्बर की रात आनन-फानन में उनके घर आकर शिवम की गिरफ्तारी का नोटिस दिया गया। परिजनों ने कहा कि लक्ष्मी

- पहले पिता को उठाकर ले गये बाद में बेटे को कर लिया गिरफ्तार
- प्रयागराज से लौटकर टीकमगढ़ में लगाई थी दुकानदार ने फांसी
- दो घण्टे की पैरोल पर आये पुत्र ने किया अंतिम संस्कार
- एलाइट चैराहा पर प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर लगाये प्रताड़ना सहित अन्य गंभीर आरोप
- प्रदेश सरकार से पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराकर इंसाफ दिलाने की मांग

सूचना मिलने पर परिजनों ने टीकमगढ़ पहुंच कर लक्ष्मीनारायण राठौर का शव प्राप्त कर ललितपुर वापस आ गये थे। रविवार को अंतिम संस्कार करने के पहले परिजनों ने एलाइट चैराहा पर लक्ष्मीनारायण राठौर का शव रखकर प्रदर्शन करते हुये प्रकरण को लेकर कोतवाली में तैनात एक उप निरीक्षक पर आरोप लगाते हुये पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग उठायी है।

गौरतलब है कि जिले में बजाज फाइनेंस कम्पनी में 1.71 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस जांच कर रही थी। परिजनों के अनुसार जांच के दौरान कम्पनी की मुहर बनाने वाले शिवम राठौर को पुलिस ने बीती 17 सितम्बर 2025 को हिरासत में ले लिया

संस्कार करने से पहले एलाइट चैराहा पर शव रखकर जाम लगा दिया और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान परिजनों ने ललितपुर पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाये हैं। परिजन आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई और शिवम की रिहाई की मांग कर रहे हैं। मामला बजाज फाइनेंस में कूटरचित दस्तावेजों और फर्जी मुहर के इस्तेमाल का है। इस मामले में पुलिस अब तक मुख्य आरोपी महेश बरार, शमीम खान सहित 7 से अधिक आरोपी जेल भेजे जा चुके है।

**चार दिन पहले लिया हिरासत में, फिर दिया नोटिस**

परिजनों का आरोप है कि 17 सितम्बर की रात शिवम को थाने में बैठाया गया, जिसके बाद रात 11 बजे

नारायण राठौर के अंतिम संस्कार के लिए मुखाग्नि देने के लिए शिवम राठौर को रिहा करने की मांग की गयी। परिजनों ने प्रकरण की जांच उच्च स्तरीय कराये जाने की मांग उठायी है, ताकि भविष्य में इस प्रकार से किसी निर्दोष को जबरन किसी भी मामले में न फंसाया जाये।

**सीसीटीवी फुटेज से की जाये निष्पक्ष जांच**

परिजनों ने बताया कि उनके घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हुये हैं, जिनमें दर्ज फुटेज की जांच करायी जाये। आरोप है कि सादा वर्दी में पुलिस कर्मी उनके घर आये और जबरन उनके भाई को लेकर गये। यह भी आरोप है कि एक पुलिस कर्मी ने एक लाख रुपये की मांग की थी, लेकिन

एक लाख रुपये न होने पर परिजनों ने उन्हें 50 हजार रुपये भी दिये। रुपये लेने की बात में कितनी सच्चाई है, यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

**एडीएम नमामि गंगे व एसडीएम सदर पहुंचे मौके पर**

प्रदर्शन की खबर मिलने पर प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव व उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया।

**मृतक के परिजनों व पुलिस में हुई नोंक-झोंक**

प्रदर्शन के दौरान इलाइट चैराहा पर मृतक लक्ष्मी नारायण राठौर के परिजनों व पुलिस के बीच नोंक-झोंक भी हुयी, जिसमें परिजनों समेत भीड़ ने पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाते हुये शिवम राठौर की रिहाई और पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते नजर आये।

इलाइट चैराहा पर लोगों की भारी भीड़ के द्वारा प्रदर्शन किये जाने की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस सीओ सदर अजय कुमार के नेतृत्व में दंगा नियंत्रण अभ्यास की गणवेश में पहुंची, जहां उन्होंने लोगों को समझाने का प्रयास किया।

**दो घण्टे की पैरोल पर शमशानघाट पहुंचा शिवम**

पिता के अंतिम संस्कार को पूरा करने के लिए मजिस्ट्रेट के आदेश पर जेल में निरूद्ध शिवम राठौर को दो घण्टे की पैरोल दी गयी।

पैरोल मिलने के बाद पुलिस अभिरक्षा में शिवम राठौर को एलाइट मुक्तिधाम पर ले जाया गया, जहां उसने अपने छोटे भाई सत्यम राठौर के साथ हाथ पकड़कर पिता के अंतिम संस्कार की रस्म पूरी की। यह नजारा देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें नम थीं।

बजाज फाइनेंस लिमिटेड से कूटरचित दस्तावेजों, फर्जी स्टाम्प पेपरों पर टंकित नाम, पता, तारीखों को एडिट कर, फर्जी रजिस्ट्रियों को एडिट कर, फर्जी मोहरें बनाकर लोन कराने के मामले में साक्ष्यों के आधार पर सात अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

इसी क्रम में एक अभियुक्त के पिता ने 20 सितम्बर म.प्र. के जिला टीकमगढ़ में आत्महत्या कर ली। रविवार को मृतक के परिजनों ने असंतोष प्रकट करते हुये इलाइट चैराहा पर जाम लगाया गया, जिसे पुलिस प्रशासन द्वारा समझा-बुझाकर जाम को खुलवा दिया गया।

मृतक के परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। लॉ एण्ड ऑर्डर की समस्या नहीं है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होगा रामलीला का मंचन : मनोज तिवारी

**महोबा।** नगर के पुराने रामलीला मैदान में इस बार की रामलीला और भी खास होने वाली है, क्योंकि मंच पर पौराणिक पात्रों को जीवित करने के लिए जुड़ रहे हैं अयोध्या के रामलीला मंडल के चर्चित चेहरे। महोबा के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रामलीला हमेशा से दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही है लेकिन इस बार अयोध्या के कलाकारों की मौजूदगी से ये आयोजन न सिर्फ धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से, बल्कि मनोरंजन के लिहाज से भी खास बनने जा रहा है। महोबा में सन 1875 में रामलीला का शुभारंभ हुआ था।1916 से 1960 तक नियमित रूप से, रामलीला मंचन की परंपरा पंडित मुकुंद लाल तिवारी द्वारा विकसित की गई थी। उनके द्वारा रचित आरती से लीला प्रारंभ होती रही है और आज भी लीला के प्रारंभ में परशुराम परमानंद गाकर ही रामलीला का मंचन होता है। सन 1961 से 2019 तक पूर्व विधायक बाबूलाल तिवारी के दिशा निर्देशन पर रामलीला का मंचन होता रहा है। श्री रामलीला न्यास के सचिव मनोज तिवारी ने बताया गत वर्षो की भांति इस वर्ष दिनांक 22 एवं 23 सितंबर को रामालय सभागार में रामचरितमानस का पाठ होगा दिनांक 24 सितंबर को सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा होगा। दिनांक 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या एवं श्री रामलीला न्यास महोबा के संयुक्त तत्वाधान में आदर्श मिथिलांचल रामलीला फाउंडेशन द्वारा 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रामलीला का मंचन होगा। 2अक्टूबर को रावण के पुतले का दहन एवं 3 अक्टूबर को रामलीला मैदान से प्रभु की राजगद्दी की शोभा यात्रा का नगर भ्रमण होगा।

## रोटी बैंक ने ग्रामीणों को बांटा जरूरत का सामान



**बांदा।** रोटी बैंक सोसाइटी ने ब्लाक बड़ोखर खुर्द के ग्राम अछरौंड़ में जरूरतमंद ग्रामीणों को कपड़े, किताबें, जूते, चप्पल, पर्स, घड़ी का वितरण किया। संरक्षक शेख सादी जमा, सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज, मिन्टू यादव, अरुणेश सिंह के संरक्षण, संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष रिजवान अली की अध्यक्षता, शाखा प्रमुख खुटला के नेतृत्व व ग्राम प्रधान विनोद यादव की उपस्थित में समाजसेवी आजाद मोहम्मद के सहयोग से ग्रामीणों को कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स, घड़ी आदि का वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष रिजवान अली और सदस्य शफीक अहमद ने जागरूक किया। कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स, घड़ी आदि पाकर ग्रामवासियों में बेहद खुशी दिखाई दी, जरूरत का सामान पाकर ग्रामीणों ने टीम को दुआएं और आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, उप शाखा प्रमुख छिप्तहरी अलीमुद्दीन, सदस्य निहाल खान, शहाना खान आदि पदाधिकारी, सदस्यों एवं समाजसेवियों का योगदान रहा।

## विद्यार्थी परिषद की जीत पर कार्यकर्ताओं ने जतायी प्रसन्नता

**बांदा।** दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शानदार जीत को लेकर यहां भी एबीवीपी कार्यकताओं ने प्रशन्नता का इजहार किया। कार्यकताओं ने जीत का जश्न मनाकर एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाईं और बधाई दी। विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडेय ने कहा कि यह जीत छात्रों के विश्वास और संगठन की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जीत ने यह साबित कर दिया है कि छात्र समुदाय राष्ट्रवाद और विकास के एजेंडे को पसंद करता है। विभाग सह प्रमुख डॉ अशोक सिंह परिहार ने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि एबीवीपी हमेशा छात्रों के हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि यह जीत उन सभी कार्यकताओं को समर्पित है जिन्होंने दिन-रात मेहनत करके संगठन को मजबूत बनाया है। इस दौरान कार्यकता विश्वभर, जिला प्रमुख डॉ शैलेश सिंह, नगर अध्यक्ष डॉ नवीन पांडेय, नगर मंत्री श्लोक द्विवेदी, पूर्व विभाग संयोजक नीतीश निगम, पूर्व जिला संयोजक आशीष पांडेय, विकाश सिंह, प्रवीण सिंह, अभय साहू आदि पदाधिकारी मौजूद रहें।

# विधायक ने डिप्टी सीएम से की वार्ता, शीघ्र हो स्टॉफ भर्ती

जिला संवाददाता

**बांदा।** रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी बेहद गंभीर हैं। स्वास्थ्य सेवाएं दुरूस्त करने के लिए डॉक्टरों व नर्स स्टॉफ की कमी

- घोषणा पूरी करने को हो शीघ्र कार्रवाई



को पूरा करने के लिए उन्होने बीते दिनों उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से भेंट कर मेडिकल कॉलेज की बदहाल स्थिति और की गयी घोषणाओं के पूरा न होने पर कड़ा रूख अख्तियार किया है।

सदर विधायक ने स्पष्ट रूप से कहा कि लोगों के बीच डॉक्टर और नर्सों की भर्ती किए जाने की घोषणा अब तक अधूरी हैं। यहां के लोगों और मुझे इसका इंतजार है कि भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। उन्होने कहा कि मेडिकल कॉलेज प्राचार्य सुनील कौशिक ने बताया है कि डिप्टी सीएम की घोषणा के बाद भर्ती प्रक्रिया के लिए पत्र निदेशालय भेजा जा चुका है लेकिन फाइल लंबित पड़ी है। जब तक शासन से अनुमति नही मिलती भर्ती प्रक्रिया आगे नही बढ़ सकती है। विधायक प्रकाश द्विवेदी ने डिप्टी सीएम से कहा कि मेडिकल कॉलेज में स्टॉफ की भारी कमी के चलते लोग परेशान हैं।

यदि आपके स्तर से की गयी घोषणाएं समय पर पूरी नही होतीं तो यह न केवल लोगों के लिए ही नही बल्कि मेरे लिए भी चिंता का सबब है। लोग अब ठोस कार्रवाई चाहते हैं, आश्वासन नही। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सदर विधायक को भरोसा दिया कि किया गया वादा हर हाल में पूरा होगा। अक्टूबर माह के पहले पखवाड़े तक मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों और नर्सों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसमें लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# वृन्दावन की सुप्रसिद्ध रामलीला का 56वां भव्य आयोजन आज से

ललितपुर। श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर के तत्वाधान में वृन्दावन की सुप्रसिद्ध रामलीला का 56वां भव्य आयोजन 22 सितम्बर से किया जा रहा है, जो कि 3 अक्टूबर तक अनवरत रूप से चलेगा। श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर परिसर में आयोजित रामलीला के आयोजन को लेकर श्रीलक्ष्मी नृसिंह रामलीला समिति की ओर से बताया जा रहा है कि 22 सितम्बर को लीला का शुभारंभ होगा, जिसमें नारदमोह व रावण दिग्विजय की कथा होगी। अगले दिन 23 सितम्बर को श्रीराम जन्म, ताड़का-सुबाहू वध, 24 सितम्बर को जनकपुर अवलोकन, पुष्प वाटिका प्रसंग, 25 सितम्बर को धनुष यज्ञ, रावण-वाणासुर संवाद, परशुराम-लक्ष्मण संवाद, 26 सितम्बर को श्रीराम विवाह, वनगमन, केवट प्रसंग, 27 सितम्बर को दशरथ मरण, श्रीभरत मिलाप, 28 सितम्बर को मारीच वध, सीताहरण, राम-सुग्रीव मित्रता, 29 सितम्बर को बाली वध, सीताजी की खोज, लंका दहन, 30 सितम्बर को विभीषण शरणागति, सेतुबंध, अंगद-रावण संवाद, 1 अक्टूबर को लक्ष्मण शक्ति, कुम्भकरण वध, मेघनाथ वध, सती सुलोचना, 2 अक्टूबर को रावण वध (दशहरा) और अंतिम दिवस 3 अक्टूबर को राज्याभिषेक और श्रीरामलीला का समापन किया जायेगा। इस भव्य और दिव्य कार्यक्रम के आयोजक महन्त गंगादासजी महाराज ने सभी जनपदवासियों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया है।

## नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर, सज रहे हैं देवी पंडाल



**बांदा।** जिले भर में शारदीय नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर हैं। मूर्ति कला केन्द्र के मूर्तिकार दिन-रात देवी प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं। केन्द्र संचालक सुरेन्द्र कुशवाहा कहते हैं कि वह बीते 20 वर्षों से प्रतिमाओं का निर्माण कर रहे हैं। नवरात्र से तीन महीने पूर्व ही प्रतिमाओं का निर्माण शुरू कर दिया जाता है। उन्होने बताया कि प्रतिमा बनाने में प्लास्टर ऑफ पेरिस, चॉक, मिट्टी, कपड़ा, लकड़ी तथा बांस का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा नारियल का जूट, घास, रंग और प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। प्रतिमाओं की ऊंचाई 3 से 8.5 फीट तक रखी जाती है। इस नवरात्रि में मूर्तियों की बुकिंग लगभग पूरी हो चुकी है। शहर और गांवों में भी देवी प्रतिमाएं स्थापित करने के लिए पंडाल सजाए जा रहे हैं। देवी भक्तों में बेहद उत्साह देखा जा रहा है। नवरात्रि के पूर्व ही प्रशासन सड़कों की मरम्मत, सफाई और विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त करने मे जुटा हुआ है। पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए हैं।

# चन्द्रगुप्त मौर्य एक कुशल प्रशासक: प्रो. एस.के



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय 30वें दीक्षाँत समारोह के उपलक्ष्य में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेन्द्र सिंह के निर्देशन में दीक्षाँत सप्ताह के अंतर्गत इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के इतिहासविद् एवं पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एस.के. जायसवाल ने ह्यमौर्य प्रशासनिक व्यवस्था के विविध आयामः आधुनिक युग में उसकी प्रासंगिकताह्ल विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रो. जायसवाल ने बताया कि चन्द्रगुप्त मौर्य एक कुशल प्रशासक को भूल से भी दण्डित नहीं किया जाना चाहिए। स्ट्रैबो द्वारा उल्लिखित ह्यमजिस्ट्रेटह्ल वर्तमान आई.ए.एस. अधिकारियों के समतुल्य होते थे। पूरा प्रशासनिक ढाँचा अतिविकसित

- मौर्य प्रशासनिक व्यवस्था के विविध आयाम: आधुनिक युग में उसकी प्रासंगिकताह्ल विषय पर हुआ व्याख्यान

थे। इसी कारण से पहला अखिल भारतीय सम्राज्य आस्तित्व में आया जो वर्तमान अफगानिस्तान तक जा पहुँचा था। मौर्य सम्राज्य के प्रशासन के बारे संपूर्ण जानकारी कौटिल्य के अर्थशास्त्र से मिली। इसका सर्वप्रथम शामाशास्त्री ने अनुवाद किया। प्रो. जायसवाल ने स्पष्ट किया कि विश्व के पटल पर केवल प्राचीन भारत में ही ऐसी राजनैतिक अवस्था मिलती है जिसमें तानाशाही के लिए कोई गुंजाइश कभी नहीं रही। भारतीय शासकों को अपने परामर्शदाताओं की बात मानने की विवशता होती थी। चन्द्रगुप्त मौर्य को आकस्मिक सलाह देने के लिए एक ह्यलघु समितिह्ल का प्रावधान था। प्रो. जायसवाल ने बताया कि मौर्य शासको की न्याय व्यवस्था अत्यंत विकसित थी। यद्यपि अंतिम न्यायकर्ता राजा ही होता था। कौटिल्य ने राजा को सख्त हिदायत दी थी कि दण्डनीय को दण्ड अवश्य देना चाहिए और अदण्डनीय

अवस्था में था। केन्द्रीय, प्रांतीय, स्थानीय तथा नगरीय प्रशासन मिलता है। नगर प्रशासन और सेना का प्रशासन समितियों के द्वारा संचालित होता था। मौर्य प्रशासन मिश्रित प्रकार का था। अधिकारियों का चुनाव भी होता था और केन्द्रीय अधिकरण से सीधी नियुक्ति भी की जाती थी। उदाहरण के लिए ग्रमणी का चुनाव होता था जबकि ग्रामभोजक सीधे सरकार का प्रतिनिधि होता था। मौर्य प्रशासन मे अर्थदण्ड की विशेष महत्ता थी। मौर्य प्रशासन मे अर्थदण्ड को तीन स्तरों का बताया गया हैं। कौटिल्य ने अपनी अर्थशास्त्र मे राजकोष को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना है जब वह कहता है, ह्यह्यराजकोष राज्य का आधार होता है ह्लह्ल पूरे सम्राज्य में गुप्तचरों का जाल बिछा हुआ था। गुप्तचरों की प्रमुख दो श्रेणियाँ होती थी - संस्था एवं संचारा। प्रो. जायसवाल ने बताया कि छात्र गुप्तचरों को कापटिक कहा जाता था। इसी प्रकार से भिक्षुणी, सन्यासी और मुण्डा नामक गुप्तचर हुआ करते थे। मौर्य प्रशासनिक व्यवस्था में दूतों के तीन प्रकार निसृष्टार्थ, परिमितार्थ तथा शासनहर होते थे। प्रो. जायसवाल ने अशोक के काल को कल्याणकारी राज्य का दर्जा देते हुए बताया कि धम्ममहामत्त, रज्जुक, युक्त, नगर वोहारिक तथा पुरूष आदि नामक अधिकारियों को अशोक ने जनकल्याण के कार्यों में लिप्त कर दिया था। प्राचीन भारत में अशोक द्वारा स्थापित समानता के इन सिद्धांतों ने हमारे संविधान की धारा चैदह को स्वरूप प्रदान किया है। इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजय चैधरी ने प्रो. एस.के.जायसवाल तथा अन्य उपस्थित श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. अवध नरायण, डॉ. दिवाकर त्रिपाठी, ऋषभदेव शोध पीठ के डॉ. देवनरायण वर्मा, डॉ. सुरेन्द्र प्रताप यादव, डॉ. नेहा श्रीवास्तव और एम.टी.टी.एम. विभाग के डॉ. दिलीप कुमार सिंह, डॉ. मो. सादिक तथा डॉ. सरोज सिंह उपस्थित शोधछात्र एवं परास्नातक स्तर के छात्र-छात्राऐं भी उपस्थित रहे।

## नमो मैराथन में दौड़ी अयोध्याा

**अयोध्या।** सेवा पखवारा के तहत भाजपा युवा मोर्चा द्वारा रविवार को साकेत महाविद्यालय से रामकथा पार्क तक नमो मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन को आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्द्र यादव, अमित सिंह चैहान, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी और युवा मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष नितिन मित्तल, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सड़क किनारे खड़े लोगों ने धावकों का उत्साहवर्धन किया। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया है।

खेल और स्वास्थ्य को जोड़कर प्रधानमंत्री ने देश को नई दिशा दी है। नमो मैराथन उसी सोच का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को फिटनेस के साथ सेवा और समर्पण की राह पर आगे बढ़ाना है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि सेवा पखवारा केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज को जोड़ने का अभियान है। इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं में उत्साह और देशभक्ति की भावना और प्रबल होती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार समाज के हर वर्ग के विकास और उत्थान के लिए संकल्पित है और युवा शक्ति उसकी सबसे बड़ी ताकत है। मैराथन में पुरूष वर्ग में प्रिंस ने प्रथम अभिषेक यादव द्वितीय व नितीश तीसरे तथा महिला वर्ग में सुष्मिता प्रथम, प्रीति दूसरे व माधुरी तीसरे स्थान पर रहीं।

# रजत जयंती पर मां की निकाली गयी भव्य कलश यात्रा



**अयोध्या।** शक्ति वाहिनी ने रजत जयंती पर निकाली भव्य कलश यात्रा। शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या पर रविवार को प्रतिबर्ष वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां सरयू तट से वरुण आह्वान के बाद गाजे बाजे के साथ निकली गई भव्य कलश यात्रा, मां की जयकारे से गूंजायमान हुई श्री राम की नगरी। मां के जयकारों के साथ शक्ति वाहिनी की अगुवाई में निकली यात्रा सरयू तट से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई छोटी देवकाली मंदिर पहुंची। यात्रा का संयोजन केंद्रीय दुगार्पूजा व रामलीला समन्वय समिति तथा शक्ति वाहिनी के संयुक्त संयोजन से किया गया। यात्रा नयाघाट , बाबू बाजार, श्रृंगारहाट , हनुमानगगढ़ी , हरिद्वारी बाजार होती हुई छोटी देवकाली मंदिर पहुंची, पूजा अर्चन के बाद किया गया प्रसाद वितरण।

मां के कलश यात्रा का आचार्य पीठ तिवारी मंदिर के सामने महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती राजलक्ष्मी त्रिपाठी ने माता जी की आरती कि और बताया कि माता का अनुष्ठान प्रतिपदा को शुभ मुहूर्त में करना चाहिए और विसर्जन दशमी तिथि को ही करना चाहिए यही शास्त्रों का मत है। माता रानी के यात्रा का दर्जनों स्थानों पर स्वागत हुआ और लोगों ने पुष्प वर्षा की। केंद्रीय समिति के संयोजक महंत धनुषधारी शुक्ला ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से यह यात्रा अनवरत नवरात्रि के पूर्व संध्या पर निकाली जाती है। अध्यक्ष रमापति पांडे ने बताया कलश यात्रा सनातन परंपरा का एक अंग है जिसमें कोई अनुष्ठान प्रारंभ करने से पहले हम किसी पवित्र नदी से जल भरते है और आज रविवार को बहनों ने मां सरयू से जल भर कर अपने- अपने घरों मे मां की स्थापना पूजन करेंगी। शक्ति वाहिनी प्रमुख बिंदु सिंह ने बताया कि बड़े ही उत्साह के साथ माताएं बहने माता की कलश यात्रा में शामिल होती हैं और यही कलश स्थापित करके 9 दिन तक पूजा करती है। राजा जयंती में शामिल हुए बहनों का बहनों का आभार प्रवक्ता भानु प्रताप सिंह ने व्यक्त किया। अशोक शास्त्री ने वरुण पूजन कराया। कलश यात्रा में वन्दना त्रिपाठी, पार्वती कौशल, दया मिश्रा, आंचल यादव, प्रभादेवी, अनीता सिंह, अंजू सिंह, गरिमा आचार्य, उर्मिला तिवारी, अनीता, इस्त्रावती , रंजन सागर, महासचिव श्रीनिवास शास्त्री , कलश यात्रा में प्रभारी दीपचंद्र राही, देवर्षिराम त्रिपाठी , सुरक्षा प्रभारी पंकज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## व्यापारी आत्महत्या प्रकरण में एसपी को आज सौंपा जायेगा ज्ञापन

**ललितपुर।** बजाज फाइनेंस कम्पनी के प्रकरण में शहर के व्यापारी शिवम राठौर की गिरफ्तारी और उनके पिता लक्ष्मी नारायण राठौर द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर अब उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल आगे आया है। मण्डल के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग के लिए 22 सितम्बर दिन सोमवार को सुबह 11 बजे एक आवश्यक बैठक श्रीजगदीश मार्केट स्थित कार्यालय में आयोजित की जा रही है। इस बैठक के उपरान्त व्यापारी एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक को संबोधित एक ज्ञापन उनके कार्यालय पहुंच कर सौंपेगा। उन्होंने सभी नेताओं और व्यापारियों से एकजुट होकर मामले की निष्पक्ष जांच और व्यापारी को न्याय दिलाये जाने के लिए ज्ञापन देने के लिए पहुंचने का आह्वान किया है।

## ड्यूटी पर गया वन दरोगा रहस्यमय ढंग से हुआ लापता

**ललितपुर।** जनपद ललितपुर में एक वन दरोगा के लापता होने का मामला सामने आया है। थाना कोतवाली क्षेत्र की निवासी प्रियंका सिंह ने अपने पति गनेशराम सिंह, जो कि वन विभाग में वनरक्षक (वन दरोगा) के पद पर तैनात हैं, की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गनेशराम सिंह 20 सितंबर शनिवार को अपनी ड्यूटी पर वन विभाग ललितपुर के लिए निकले थे, लेकिन इसके बाद से वे घर वापस नहीं लौटे और उनका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है।

परिजनों द्वारा सभी संभावित स्थानों और रिश्तेदारों से संपर्क किया गया, लेकिन कहीं से भी कोई सुराग नहीं मिला। दरोगा की पत्नी प्रियंका सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए पुलिस प्रशासन से पति की खोजबीन कराए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि अब तक किसी भी माध्यम से पति की कोई सूचना नहीं मिल पाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छानबीन शुरू कर दी है।

# इस्लामी नाटो और भारत

इसे पाकिस्तान और सऊदी अरब का भय कहें, इस्लामी देशों की तथाकथित एकता कहें या रक्षा सहयोग की बात, लेकिन पाकिस्तान के हाथ में इस्लामी नाटो के नाम पर अलादीन का चिराग तो लग ही गया है। अब वह सऊदी अरब से रक्षा समझौते के नाम पर पैसा लेगा और अपनी सेना को मजबूत करेगा। इससे भारत की चुनौतियां बढ़ेंगी। दरअसल बीते दिनों मिस्त्र ने प्रस्ताव दिया था कि अरब लीग के 22 देशों की संयुक्त सेना, नाटो की तर्ज पर, बनाई जाये। उसमें पाकिस्तान को शामिल नहीं किया गया था। यह विचार भी कतर पर इजरायल के हमले के मद्देनजर सामने आया था। यदि अरब लीग की साझा सेना औपचारिक तौर पर आकार ग्रहण करती है, तो इजरायल के खिलाफ तीस लाख से अधिक सैनिकों की साझा सेना होती। उनका आखिरी फैसला या करार तो फिलहाल विचाराधीन है, लेकिन सऊदी अरब और पाकिस्तान ने नाटो जैसा करार कर लिया है। करार पर पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी युवराज (प्रधानमंत्री) मुहम्मद बिन सलमान ने दस्तखत किए। पाकिस्तान के सेना प्रमुख, फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी करार के दौरान मौजूद थे। नाटो जैसा करार इसलिए कहा जा रहा है कि यदि कोई एक देश



पर हमला करता है, तो उसे दोनों देशों पर हमला माना जाएगा और सऊदी-पाक की सेनाएं मिल कर उस हमले का जवाब देंगी। विशेषज्ञ इस करार को औपचारिक संधि नहीं मानते, लेकिन भारत समेत क्षेत्रीय देशों ने इस करार को गंभीरता से लिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के मुताबिक-सरकार को इसकी पहले से ही जानकारी थी। यह लंबे वक्त से होने वाला था। यह समझौता दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद संबंधों को औपचारिक रूप देता है। इससे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर क्या असर पड़ेगा, उसका आकलन किया जाएगा। भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बहरहाल करार में पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को भी शामिल किया गया है। दरअसल सऊदी अरब ही नहीं, अधिकतर खाड़ी देश अब अमरीका की सुरक्षा गारंटी पर ही आश्रित नहीं रहना चाहते। इस गारंटी के बल पर ही वे इजरायल के हमलों को रोक नहीं सकते। वैसे अमरीका और इजरायल दोनों आपस में मित्र-देश हैं। हमलों के पीछे उनकी साझा रणनीति होती है। पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार हैं। चीन के सहयोग से वह ऐसे मिसाइल सिस्टम विकसित करने में जुटा है, जो पूरे मध्य-पूर्व और इजरायल तक मार कर सकेंगे। सवाल भारत के लिए बेहद अहम है कि क्या सऊदी अरब, आतंकवाद के मद्देनजर छिड़ी जंग के दौरान, भारत के खिलाफ युद्ध लड़ेगा? सऊदी भारत का अहम मित्र-देश है। वहां की 3.5 करोड़ की आबादी में करीब 26.50 लाख भारतीय भी हैं, जो उसकी अर्थव्यवस्था को गति और पुख्ता आधार देने में सक्रिय हैं। सऊदी हमारा चौथा सबसे बड़ा व्यापार-साझेदार है। 2016 में सऊदी हुकूमत ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी को उनके सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा था। क्या फिर भी सऊदी अरब, पाकिस्तान के लिए, भारत के खिलाफ युद्ध में उतर सकता है? गौरतलब यह भी है कि सबसे अधिक हथियार आयात करने वाले देशों में भारत दूसरे और सऊदी अरब चौथे स्थान के देश हैं। सऊदी विश्व की 18वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि इस संदर्भ में पाकिस्तान का स्थान 43वां है। लेकिन पाकिस्तान के पास एक बड़ी सेना है और परमाणु बम भी। ऐसे में पाकिस्तान अरब और खाड़ी के मुल्कों में इजराइल का जो भय है, उसे भुनाकर उनके साथ भी रक्षा करार कर सकता है। इससे पाकिस्तान को आर्थिक संकट में निकलने में मदद मिल सकती है क्योंकि उसकी आर्थिक बदहाली जग जाहिर है। इसलिए भारत को पाकिस्तान की इस चाल को विफल करने के लिए अपने कूटनीतिक प्रयास तेज करने होंगे।

### विचार

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।

-रस्किन.

चेहरे पर बहुत झुर्रियां पड़ गईं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले हो गये, परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

-भर्तृहरि.

स्वाभिमानी होना अच्छी बात है, परन्तु स्वाभिमान से बेहतर है विनम्रता को धारण किया जाये।

-शेक्सपियर.

जब तक 'मत-छुओ वाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

-स्वामी विवेकानन्द.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

-बर्क.

# पड़ोसी देशों में सियासी अस्थिरता का दौर



मनोज बाजपेयी

> आज की घटनाएं दक्षिण एशिया के लोकतंत्रों के लिए गहरी चेतावनी हैं। श्रीलंका हो या बांग्लादेश अथवा नेपाल की सड़कों पर उतरे युवाओं का विद्रोह, हर जगह संदेश एक ही है कि जनता की आवाज दबाकर स्थिरता संभव नहीं। असली स्थिरता लोकतांत्रिक भागीदारी, अवसरों की समानता और पारदर्शी शासन से ही आएगी।

बीते तीन वर्षों में भारत के तीन पड़ोसी देशों में तख्तापलट जन विद्रोह के जरिए हुआ। श्रीलंका दिवालिया हुआ और आर्थिक संकट के तनाव के बीच जनता गोटबाया राजपक्षे का तख्तापलट कर दिया गया। सत्ता पर काबिज राजपक्षे बंधुओं और उनके पूरे परिवार को भागना पड़ा। नेताओं के ऐश्वर्य भरे महलों पर कब्जा कर विद्रोही जनता ने भी स्वीमिंग पूल का आनन्द लिया। बांग्लादेश में कुछ विरोध और कुछ विदेशी साजिशों के चलते शेख हसीना सरकार का तख्तापलट हुआ, विद्रोही उनके आवास पर काबिज हो गये, उनके अंतः वस्त्रों का सार्वजनिक प्रदर्शन किया और अंततः शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। नेपाली भी नेताओं के परिवारवाद, लूट-खसोट से उबल रहे थे। कम्युनिस्ट ओली ने जनता के गम और गुस्से को समझने के बजाय गोलियों से दबाने की कोशिश की, इससे गुस्साये और सड़क पर उतरे नौजवानों ने ओली की हरकतों पर पलटवार कर दिया। प्रदर्शनकारी साथियों की मौत से बौखलाये जेड जी ने ओली को खदेड़ दिया। जनता को लूट कर खड़े किये गये नेताओं के सपनों के महलों को आग के हवाले कर दिया। मंत्रियों को घर से घसीट कर पीटा और संसद, अदालत जैसे उन सांविधानिक प्रतिष्ठानों को भी नहीं छोड़ा जो युवाओं के साथ न्याय करने में विपल रहे।

तख्तापलट के ये तीन उदाहरण पूरी तस्वीर को बयां नहीं करते हैं। असल में जब संपूर्ण परिदृश्य को देखेंगे तो दुश्मन चीन को छोड़ दें तो भारत का एक भी पड़ोसी शांति और स्थिरता का दावा नहीं कर सकता है। म्यांमार में मिलिट्री जुंटा और अराकॉन आर्मी के बीच गृह युद्ध चल रहा है और मानवीय त्रासदी का भयानक मंजर है। पाकिस्तान इस्लामी जम्हूरिया की आड़ में सैन्य शासन को ढो रहा है। अफगानिस्तान में तालिबान ने गिरोह और सरकार के बीच के अंतर को खत्म कर दिया है और मालदीव कभी चीन के साये में, तो कभी वित्तीय संकट के शिकंजे में तदर्थवाद का नायाब उदाहरण बना हुआ है। ऐसे अस्थिर सियासी भूगोल के बीच भारत को पड़ोसियों की गलतियों को सीखते-सुधरते हुए आगे बढ़ना है, अपनी 1.45 अरब की आबादी के लिए रोजी-रोजगार और पढ़ाई-दवाई का प्रबंध करते हुए अमरीका और चीन जैसे बड़े खिलाड़ियों की तरफ से




पेश की जा रही गंभीर आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक चुनौतियों का सामना भी करना है। चुनौतियों से पार भी पाना है और अगले दो दशक में वैश्विक आर्थिक और सामरिक महाशक्ति बनने का सपना भी पूरा करना है। इसके लिए पड़ोसियों की गलतियों से सबक सीखते हुए, आंतरिक, वाह्य चुनौतियों का सामना करते हुए भारत के उदार लोकतांत्रिक स्वरूप की रक्षा करते हुए ही देश को आगे बढ़ना होगा। नेपाल में आंदोलन की शुरूआत तब हुई जब ओली की सरकार ने अचानक फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप सहित 26 प्लेटफॉर्मों पर प्रतिबंध लगा दिया। तर्क यह दिया गया कि अफवाहें और फर्जी अकाउंट सामाजिक शांति को बिगाड़ रहे हैं, पर युवाओं ने इसे अपनी आवाज दबाने का प्रयास माना। जिस पीढ़ी के लिए डिजिटल अभिव्यक्ति जीवन का अभिन्न हिस्सा है, उसने इसे बर्दाश्त नहीं किया और गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। हालांकि वास्तव में लंबे समय से नेपाल में नेताओं और अफसरशाही के परिवारों की आलीशान जीवनशैली सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय रहती आई है। उनकी महंगी गाड़ियां, विदेशों में शिक्षा और ऐशो आराम की जिंदगी देश के युवाओं को खटकती रही है। जहां बेरोजगारी की दर 20 प्रतिशत से अधिक हो और लाखों युवा रोजगार की तलाश में यहां-वहां ठोकरें खाने को विवश हों, ऐसे में अवसरहीनता और भ्रष्टाचार के बीच जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी छीन ली गई तो विद्रोह होना स्वाभाविक ही था। जन दबाव के चलते सरकार को झुकना पड़ा और पूरी सरकार को

### विमर्श

राजधानी छोड़कर भागना पड़ा। नेपाल का इतिहास बताता है कि यहां लोकतंत्र आंदोलनों और विद्रोहों से ही मजबूत हुआ है, 1990 का बहुदलीय आंदोलन, 2006 में राजशाही का अंत और अब यह नया युवा आंदोलन। 2015 में अपनाया गया नेपाल का संविधान, देश को सात प्रांतों में विभाजित एक धर्मनिरपेक्ष संघीय संसदीय गणराज्य के रूप में स्थापित करता है। नेपाल की राजनीतिक बेचैनी केवल आंतरिक नहीं है। उसकी भौगोलिक स्थिति उसे भारत और चीन के बीच संवेदनशील मोर्चा बना देती है। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव और अमेरिका की मिलेनियम चैलेंज कॉर्पोरेशन जैसी परियोजनाओं ने उसे अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा का केंद्र बना दिया है। ऐसे में यह प्रश्न भी उठता है कि सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और उसके खिलाफ आंदोलन महज स्वतः स्फूर्त प्रतिक्रिया थी या कहीं बाहरी शक्तियां भी सक्रिय थीं? इस उथल-पुथल के बीच नेपाल ने नई राह तलाशने का प्रयास किया और 14 सितंबर 2025 को देश की पहली महिला प्रधान न्यायाधीश एवं पहली अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पदभार ग्रहण करते हुए घोषणा की कि वे युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप भ्रष्टाचार समाप्त करने और सुशासन स्थापित करने की दिशा में काम करेंगी। 73 वर्षीय पूर्व मुख्य न्यायाधीश कार्की को संसद भंग होने के बाद छह माह के लिए व्यवस्था संभालने का दायित्व दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सरकार 5 मार्च 2026 तक ही रहेगी और चुनावों के बाद सत्ता निर्वाचित प्रतिनिधियों को सौंप दी जाएगी। कार्की ने स्वीकार किया कि, हमें जेनरेशन-जेड की सोच के अनुसार काम करना होगा, जिनकी प्रमुख मांग भ्रष्टाचार का अंत, आर्थिक समानता और पारदर्शी शासन है। भारत के लिए यह स्थिति विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते भारत अपने पड़ोसियों की अस्थिरता से अलग नहीं रह सकता है। श्रीलंका के संकट में भारत को मानवीय सहायता और कूटनीतिक संतुलन साधना पड़ा था। बांग्लादेश की अस्थिरता ने पूर्वोत्तर नीति और सीमा प्रबंधन को प्रभावित किया। चूंकि भारत-नेपाल के मध्य 1751 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है और यह भारत के सीमा पांच राज्यों के 20 जिलों में फैली हुई है लिहाजा अब नेपाल की हलचलें भी भारत के सीमाई क्षेत्रों, प्रवासी मजदूरों और रणनीतिक हितों पर असर डालेंगी।

स्पष्ट है कि स्थिरता का रास्ता केवल सत्ता परिवर्तन में नहीं है। नेपाल को युवाओं की आकांक्षाओं को समझना और पूरा करना होगा। रोजगार सृजन, शिक्षा और कौशल विकास पर ठोस पहल करनी होगी। भ्रष्टाचार पर अंकुश और संवैधानिक संस्थाओं की पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बहाल करना होगा, क्योंकि सोशल मीडिया पर बैन जैसे कठोर कदम लोकतंत्र को कमजोर करते हैं। साथ ही, विदेश नीति में संतुलन साधना अनिवार्य है, ताकि भारत, चीन और अमेरिका की प्रतिस्पर्धा के बीच नेपाल अपनी संप्रभुता सुरक्षित रख सके। आज की घटनाएं दक्षिण एशिया के लोकतंत्रों के लिए गहरी चेतावनी भी हैं। श्रीलंका हो या बांग्लादेश, अथवा नेपाल की सड़कों पर उतरे युवाओं का विद्रोह, हर जगह संदेश एक ही है कि जनता की आवाज दबाकर स्थिरता संभव नहीं। असली स्थिरता लोकतांत्रिक भागीदारी, अवसरों की समानता और पारदर्शी शासन से ही आएगी। भारत और उसके पड़ोसी देश इस चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेते हैं, इसी पर क्षेत्र के भविष्य की दिशा निर्भर करेगी। क्योंकि जो समस्याएं नेपाल में थीं, वह भारत में भी कम नहीं हैं। भ्रष्टाचार, सियासी परिवारवाद, आय असमानता, बेरोजगारी जैसी चुनौतियां सघन रूप में देश में विद्यमान हैं। इनको छिपाने या ध्यान हटाने के बजाय सरकार को इसके समाधान का रोडमैप तैयार करना चाहिए।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया



अफरीदी का बयान वो बाउंसर है जिसे हुक के चक्कर में हिट विकेट हो जाये तो वो अलग बात है, लेकिन आदमी विकेट पर ही गिर जाये, वैसी स्थिति राहुल गांधी की आज हुई है। सुधांशु त्रिवेदी.



पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी की जयंती पर उन्हें नमन करता हूं, आचार्य जी ने विज्ञान व अध्यात्म में सामंजस्य बनाया एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार की स्थापना की। अमित शाह.



सिख समाज ने सदैव श्रम, शौर्य, समर्पण, सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है, खेती किसानी से कारोबार और खेलों तक में उनकी अपेक्षाओं की पूर्ति का संकल्प लेते हैं। अखिलेश यादव.

# ऋषियों का प्रिय स्थान

ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। प्राकृतिक सुंदरता, सुरम्य वातावरण और शांति ऋषि-मुनियों को हमेशा आकर्षित करती रही है। इनका एक प्रमुख कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्त्रा दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्‌भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है।

अंतर्दृष्टि

# हारे नेताजी का उदात्त चरित्र

व्यंग्यलोक

एक नेता को हमने वोट देकर खरीदने का हिसाब बनाया, वह जीता तो बेटे को ऑफिस में जाने से मुक्ति मिल जाएगी, फर्लो दिलाएगा। लोन ले लेंगे। फिर इस लोन को हड़प कर विदेश में जाकर मजे मारने का इंतजाम कराएगा। सरकारी कारखाना दिलाएगा या फिर और कोई सरकारी योजना का मुफ्त मजा दिलाएगा। उस नेता पर मैंने अपना वोट का दांव लगाया। जिस पर 15 हत्या एवं 5 रेप केस चल रहे हैं। उस पर अवैध संपत्ति रखने संबंधी केस भी है और देश के 5 बड़े शहरों व दुनिया के 2 देशों में उसके 12 होटल हैं। कुल मिलाकर बाहुबली-धनबली जंतु, क्रूर, और कांइया टाइप का जीव! वह हर हाल में चुनाव जीत लेगा। यही सोचकर मैंने उसी नेताजी को वोट दिया। लेकिन कमबख्त वह चुनाव हार गया। मारे डर के अब हारने पर मुझे उस नेता को ढाढ़स बंधाना पड़ रहा है। उससे सहानुभूति प्रदर्शित करनी पड़ रही है। हमने कहा- आप हारे नहीं है, बल्कि आपकी नैतिक जीत हुई है। सच्चाई की जीत हुई है। आप चुनाव हारे हैं, लेकिन आपने लोगों का दिल जीता है। चुनाव में धांधली हुई है। बटन आपके नाम का दबाया जा रहा था, लेकिन पर्ची दूसरी पार्टी की आ रही थी। यह सब घपलेबाजी है साहब! आप ठहरे भोले! यह सब भ्रष्टाचार का मामला है। आप बड़े नैतिक और ईमानदार हैं! आपके पास सारा पैसा ईमानदारी का है। दूसरे लोगों के पास बेईमानी है। भ्रष्टाचार है। सरेआम डाका डालते हैं और तो और वोटरों को खूब धमकाते हैं। उनसे जबरदस्ती वोट लेकर भाग जाते हैं। ऐसी धांधली मैंने कहीं नहीं देखी साहब! एक आप हैं, जो बिल्कुल ईमानदार हैं। दूध के पूरे धुले हुए हैं। बल्कि आप तो दूध भी बड़ी तसल्ली से छान-छून कर पीते हैं। आप जैसा सहज, सरल, सीधा नेता मैंने कहीं नहीं देखा है। सच बात तो यह है कि जीत तो आपकी ही हुई है। विरोधी पार्टी वाला देखना एक दिन जेल जाएगा। भले आपको वोट नहीं मिले हों, लेकिन हमारा दिल आपको मिला है। बातों की लंबी भारी-भरकम मालगाड़ी की तरह लंबे वाक्य कहने के बाद मैंने हारने वाले को आराम से हाथ जोड़े। तब हारने वाले ने सारे वाक्यों को एकदम दोहराते हुए कहा- बिल्कुल! आप सही कह रहे हैं। मैं समाजवाद का नारा लगा कर काम करता रहा लेकिन वे पक्के पूंजीबाज निकले। मैंने गरीबों के हक की बात की लेकिन वे अमीरजादे निकले। मैंने निहत्थे, निरीह लोगों की बात की लेकिन उन्होंने बाहुबलियों के सहारे सत्ता हासिल कर ली। लेकिन आप सही कह रहे हैं। मैंने जनता का विश्वास जीता है। ऐसा कहकर हारने वाले ने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से हवा में गोलियां दागना शुरू कर दिया। उन्होंने हाथों से अंग्रेजी का वी निशान बनाकर जनता को बहुत-बहुत बधाई भी दे डाली।



रामविलास जॉंगिड़

# सोच समझ का स्मार्ट दौर तेजी से बढ़ा अलजाइमर




स्वास्थ्य

**डॉ.माजिद अलीम**

सोच-समझ के एक ऐसे स्मार्ट दौर में जब पांच साल का बच्चा ऐसे ऐसे दिमागी कारनामें कर लेता है, जिसकी एक जमाने में 20 साल के युवक से भी उम्मीद नहीं की जा सकती थी, उसी स्मार्ट दौर में बड़े पैमाने पर लोग अल्जाइमर या मनोभ्रंश का शिकार हो रहे हैं। दरअसल यह एक ऐसी समस्या है, जो हमारी सोचने की ताकत, रोजमर्रा के काम करने की क्षमता और दूसरों के साथ हमारे नियंत्रित व्यवहार को प्रभावित करती है या दूसरे शब्दों में कहें तो हम इन सब चीजों से एक उम्र के बाद नियंत्रण खोने लगते हैं या पूरी तरह से खो देते हैं, वास्तव में यही अल्जाइमर या मनोभ्रंश की बीमारी है। अल्जाइमर बीमारी डिमेंशिया जैसे कई लक्षणों का कारण बनता है। इससे हमारी-

- याद्दाश्त चली जाती है।
- बोलने में कंपकंपाने लगते हैं।
- भाषा का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाते।
- व्यक्तित्व में स्थिरता नहीं रहती।
- सामान्य रोजमर्रा के कामों को करने में मुश्किल होती है।
- हमारा व्यवहार लगातार अनुचित होता जाता है।

अल्जाइमर रोग का सबसे आम प्रकार मनोभ्रंश या याद्दाश्त के साथ गड़बड़ होना ही है। इस तेज रफ्तार जीवनशैली के दौर में जब लोग इतिहास के किसी भी दौर से ज्यादा तेज सोचते हों, समय से पहले वयस्क हो रहे हों, प्रौढ़ता और गंभीरता एक सदी पहले के मुकाबले दो से तीन साल पहले आ जाती हो, उसी दौर में बहुत तेजी से यह अल्जाइमर या मनोभ्रंश की ऐसी बीमारी लगातार बढ़ रही है, जिसमें एक उम्र के बाद व्यक्ति अपनी जिंदगी खुद से जी पाने में असमर्थ होने लगता है। चिंता की बात यह है कि इस तेज मेडिकल विकास के दौर में अल्जाइमर से पीड़ितों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। साल 2020 में पूरी दुनिया में 5 करोड़ लोग अल्जाइमर से पीड़ित थे, जिसमें 56 लाख लोग अकेले अमरीका में थे और तमाम चाकचैबंद स्वास्थ्य व्यवस्था के बावजूद विशेषज्ञों का मानना है कि साल 2060 तक अमरीका में अल्जाइमर पीड़ित लोगों की संख्या बढ़कर 1,40,00,000 हो जायेगी। जहां तक अपने देश भारत की बात है तो साल 2022 में हमारे यहां अल्जाइमर से पीड़ित लोगों की संख्या 40 लाख को पार कर गई थी और 2023 के एक अध्ययन के मुताबिक 2050 तक सबसे ज्यादा अल्जाइमर से पीड़ित लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों में ही होंगे। यह संख्या कुल अल्जाइमर्स पीड़ितों की 75 फीसदी तक होगी। इस तथ्य से अनुमान लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में किस तरह भारत में जबरदस्त अल्जाइमर पीड़ितों की संख्या हो सकती है। अल्जाइमर का रोग दरअसल एक तरह का मस्तिष्क रोग है। मस्तिष्क में कुछ प्रोटीन जमा हो जाने की वजह से ये होता है और समय के साथ यह बढ़ता रहता है। सबसे खतरनाक बात यह है कि अल्जाइमर का कोई इलाज नहीं है। कुछ दवाएं लाइफ क्वालिटी को महज बेहतर बनाने के उद्देश्य से इस्तेमाल होती हैं। शायद अल्जाइमर की इसी भयावहता को चिन्हित करने के लिए और लोगों में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 21 सितंबर को विश्व अल्जाइमर दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य यह होता है कि हर शख्स इस भयानक बीमारी के बारे में ज्यादा से ज्यादा जाने और इसे लेकर सचेत रहे। जहां तक अल्जाइमर होने के तीन सबसे बड़े कारणों की बात है, तो इनमें पहला कारण यह है कि हम एक स्थिति के बाद अपने दिमाग का इस्तेमाल करना बंद कर देते हैं और जिंदगी जीने के लिए ज्यादा से ज्यादा उपकरणों और तकनीकों पर निर्भर हो जाते हैं। इससे मस्तिष्क को नियमित मिलने वाला तनाव और एक्सरसाइज कम हो जाती है, नतीजतन हम मनोभ्रंश या अल्जाइमर की तरफ बढ़ने लगते हैं। दूसरा प्रमुख कारण हमारी जीन भी होती है। अगर हमारे मां-बाप या वंशवेल में किसी को यह समस्या होती है तो वह आगे भी बढ़ती रहती है। साथ ही अगर कभी सिर पर ऐसी गुम चोट लग जाए, जिससे सोचने समझने की क्षमता प्रभावित हो, तो भी यह चोट अल्जाइमर में परिवर्तित हो सकती है। बड़े पैमाने पर मोटर वाहन दुर्घटनाओं के शिकार लोग अल्जाइमर से पीड़ित पाये गये हैं। जो लोग लगातार तनाव और अवसाद में जीवन गुजारते हैं, उन्हें भी अल्जाइमर की बीमारी होने की सबसे बड़ी आशंका रहती है। क्योंकि लगातार अवसाद में रहने से मस्तिष्क में एमिलॉयड बीटा प्रोटीन जमा हो जाता है, जो अल्जाइमर रोग का कारण बनता है। अल्जाइमर से बचाव के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ व सक्रिय रहना जरूरी है।

## आप की बात

### छोटे उद्यमों को दें प्रोत्साहन

छोटे उद्योग रोजगार, समृद्धि और देश की तरक्की के लिहाज से बहुत अहम हैं। देश की इतनी बड़ी आबादी को नौकरी देना किसी के लिए संभव नहीं है, लेकिन अगर इतनी बड़ी आबादी सिर्फ सिर गिनने के लिए न हो बल्कि सिर से दुगुने हाथ बन जायें तो फिर रोजगार की कमी भी नहीं रहेगी। प्रदेश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये हैं तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है। लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए। जो सरकारी नौकरियों में चयनित हो जाते हैं उनसे वहां बेहतर काम लेना चाहिए। लेकिन सरकारी नौकरी में प्रवेश की उम्र सीमा घटानी चाहिए। अभी सरकार ने अधिकतम उम्र सीमा चालीस वर्ष कर दी है। इसी तरह आरक्षित वर्ग को तीन से पांच साल की छूट मिलती है। ऐसे में अगर पैंतालिस साल का व्यक्ति सरकारी नौकरी में आवेदन डालेगा तो नौकरी मिल भी जाती है तो दो-तीन साल लग जायेंगे। अब पैंतालिस साल के बाद नौकरी मिल भी जाये तो भी महज दस-पन्द्रह साल में व्यक्ति रिटायर हो जायेगा। सरकारी नौकरी की उम्र सीमा बढ़ने के कारण बड़े पैमाने पर युवक नौकरी की आस में तैयारियां करते रहते हैं और जब वे चालीस पार कर जाते हैं तो फिर आगे कुछ करने का उत्साह कम हो जाता है। इसलिए सरकार को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए कि 25 साल के अंदर ही युवक सरकारी नौकरी, प्राइवेट नौकरी या फिर कोई उद्यमिता अपना लें। ऐसा करने से राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का अधिक योगदान हो सकेगा। युवाओं में कौशल विकसित करने से इनको रोजगार से जोड़ा जा सकता है।

**कृष्ण कुमार सिंह, हरदोई.**

### महिलाओं की सुरक्षा अपराध

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा पहली शर्त है। दरअसल किसी भी सरकार का प्रथम दायित्व नागरिकों की सुरक्षा करना ही है। ऐसे में अपराध की बढ़ती घटनाएं, महिला संबंधी अपराधों का दिनोंदिन और क्रूर होते जाना न सिर्फ चिंता की बात है बल्कि इस बात पर भी सवाल उठाता है कि सरकारें महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकने लिए कितना गंभीर हैं?

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न

**बहराइच** । भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2026 के सकुशल सम्पादन हेतु मतदेय स्थलों एवं निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार अर्हता तिथि 01 नवम्बर 2025 के आधार पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद के गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु जारी कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की।

बैठक के दौरान वर्ष-2020 में सम्पन्न हुए खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2020 के मतदेय स्थलों की सूची समस्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराते हुए सभी राजनैतिक दलों से अपेक्षा की गई कि मतदेय स्थलों के सम्बन्ध में अपने सुझाव जिला निर्वाचन कार्यालय, बहराइच को लिखित रूप से अवगत करा दें। इस अवसर पर प्रशासनिक प्रमुख, भारतीय जनता पार्टी के प्रशासनिक प्रमुख श्रवण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में गूंजी मोदी सरकार की योजनाएं



**अयोध्या** । भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवारा के अंतर्गत रविवार को सर्किट हाउस सभागार में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शासकीय अधिवक्ता राम कुमार राय ने की। सम्मेलन में बड़ी संख्या में शिक्षक, अधिवक्ता, चिकित्सक, समाजसेवी सहित विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रही।मुख्य

- नेताओं ने बताए विकास के आयाम

वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व में अपनी नई पहचान बना रहा है। गरीबों के कल्याण, युवाओं के सशक्तिकरण और महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और जन धन योजना जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों का जीवन संवर रहा है। कहा कि प्रबुद्ध वर्ग समाज का मार्गदर्शक है और इनके सहयोग से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ और तेजी से हर व्यक्ति तक पहुँच सकता है।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां गरीबों और किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को सशक्त नेतृत्व प्रदान किया है।

महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या में विकास कार्यों की गति प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की विशेष दृष्टि से और तेज हुई है। अयोध्या को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग के मार्गदर्शन से यह प्रयास और भी सफल होंगे। मौके पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, ओम प्रकाश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह, अमल गुप्ता, डा राकेश मणि त्रिपाठी, व्यापारी नेता सुशील जायसवाल, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वन्य जीव हमले से पीड़ित परिवार को सीडीओ ने बंधायी ढांढस

**बहराइच** । मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर प्रतीक व नायब तहसीलदार सचिन श्रीवास्तव के साथ तहसील कैसरगंज अन्तर्गत वन्य जीव प्रभावित ग्राम पंचायत मंझारा तौकली के गंधु झाला गांव पहुंच कर वन्यजीव हमले से शोकसंतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढ़ाढस बंधाया।

उल्लेखनीय है कि पीड़ित परिवार के घर पर पहले से मौजूद पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी ने उप जिलाधिकारी व वन विभाग के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

एसडीएम कैसरगंज श्री सिंह ने बताया घायलो और मृतकों की सूची बनाकर शासन को भेजी जा रही है जल्द की मुआवजा दिलाया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, पार्टी पदाधिकारी गौरव वर्मा, रामबचन सोनी, सीता राम पाण्डेय, बद्री अवस्थी, सरदार सिंह, सतगुर प्रसाद व लल्लन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# रक्तदान जीवन रक्षा अभियानः डॉ. बिजेंद्र सिंह




**अयोध्या** । डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय समस्त संकायो एवं गायत्री शक्ति पीठ युवा प्रकोष्ठ, अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में श्रीराम शोधपीठ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने किया। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से रक्तदान शिविर में 65 यूपी कंपनी एनसीसी अवध विश्वविद्यालय, इंस्टिट्यूट ऑफ फामेसी, आईईटी, बीए, बीएससी, एमएड एवं अन्य सभी परास्नातक पाठयक्रम, व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग, जिला योगासन संघ, स्पोर्ट्स एसोसिएशन सहित विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कुलपति ने कहा कि रक्तदान जीवन रक्षा अभियान है। रक्तदान की सहभागिता सभ्य समाज को सक्षम बनाती है। जरूरतमंदों के लिए रक्तदान अमृत का वरदान सदृश्य है। कुलपति ने गायत्री परिवार सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करने वाला मिशन बताया। इस अवसर पर कला संकायाध्यक्ष प्रो. अशुतोष सिन्हा, विज्ञान एवं अभियंत्रिकी संकायाध्यक्ष प्रो. संत शरण मिश्र, तथा फामेसी निदेशक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने अपने विचार रखकर विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। पूर्व संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ. एस.बी. सिंह ने शरीर में रक्त की महत्ता और उसकी कमी को दूर करने के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिविर में 25 यूनिट से अधिक रक्त का सफलतापूर्वक संग्रह किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति ने प्रभु श्रीराम के चरणों में पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, गौरव मौर्य, विकास कुमार, हर्षित जायसवाल, आयुष चैधरी, अवनीश, रमेश यादव, कशिश खान, हिमांशु गुप्ता, आदित्य विक्रम सिंह, आयुष यादव एवं अन्य ने रक्तदानघकिया। कार्यक्रम का समापन वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसमें गायत्री परिवार तथा सभी रक्तदाताओं के योगदान की सराहना की गई। शिविर का संचालन एमबीए विभाग के डॉ. अनुराग तिवारी ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रो. हिमांशु शेखर सिंह द्वारा तैयार की गई थी।

इस अवसर पर प्रो. सुरेंद्र मिश्र, डॉ. राणा रोहित सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. दीपशिखा, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, डॉ. अजय कुमार शुक्ला, डॉ. अनुराग सिंह, डॉ. गायत्री वर्मा, डॉ. आलोक तिवारी, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. रामजी सिंह, श्री दिव्यव्रत सिंह, सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। गायत्री परिवार की ओर से राम केवल बाबू, महेंद्र छात्र प्रतिनिधि ज्ञान चैधरी, मंगलेंद्र नाथ ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

रक्तदान शिविर का सफल आयोजन विश्वफ्यूजन मेडिसिन डॉ. दिनेश कुमार सिंह, डॉ. प्रेरणा सिसोदिया एवं उनकी टीम के सहयोग से संपन्न हुआ।

# अफवाह की सनसनी ला रही स्ट्रेस और एंग्जायटीः डॉ. आलोक

अयोध्या। पिछले कुछ हफ्तों से ड्रोन व चोर की अफवाह से रात भर पहरा देने की मनोदशा ग्रामीण क्षेत्रों मे दिखने के साथ ही शहरी क्षेत्र भी इन अफवाहों से अछूते नहीं हैं। सोशल मीडिया की झूठी पोस्ट आदि उत्प्रेरक का कार्य कर रहें हैं। जहां एक ओर बड़े लोग इस झंझावत में उलझते नजर आ रहें है, वही दूसरी ओर बच्चे, किशोर व महिलाएं भयाक्रांत व चिंता विकार से ग्रसित हो रहीं हैं। अफवाहें एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक फैलती हैं और हर बार सुनाई देने पर उनमें थोड़ा बदलाव आ सकता है। नतीजतन, समय के साथ वे अतिरंजित और परिवर्तित होती हैं।

इ यह जानकारी जिला चिकित्सालय के माइंड-मेंटर डा आलोक मनदर्शन ने सामयिक अफवाह संदर्भित जन जागरूकता वार्ता में दी।उन्होंने बताया कि सोशल साइकोलॉजिस्ट अलपोर्ट के अनुसार अफवाहें फैलाने या गप्पबाजी में शामिल होने के प्रमुख कारकों में लोगो के साथ घुलने-मिलने, विशेष महसूस करने या दूसरों को प्रभावित करने की मनोमनोवृत्ति होती है। खुद की चिंताओं से ध्यान हटाने, अफवाह चर्चा से लोगों में स्वीकार किए जाने, ध्यानकर्षण, सामाजिक स्तर पर लोकप्रियता हासिल करना आदि शामिल है। बदले की भावना व निजी जिंदगी की बोरियत दूर करने में भी अफवाह जनित उत्तेजना प्रेरक होती है।

# नौकरी की तलाश करने वाले युवाओं के खिले चेहरे

जिला संवाददाता

**अयोध्या** । प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार लगातार युवाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। इसी क्रम में अयोध्या जिले में अप्रैल से सितंबर 2025 के बीच जिला सेवायोजन विभाग द्वारा कुल 16 भव्य रोजगार मेलों का आयोजन किया गया।

- 3 हजार 875 युवाओं को मिला रोजगार का सुनहरा अवसर
- रोजगार मेलों से बढ़ा युवाओं का आत्मविश्वास

इन मेलों में अब तक 3,875 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। इन मेलों ने न केवल बेरोजगार युवाओं के जीवन में नई उम्मीदें जगाई हैं, बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी गति प्रदान की है। युवाओं के चेहरों पर नौकरी मिलने की खुशी और आत्मनिर्भर बनने का आत्मविश्वास साफ झलक रहा है। जिला सेवायोजन विभाग के सहायक अधिकारी शैलेंद्र कुमार शुक्ला ने जानकारी दी कि रोजगार मेलों में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आईटी, पर्यटन, विनिर्माण, सेवा क्षेत्र समेत तमाम क्षेत्रों की नामचीन कंपनियों ने युवाओं की शैक्षिक योग्यता, कौशल और रुचि के अनुसार नौकरियों की पेशकश की। अयोध्या के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए पर्यटन क्षेत्र में विशेष अवसर उपलब्ध कराए गए, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार का नया आयाम मिला। वहीं तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों प्रकार की नौकरियों ने हर वर्ग के युवाओं को लाभान्वित किया।रोजगार मेले का लाभ उठाने वाले युवाओं का कहना है कि यह पहल उनके जीवन की दिशा बदलने वाली साबित हुई है। एक चयनित अभ्यर्थी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा रोजगार मेले ने मुझे मेरे कौशल और योग्यता के अनुरूप नौकरी दिलाई। अब मैं अपने परिवार का सहारा बन सकता हूं और समाज में आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़ सकता हूं। स्थानीय निवासियों का मानना है कि राम मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या में तेजी से बढ़ रही संभावनाओं और इन रोजगार मेलों ने मिलकर शहर को आर्थिक समृद्धि की नई राह पर आगे बढ़ाया है।योगी सरकार की यह योजना युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में बेहद कारगर साबित हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि रोजगार मेले न केवल रोजगार प्रदान कर रहे हैं, बल्कि युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा भी दे रहे हैं। इससे पलायन की समस्या भी कम होगी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## मुठभेड़ में अभियुक्त के पैर में लगी गोली



**बहराइच** । थाना प्रभारी कोतवाली नानपारा को जरिये मुखबिर सूचना मिली की उनके थाने क्षेत्र के वांछित अभियुक्त मु0अ0स0 -455/2025 धारा 325 बीएनएस, 11 पशु क्रूरता अधिनियम व 3/5( )/8 गोवध निवारण अधिनियम से कहीं भागने की फिराक में है, शीघ्रता की जाए तो पकड़े जा सकते है, इस सूचना पर तत्काल पुलिस बल के साथ मुखबिर के बताए स्थान पर रवाना हुए, की सामने से एक मोटर साइकिल से दो लोग आते दिखाई दिये, जिनको रोकने का प्रयास किया गया, जिसपर मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियो ने पुलिस बल पर जान से मारने की नियत से पुलिस बल पर फायरिंग कर दी, जिससे पुलिस बल हिकमत अमली से बाल बाल बचा। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई से दोनों व्यक्ति मोटर साइकिल से गिर गए और कराहने की आवाज आने लगी पास जाकर देखा गया तो एक व्यक्ति के बाये पैर के नीचे गोली लगने से घायल हो गया था, जिसको गिरफ्तार कर नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम वसीम पुत्र जहरुद्दीन निवासी जमई पुरवा दाखिला गिरधरपुर थाना नानपारा बताया व दूसरे ने अपना नाम खुदाबख्श पुत्र मसूद निवासी खजुहा थाना रामगांव जनपद बहराइच बताया, ।जामा तलाशी से अभियुक्त वसीम के पास से 01 तमंचा 315 बोर और तमंचे की नाल में फसा खोखा कारतूस बरामद हुआ और अभियुक्त खुदाबख़्श के पास से एक मोटर साइकिल और दो अदद तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। घायल अभियुक्त को सीएससी नानपारा उपचार हेतु भेजा गया है, जहाँ उसका इलाज चल रहा है। घटनास्थल पर पुलिस बल उपस्थित है। आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# महासमिति ने की बैठक थाना प्रमुखों को सौंपे दायित्व



जिला संवाददाता

**बहराइच** ।श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति की आवश्यक बैठक शहर के बशीरगंज स्थित मौनी बाबा आश्रम में सम्पन्न हुई। बैठक में ब्लॉक, तहसील, थाना प्रमुख व विसर्जन के पदाधिकारी शामिल हुए। अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने बताया कि जनपद में दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि ग्रामीण अंचलों में सांय काल बिजली कटौती न की जाए। पूजा पण्डालों में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबन्ध किये जाएं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि विसर्जन स्थल के जो मार्ग उबड़ खाबड़ है उसे अतिशीघ्र ठीक करवा दिया जाए। कहा कि जनपद की छह तहसील में महोत्सव के लिए बैठकें आयोजित की जाएं। बैठक में छह तहसील के प्रमुखो व 22 थानों के प्रमुखों को बुकलेट, बैज, पटका, महासमिति निर्देश पम्पलेट एवं अन्य दायित्व सौंपे गए एवं दुर्गा पूजा विसर्जन के लिए कार्ययोजना बनाई गई।बैठक को संरक्षक सुभाष त्रिपाठी, परशुराम कुशवाहा, चन्द्र भान सिंह संचित, हरिश्चंद्र गुप्ता, निशंक त्रिपाठी, सुधाकर मिश्रा, शिवम जायसवाल, श्याम करण टेकड़ीवाल, जिला प्रचारक अजय, राजू निगम ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन महासमिति के महामंत्री कन्हैया सोनी ने किया। इस दौरान राम जी शुक्ला, शिवशरण सिंह, कन्हैया सोनी, विपिन यज्ञसैनी, पवन जायसवाल, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, विनोद रस्तोगी, ज्ञानेंद्र धर शर्मा, गौरव तिवारी, सुरेश गुप्ता, हरि शंकर, बैजनाथ रस्तोगी, पंकज केवट, वैभव जैन, दुर्गेश पाण्डेय, उमाशंकर तिवारी, अखिलेश श्रीवास्तव, राकेश कुमार, पंकज केवट, दिवाकर यादव मौजूद रहे।

# वैदिक मंत्रोच्चरों के साथ निशाकाल स्वरूप प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न

जिला संवाददाता

**बाराबंकी** । नगर की ऐतिहासिक रामलीला की तैयारियों के बीच दशहरा मंदिर में अयोध्या से पंहुचे स्वरूपों की स्वरूप प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मंगल वैदिक मंत्रोचारो के साथ संपन्न हुआ। मुख्य श्रृंगारी पंडित संजय तिवारी ने बताया कि प्रभु राम, लक्ष्मण एव जानकी के स्वरूप विगत कई वर्षों से पंडित सुखनंदन मिश्रा द्वारा लाए जाते थे।

किंतु बीमारी के चलते उनके निधनोपरांत यह जिम्मेदारी अब उन्हें दी गई है। इस वर्ष प्रभु श्री राम के रूप में वैभव मिश्रा, लक्ष्मण के रूप में प्रिंस त्रिवेदी एव जानकी का स्वरूप सोनू मिश्रा धारण करेंगे। दशहरा मंदिर में तीनों स्वरूपो की विधिवत पूजा अर्चन व्यास प0 प्रमोद पाठक ने विविध मंत्रोचार के साथ आरती पूजन संपन्न कराई। पुजारी उमाकांत पांडेय ने

- पितृ आज्ञा का पालन, रामवन गमन का मंचन

अंगन्यास कर विधि विधान से पूजन संपन्न कराया। अंकित गुप्ता गोलू ने बताया कि इन स्वरूपों की शुद्धि उपरांत वैदिक रीतियों से अंगान्यास विधि द्वारा प्रतिष्ठा कराई जाती है। यह स्वरूप फलाहार ग्रहण करते है इस दौरान इन्हे कई नियमो का पालन भी करना पड़ता है। प0 पाठक ने बताया कि पितृ विसर्जन पश्चात निशाकाले स्वरूप प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न कराया जाता है। इस दौरान शिव कुमार वर्मा, रमेश कुरील, उमाकांत पांडेय, राजेश गुप्ता कृष्णा, अमर सिंह, राजीव पाठक, आर्यन तिवारी मौजूद रहे। महामंत्री शिव कुमार वर्मा ने बताया कि स्वरूप प्रतिष्ठा के उपरांत लीला नागेश्वर नाथ मंदिर से रामवन गमन के मंचन के साथ लीला शुरूआत हो जाएगी। लीला में प्रभु श्री राम के उस समय को प्रदर्शित किया जाता है जिसमे वह अपने राजमहल को छोड़कर अपनी भार्या एवम भाई के साथ पीतांबर वस्त्र, धारण कर साधारण मनुष्य की भांति वन प्रवास की यात्रा पर गमन करते है, इस दौरान अयोध्यावासी व्याकुल हो उठते है।

## एसपी ने त्योहारों को संपन्न कराने के लिए की बैठके



**बहराइच** । पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु प्रधान संघ के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारीगण के साथ ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक का किया गया आयोजन पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रधान संघ के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारीगण व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में आगामी त्यौहार दुगार्पूजा के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में दुगार्पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ग्राम सुरक्षा समितियों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने हेतु सदस्यों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। कानून-व्यवस्था एवं आपसी भाईचारे को बनाए रखने में पुलिस प्रशासन तथा ग्राम सुरक्षा समिति के बीच आपसी सहयोग पर बल दिया गया। त्योहारों के दौरान किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही गई। विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों व सोशल मीडिया द्वारा सतत निगरानी हेतु भी बताया गया ।पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं समितियों के सहयोग से शांति, सुरक्षा और सौहार्द का वातावरण बनाए रखने में योगदान दें।

# जेल में बंद है प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करवाने वाला संरक्षणदाता

भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की






**बाराबंकी** । नकली और प्रतिबंधित दवाओं की प्रसिद्ध होलसेल लखन मार्केट में आगराकांड से संबंधित दवाओं की बरामदगी के बाद जहाँ पूरे प्रदेश में बाराबंकी जनपद का नाम सुर्खियां बटोर रहा है। वही रसूखदार प्रतिंबधित दवाओं की बिक्री करने वालो का संरक्षणदाता अब जिला कारागार लखनऊ में बंद है। सीबीआई और एसीबी की जाँच में आरोपी पाये जाने के बाद इनको सलाखो के पीछे भेज दिया गया है। सरकारी तंत्र और सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार फैलाने, लोक सेवक को रिश्वत देने तथा अन्य व्यक्ति को अनुचित लाभ पहुँचाने समेत आपराधिक षड़यंत्र जैसी गंभीर धाराओं के आरोपो से घिरे संरक्षणदाता बीती 27 अगस्त से लखनऊ की जिला कारागार मे निरुद्ध है। इन पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7,8,12 व 61(2) बीएनएस लगी है। बाराबंकी जनपद मे मेडिकल एसोसिएशन की आड़ में नकली और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री किये जाने का खुलेआम लाइसेंस संरक्षणदाता द्वारा धन्नासेठ दवा कारोबारियों को दिलाया गया था। जिसके चलते यंहा रसूखदार और ऊंची पहुंच के धन्नासेठ व्यापारियो का वर्चस्व कम नही है। लखन मार्केट कहने को तो होलसेल मार्केट है। लेकिन यहां हर गली में प्रतिबंधित दवाओं का काला कारोबार खुलेआम पनप रहा है। सैकड़ो दुकानो व उनके गोदामो तक पहुंच पाना आसान नही है। विभागीय संरक्षण की बाते अब मात्र आरोप भर नहीं बची है।

- सीबीआई व एसीबी ने भ्रष्टाचार मामले मे संलिप्तता पाये जाने पर की है कार्यवाही
- कारण बताओ नोटिस तक सीमित औषधि विभाग, कार्यवाही के मामले मे उठे सवाल?
- आगराकाड़ से सम्बधित 2 बैच की दवाओ की ब्रिकी करने वाले घूम रहे खुलेआम

सीबीआई और एसीबी की कार्यवाही के बाद जहाँ बड़े बड़े अधिकारी भ्रष्टाचार की आड़ में डुबकी लगाने के बाद जेल में है तो वही उनको काला कारोबार करने के नाम पर मोटी रकम पहुँचाने वाले बाराबंकी के दवा व्यापारी और एसोसिएशन अध्यक्ष संतोष जायसवाल आज लखनऊ जिला कारागार की सलाखो के पीछे बंद है।

प्रदेश सरकार की सख्ती के बाद जहाँ अपराधी जेल में निरुद्ध है। वही दूसरी तरफ औषधि प्रशासन की लापरवाही भी किसी से छुपी नहीं है। जिला कारागार लखनऊ में निरुद्ध आरोपी संतोष जायसवाल और तत्कालीन चर्चित औषधि निरीक्षक की पूर्व की दोस्ती भी अब आम जन चर्चा का विषय बनी हुई है।

लेकिन 16 सितम्बर को दवा की चर्चित मार्केट लखन मार्केट में औषधि विभाग बाराबंकी और अयोध्या की संयुक्त टीम द्वारा विशाल इंटरप्राइजेज समेत चंद दुकानों पर की गई कार्यवाही और उस पर बरामद आगरा कांड की 2 बैच की प्रतिबंधित दवाओं ने जिला प्रशासन समेत औषधि विभाग की मिलीभगत को आम जनचर्चा का विषय बना दिया है। ऐसा नहीं है कि सीबीआई द्वारा की गई इस कार्यवाही के पहले से इस मार्केट के काले कारनामों की जानकारी किसी को नहीं थी। लेकिन जुगाड़ की व्यवस्था के आगे अच्छे अच्छों का ईमान खराब हो जाता है। सिस्टम में रहने और सिस्टम के विपरीत चलने वालो के यहाँ छापा भी एसोसिएशन के इशारे पर पड़ता था। जिला कारागार लखनऊ में निरुद्ध आरोपी एसोसिएशन अध्यक्ष संतोष जायसवाल के रसूख की जन चर्चाए और विभागीय साठ गाठ का ही नजारा है जिसके चलते 16 सितम्बर को लखन मार्केट में विशाल इंटरप्राइजेज समेत अन्य दुकानो पर छापेमारी के बाद आगराकाड़ से सम्बधित 2 बैंच की दवाओ की खुलेआम ब्रिकी की बरामदगी सवालो के घेरे मे है? जबकि छापेमारी के बाद दवाओ के पूर्ण बिल और लखनऊ से माल खरीदे जाने का दावा दुकानदारो द्वारा किया जा रहा है। लेकिन प्रश्न यह है कि आगराकाड़ के बाद भी दुकानो पर माल की ब्रिकी कैसे हो रही थी? यंहा सिस्टम को समझने की जरुरत है। काले कारनामो का मास्टर माइड़ और रसूखदार धन्नासेठो का संरक्षणदाता आरोपी भले ही जेल की सलाखों के पीछे हो लेकिन रसूख इतना है कि औषधि विभाग भी 16 सितंबर की कार्यवाही में बरामद दवाओं के बाद भी अब तक किसी ठोस कार्यवाही की हिम्मत नहीं जुटा पाया है।

बस कारण बताओ नोटिस और औषधि निरीक्षक लखनऊ को पत्र लिखने मात्र भर की सरलता के आधार पर लखन मार्केट मे हुई प्रतिबंधित दवाओ की बरामदगी कार्यवाही को दबाने में लगा हुआ है।

लेकिन कार्यवाही कब तक होगी यह बताने का समय किसी के पास नहीं है? मामले को दबाने और समय बिताने के साथ सुस्त कार्यशैली वाला औषधि विभाग आखिर आमजन के जीवन के साथ खिलवाड़ क्यों कर रहा है? जबकि इस सम्बन्ध मे अग्रिम कार्यवाही की जानकारी हेतु औषधि निरीक्षक रजिया बानो को संवाददाता कई बार फोन कर पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन नही उठा।

## युवा प्रतिभाओं को मिलेगा मंच, तय की गयी रूपरेखा

**अयोध्या** । भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे अयोध्या लोकसभा क्षेत्र में युवाओं की प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक सांसद खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसका जिम्मा पार्टी ने राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्य सभा सांसद डा. राधा मोहन दास अग्रवाल को सौंपा है। रविवार को सर्किट हाउस में हुई बैठक में प्रतियोगिता की रूपरेखा तय की गई। डा. अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता की शुरूआत 21 सितम्बर से होगी और इसका समापन पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर होने वाली इस प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, दौड़, रस्साकसी, वॉलीबॉल समेत विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में जिम्मेदारी कार्यकताओं और पदाधिकारियों को दी गई है। इस आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा भी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री लगातार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं, जिसका परिणाम है कि आज भारतीय खिलाड़ी वैश्विक स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। बैठक में पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सिंह, कमला शंकर पांडेय, अभिषेक मिश्रा, अवधेश पाण्डेय बादल आदि उपस्थित रहे।

## अवैध प्रदर्शन और आपत्तिजनक नारेबाजी के आरोप में 350 लोगों पर केस दर्ज



**बहराइच** । कानपुर में आई लव मुहम्मद के पोस्टर लगाने पर छिड़ा विवाद अब बहराइच भी पहुंच गया है शनिवार की शाम बहराइच जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग आई लव मुहम्मद के पोस्टर के साथ सड़क पर उतरे और जमकर प्रदर्शन किया बिना अनुमति के प्रदर्शन और आपत्तिजनक नारे लगाने के आरोप में पुलिस ने पांच नाम जद सहित करीब 350 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कैसरगंज थाना प्रभारी ने बताया कि बिना अनुमति प्रदर्शन करने समेत आपत्तिजनक नारे लगाने को लेकर फैजुल हसन, मुफीद, रिजवान, अरशद खान व बाबू खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

संक्षेप

## नवविवाहिता का शव फंदे से लटकता मिला

**अमिता**। जिले के जामों थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में रविवार को नवविवाहिता का शव कमरे में फंदे से लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। सुबह घरवालों ने जब कमरे का दरवाजा खोला तो महिला छत में लगे हुक से साड़ी के सहारे लटकी हुई मिली। यह दृश्य देखकर परिजन चीख पड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची जामों थाना पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में ले लिया और मामले की जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर सीओ गौरीगंज अखिलेश कुमार वर्मा व फोरेंसिक टीम भी पहुंची और कमरे की बारीकी से जांच करते हुए साक्ष्य जुटाए। टीम ने शव और कमरे का निरीक्षण किया। सीओ गौरीगंज ने मृतका के परिजनों से बातचीत कर पूरी जानकारी ली। मृतका की पहचान गोपालपुर गांव निवासी नवविवाहिता पिंकी देवी पत्नी विनोद कुमार के रूप में हुई है। जिसकी शादी 12 मई 2025 को हुई थी। जानकारी के अनुसार, पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने यह कदम उठाया।

## श्वेता द्विवेदी को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**अमेठी**। जिले के आरआरपीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर श्वेता द्विवेदी को समाजशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। श्वेता द्विवेदी प्रतापगढ़ जिले के लक्ष्मणपुर ब्लॉक के शुक्लान गांव की रहने वाली हैं। श्वेता ने अपना शोध कार्य 'उ.प्र. में मातृ एवं शिशु पोषण में आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका-जनपद प्रयागराज के ग्रामीण क्षेत्रों का एक अध्ययन' विषय पर डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज सुलतानपुर के समाजशास्त्र विषय में प्रो मनोज कुमार मिश्र के निर्देशन में पूर्ण किया। श्वेता द्विवेदी ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता सुशील कुमार द्विवेद्वी, गुरुजनों, पति उदय कुमार मिश्र (सीडीपीओ) को दिया है। इस उपलब्धि पर उनके रिश्तेदारों, साथियों,सहपाठियों व गांव के लोगों में खुशी का माहौल है।

## पिकअप में ट्रक ने मारी टक्कर

**दोस्तपुर, सुलतानपुर**। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर थाना दोस्तपुर क्षेत्र के माइल स्टोन 157.4 के पास रविवार को बड़ा हादसा टल गया। कानपुर से मुबारकपुर जा रही फल लदी पिकअप का अचानक टायर पंचर हो गया। चालक रवि कुमार ने सूझबूझ दिखाते हुए गाड़ी को पीली पट्टी के अंदर खड़ा कर मरम्मत शुरू कर दी। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक गाजीपुर की ओर भाग निकला। हादसे में पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और धक्का लगने के बाद सड़क किनारे बनी संरचना से जा टकराई। सौभाग्य से चालक रवि कुमार, जो कानपुर के रहने वाले हैं, सुरक्षित बच गए। घटना की सूचना मिलते ही ईगल पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची। सड़क पर बिखरे फलों व क्षतिग्रस्त वाहन की वजह से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मची, लेकिन तुरंत सुरक्षाकर्मी तैनात कर स्थिति को नियंत्रित किया गया।

# सदस्यता ही ट्रेड यूनियन का आधार

## मॉडर्न कोच फैक्ट्री मजदूर संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन हुआ संपन्न




जिला संवाददाता (vol)

**लालगंज,रायबरेली**। भारतीय रेलवे मजदूर संघ और भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध मॉडर्न कोच फैक्ट्री मजदूर संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन आवासीय परिसर के सुपरवाइजर क्लब में आदर्श सिंह बघेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री अशोक कुमार शुक्ला ने कहा कि निरंतर सदस्यता ही ट्रेड यूनियन का आधार है। उन्होंने कहा कि संघर्ष, संवाद और श्रमिकों की समस्याओं का समाधान की हमारा लक्ष्य रहता है। अखिल भारतीय मंत्री अशोक शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज 50 करोड़ लोग मजदूरी करते हैं उनमें से मात्र तीन करोड़ श्रमिक ही संगठित क्षेत्र से आते हैं और अन्य 47 करोड़ के लगभग मजदूर असंगठित क्षेत्र के हैं जिनको किसी भी प्रकार की कोई सहायता सरकार या अन्य संगठनों से नहीं मिलती है। मजदूर संघ का लक्ष्य है कि सभी श्रमिकों को संगठित क्षेत्र के दायरे में लाया जाए और उन्हें भी समुचित सुविधाएं उपलब्धहो। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित, उद्योग हित और श्रमिक हित ही मजदूर संघ की प्राथमिकता है। उनका कहना है कि राष्ट्र तभी समृद्ध होगा ,जब मजदूर खड़ा होगा और जब मजदूर खड़ा रहेगा तो राष्ट्र कभी भी निर्बल नहीं हो सकता है। अशोक शुक्ला ने मजदूरों के अधिकारों और उनके हितों की रक्षा के लिए संघ की प्रतिबद्धता भी जताई। उन्होंने मजदूरों के लिए न्याय और समानता की आवश्यकता पर जोर दिया। अशोक शुक्ला ने मजदूर संघ की भूमिका और उसके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बाबत जानकारी देते हुए बताया कि मजदूर संघ सरकार पर मजदूर हितों की नीतियों को लागू करने का दबाव बना रहा है और श्रमिक विरोधी नीतियों का विरोध भी कर रहा है। अशोक शुक्ला ने स्थानीय रेल कोच के मजदूर संघ के कार्यकताओं से फैक्ट्री में सदस्यता अभियान चलाने का आह्वान किया।

अध्यक्षता कर रहे रेल कोच मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल और महामंत्री सुशील गुप्ता ने कहा कि अशोक शुक्ला के उद्बोधन से मजदूरों में एक नई ऊर्जा और जागरूकता आने की उम्मीद है। मजदूर संघ लगातार मजदूरों के हितों के लिए काम करता रहता है। इस मौके पर भारतीय रेलवे मजदूर संघ के संगठन मंत्री राधा वल्लभ त्रिपाठी के साथ-साथ उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन के उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, रायबरेली प्रभारी उमाशंकर, राजेंद्र यादव, रामसन अग्रहरि, राकेश कुमार, कुणाल रोशन, रामबरन वर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह, अश्विनी कुमार, गिरिराज सैनी, आरपी सिंह ,जितेंद्र सिंह, अनिमेष त्रिपाठी, प्रणव कुमार, अंबुज, ओम प्रकाश मौर्य ,रंजीत यादव, देवनाथ निर्मल आदि कर्मचारी नेता भी मौजूद रहे।

## ड्रोन व चोरी की अफवाहों के बीच ग्रामीणों ने संदिग्ध को पकड़ा

**संग्रामपुर, अमेठी**। क्षेत्र के ठेंगहा गांव में शनिवार देर रात ग्रामीणों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक ग्राम प्रधान के कार्यालय के पीछे और आसपास देर रात तक घूम रहा था। ग्रामीणों के मुताबिक जैसे ही उसने लोगों को आते देखा, वह भागने लगा। शक होने पर ग्रामीणों ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर संग्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध को थाने ले गई। पुलिस उसके नाम, पते और पृष्ठभूमि की जांच कर रही है। गांव के सतीश सिंह और अनुपम मिश्र ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गांव और आसपास के इलाकों में ड्रोन उड़ने और चोरी की अफवाहें फैल रही हैं। इसी वजह से ग्रामीण पहले से सतर्क थे। संदिग्ध युवक को पकड़ने के बाद ग्रामीणों ने बिना देर किए पुलिस को खबर कर दी। इंस्पेक्टर अखिलेश सिंह ने बताया कि युवक से गहन पूछताछ की जा रही है। अभी तक उसकी पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस संदिग्ध की गतिविधियों की जांच में जुटी है। साथ ही ड्रोन और चोरी की फैल रही अफवाहों पर भी नजर रखी जा रही है।

## पुलिस रिकॉर्ड में जाति का उल्लेख करने की व्यवस्था बंद करने का निर्देश

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में उत्तर प्रदेश सरकार को प्राथमिकियों और जब्त किए गए माल के मेमो सहित पुलिस रिकॉर्ड में जाति का उल्लेख करने की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्देश दिया है। शराब तस्करी से जुड़े एक आपराधिक मामले में सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने यह निर्देश पारित किया। अदालत ने 16 सितंबर को पारित अपने निर्णय में इस व्यवस्था को कानूनी भ्रांति और पहचान की प्रोफाइलिंग करार दिया जो संवैधानिक नैतिकता को कमजोर करती है और संवैधानिक लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती पैदा करती है। अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को आरोपी व्यक्तियों, सूचना देने वालों और गवाहों की जाति से जुड़े सभी कॉलम और प्रविष्टियों को हटाकर अपनी पुलिस दस्तावेजी प्रक्रियाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। अदालत ने मौजूदा मामले में कहा कि प्राथमिकी और जब्ती मेमो में आरोपियों की जाति माली, पहाड़ी राजपूत ठाकुर, पंजाबी पाराशर और ब्राह्मण के तौर पर दर्ज करने से किसी कानूनी उद्देश्य की पूर्ति नहीं होती। राज्य के उच्चतम पुलिस अधिकारी की तरफ से ऐसी असंवेदनशीलता ने इस अदालत को जाति आधारित पूर्वाग्रह के व्यापक मुद्दे पर गहरी बहस छेड़ने को विवश किया। अदालत ने पाया कि प्राथमिकी के निर्धारित प्रारूप में ऐसा कोई पैरा नहीं है जहां पुलिस के लिए आरोपी और शिकायतकर्ता की जाति और धर्म का उल्लेख करना अनिवार्य हो। अदालत ने कहा कि इसी तरह, अपराध विवरण फॉर्म के परीक्षण पर यह पता चलता है कि जाति और धर्म के आधार पर आरोपी की पहचान के लिए कोई पैरा नहीं है। पुलिस के रुख से असहमति व्यक्त करते हुए, अदालत ने कहा कि 21वीं सदी में पुलिस अब भी पहचान के लिए जाति पर निर्भर है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। खासकर तब जब बॉडी कैमरा, मोबाइल कैमरा, अंगुलियों के निशान, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, माता-पिता के विवरण जैसे आधुनिक टूल उपलब्ध हैं। इसके अलावा, इन प्रारूपों में आरोपी से जुड़े व्यापक वर्णनात्मक क्षेत्र जैसे लिंग, जन्म तिथि, शरीर की लंबाई, त्वचा का रंग, पहचान के निशान, दांत, बाल, आंखें, भाषा, जले का निशान, तिल, टैटू आदि पहले से मौजूद हैं। इसलिए यह अदालत डीजीपी के तर्क से सहमत नहीं है। अदालत ने जाति आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्मों का भी यह कहते हुए जिक्र किया कि इंस्टाग्राम, यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्मों पर रील ने व्यक्तियों को जाति की पहचान दी है। ये रील अक्सर जातिगत आक्रामकता और प्रभुत्व को रोमांटिक रूप देती हैं। ऐसे व्यवहार से पता चलता है कि कैसे सार्वजनिक रूप से जाति का दावा संवैधानिक नैतिकता को कमजोर करता है। अदालत ने सरकार से यह सिफारिश की है कि सरकार सभी निजी और सार्वजनिक वाहनों पर जाति आधारित नारों और पहचान पर प्रतिबंध लगाने के लिए केंद्रीय मोटर वाहन नियम में संशोधन कर सकती है। साथ ही वह प्रदेश के आरटीओ और यातायात विभाग को सर्कुलर जारी कर जाति के साइनेज हटाने को कह सकती है।

## रक्तदान शिविर का विधायक ने रक्तदान कर किया शुभारम्भ

**गौरीगंज**। अखिल विश्व गायत्री परिवार अमेठी द्वारा वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की 99वीं जयंती के अवसर पर रक्तदान महायज्ञ का आयोजन किया गया। रविवार को पुष्पा त्रिपाठी मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, गौरीगंज में आयोजित रक्तदान महायज्ञ का शुभारंभ गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर रक्तदान करते हुए विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि आज वंदनीया माता जी की जयंती पर रक्तदान करना सौभाग्य की बात है। जीवन का 42वां रक्तदान करते हुए राकेश सिंह ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान अभियान से जुड़ना चाहिए, आपका एक यूनिट रक्त तीन लोगों को जीवनदान देता है। रक्तदान शिविर में 165 लोगों ने पंजीकरण कराया जिसमें 37 यूनिट का रक्तदान आज किया गया, शेष रक्तदानियों द्वारा आवश्यकता के अनुसार रक्तदान कराया जायेगा। आज रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को गायत्री परिवार की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। गायत्री परिवार के आवाहन पर इस रक्तदान अभियान में इण्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी, अमेठी सहित मनीषी महिला पी जी कॉलेज गौरीगंज, इंदिरा गांधी पी जी कॉलेज गौरीगंज, श्री बजरंग सिंह पी जी कॉलेज, मऊ, गौरीगंज, गुरुकुल ज्ञान एकेडमी, गौरीगंज, श्री शिव नायक सिंह सरस्वती विद्या मंदिर, गौरीगंज, केदार नाथ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट इकसारा शाहगढ़ अमेठी, शिव महेश शैक्षिक संस्थान, गौरीगंज ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। जिला युवा समन्वयक डॉ० प्रवीण सिंह दीपक ने अपना पाँचवा रक्तदान करते हुए कहा कि वंदनीया माताजी ने अपने प्रेम और करुणा से इस विशाल गायत्री परिवार को खड़ा किया है। गायत्री परिवार पीड़ा निवारण के लिए प्रतिबद्ध है। रक्तदान के माध्यम से हम किसी के काम आ सकते ये मानव जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है। जिला समन्वयक डॉ० त्रिवेणी सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पहली बार रक्तदान शिविर में हमारी बेटियाँ और नारी शक्ति बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही है यह एक सुखद शुरूआत है। पूर्व चिकित्साधीक्षक डॉ. धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने गायत्री परिवार की पहल का स्वागत करते हुए रक्तदान अभियान को लेकर जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# गंगा एक्सप्रेसवे हाईवे निर्माण के लिए खोदे गये गड्ढे में भरे पानी में डूबने से छात्र की मौत



**लालगंज, रायबरेली**। गंगा एक्सप्रेसवे हाईवे निर्माण के लिए खोदी गयी मिट्टी से बने गहरे गड्ढे में भरे पानी में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई। मामला पूरे महरानी मजरे देवगांव का है। जहां के रहने वाले दिलीप लोध का 13 वर्षीय पुत्र अनुराग अपने साथियों के साथ रविवार की पूर्वान्ह लगभग 11 बजे खेलने के लिए खेतों की तरफ गया था। खेतों के निकट छोरा झील स्थित है। गंगा एक्सप्रेस हाईवे निर्माण के दौरान मिट्टी खुदाई के चलते इस झील की गहराई 20 फुट से अधिक कर दी गई है। इसी झील में बरसात का पानी भरा है। वहीं खेलते समय अनुराग का पैर फिसल गया और वह पानी में डूबने लगा। साथियों ने शोर मचाया तो वहां पहुंचे ग्रामीणों ने किसी प्रकार अनुराग को पानी से बाहर निकाला और उसे गंभीर हालत में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनुराग की मौत पर बड़े भाई राज, बहन रागिनी,माता किरन आदि परिवारजन का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक प्राथमिक विद्यालय देवगांव में कक्षा चार का छात्र था। कोतवाल प्रमोद सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## रेलवे लगातार चला रहा त्योहार विशेष ट्रेनें

**टूंडला**। रेल प्रशासन लगातार रेलयात्रियों की सुविधा के लिए त्योहार विशेष ट्रेन चला रहा है। विशेष ट्रेनों के चलने से रेलयात्रियों को त्योहारों पर होने वाली भारी भीड़ से स ?हूलियत मिलेगी, जो 29 सितंबर से 30 नबंवर तक नई दिल ?ली से मानसी व एक अक ?तूबर से दो दिसंबर तक मानसी से नई दिल ?ली के बीच चलेगी। यह ट्रेन दोनों ओर से 63-63 फेरे लेगी। रेलयात्रियों को त्योहारों के समय अपने घर पहुंचने के लिए दो महीने पहले आरक्षण कराने पड़ते हैं। साथ ही आरक्षण न मिलने से रेलयात्रियों को त्योहारों पर घर जाने के लिए सामान्?य कोच से यात्रा करनी पड़ती है, किंतु रेल प्रशासन रेलयात्रियों की मुसीबतों को ध्?यान में रखते हुए ट्रेन नंबर 04453/54 नई दिल ?ली-मानसी-नई दिल ?ली आरक्षित त्यौहार विशेष ट्रेन चलाने जा रहा है। यह ट्रेन नई दिल ?ली से 29 सितंबर को देरशाम आठ बजे चलेगी, जो टूंडला रात्रि 11.23 बजे पहुंचेगी। दो मिनट के ठहराव के बाद मानसी के लिए रवाना हो जाएगी।

## घरेलू विवाद में डंडे से पीटकर पत्नी की हत्या, पति पुलिस हिरासत में

शाहजहांपुर। जिले में पति ने मामूली कहासुनी के बाद अपनी पत्नी की कथित तौर पर डंडों से पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि तिलहर थानाक्षेत्र के दनकपुर गांव में रहने वाला कल्याण सिंह शराब पीने का आदी है और शनिवार रात उसकी पत्नी से कुछ कहासुनी हुई थी। कल्याण ने अपनी पत्नी शांति (62) को डंडों से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी, जिसके मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया गया। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि पति-पत्नी यहां गांव में रहते हैं जबकि उनके बच्चे बाहर नौकरी करते हैं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी कल्याण को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया और मामले की जांच जारी है।

## युवक की हत्या के बाद प्रेमिका ने जहर खाकर दी जान

सहारनपुर। जिले में प्रेमी की हत्या किये जाने के एक दिन बाद उसकी प्रेमिका ने कथित तौर पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, चिलकाना थानाक्षेत्र के दुमझेड़ा गांव में रहने वाली अंकिता (18) का शव शनिवार को उसके घर से बरामद किया गया और उसके पास कीटनाशक का एक खाली पैकेट पड़ा हुआ मिला था। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सागर जैन ने बताया कि अंकिता के प्रेमी माहिल (22) की शुक्रवार को हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद युवक के परिवार ने युवती के रिश्तेदारों पर हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था। तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर लड़के के परिजनों ने विरोध प्रदर्शन भी किया था। पुलिस ने पूछताछ के लिए दो नाबालिग को हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच जारी है।

# एक ही दिन में 11 वारंटी गिरफ्तार



बांसी सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन का कुशल नेतृत्व कहें या कोतवाल बांसी गौरव सिंह की कार्य क्षमता, पुलिस अधीक्षक के दिए गए निर्देश के अक्षरसह अनुपालन में दायित्वों के प्रति क्रियाशील कोतवाल बांसी गौरव सिंह के नेतृत्व में थाने की पुलिस ने विगत दिनों एक ही दिन कुल 11 वारंटियों को दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए अपनी कार्य क्षमता एवं बड़ी सफलता का प्रमाण प्रस्तुत किया गया, विदित हो नवागत कोतवाल बांसी गौरव सिंह स्वभाव के सरल एवं आसामाजिक तत्त्वों के सख्त विरोधी समझे जाने वाले प्रभारी निरीक्षक कोतवाल के रूप में समझे जा रहे हैं। इसके पूर्व उन्होंने अल्प अवधि के कार्य काल में आसामाजिक तत्त्वों के कार्यवाही किया गया है, पुलिस के अनुसार गिरफ्तार 11 वारंटियों के नाम पता 1.रहमतुल्लाह पुत्र झिन्नेलाल निवासी नरकटहा थाना कतोवाली बांसी जनपद सि0नगर सम्बन्धित वाद संख्या-1556/08 धारा-323/504/506 भा0द0वि0 । 02.गद्दीलाल पुत्र झिन्नेलाल निवासी नरकटहा थाना बांसी जनपद सि0नगर सम्बन्धित वाद संख्या-1556/08 धारा-323/504/506 भा0द0वि0 । 03रामकेश पुत्र रामअजोरे निवासी बभनीताल टोला करहीडीह थाना बांसी जनपद सि0नगर सम्बन्धित वाद संख्या-198/23 धारा-323/504 भा0द0वि0 । 4साधू पुत्र प्यारे निवासी बभनीताल टोला करहीडीह थाना बांसी जनपद सि0नगर सम्बन्धित वाद संख्या-198/23 धारा-323/504 भा0द0वि0 ।

## पुस्तकालय विज्ञान में राजेश पांडेय को मिली पीएच.डी. की उपाधि

**सुलतानपुर (वीओएल)**। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान विभाग के उप पुस्तकालयाध्यक्ष राजेश पांडेय को सनराइज विश्वविद्यालय, अलवर द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी.एचडी) इन लाइब्रेरी साइंस की उपाधि प्रदान की गई। यह उपाधि उन्हें विश्वविद्यालय में आयोजित भव्य कन्वोकेशन समारोह में प्रदान की गई। राजेश पांडेय ने पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर पैकेजः उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय पुस्तकालयों का एक अध्ययन विषय पर शोधकार्य किया। समारोह में अपने वक्तव्य के दौरान उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान के प्रबंधक विनोद सिंह, प्राचार्य प्रो. डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. संगीता कौल (डायरेक्टर, डेलनेट), डॉ. अनुपम सहगल तथा डॉ. प्रवीण कुमार सिंह को दिया, जिन्होंने उन्हें इस कार्य हेतु सदैव प्रेरित व मार्गदर्शन किया। उन्होंने आगे कहा कि इस यात्रा में संस्थान के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों, अपने पिता कमल नयन पांडेय (संपादक, युग तेवर), माता सुशीला देवी, पत्नी सुधा पांडेय सहित परिजनों और सहयोगियों का भी विशेष सहयोग रहा। इसके साथ ही उन्होंने गोरखपुर विश्वविद्यालय, राम मनोहर लोहिया अवध विवि (अयोध्या) तथा इलाहाबाद विवि के पुस्तकालय विज्ञान विभाग के प्राध्यापकों का भी हृदय से आभार व्यक्त किया।



## युवक की हत्या मामले में दो उपनिरीक्षकों समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित

बलिया। जिले में दो गुटों के बीच विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई और मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में दो उप-निरीक्षकों सहित चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, हत्या के इस मामले में नौ आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और दो उप-निरीक्षकों सहित चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि हल्दी थानाक्षेत्र के रैपुरा ढाले में शनिवार शाम को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद में गोली चलने से निरुपुर गांव निवासी सुनील यादव (26) घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, सुनील को परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बैरिया क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि मृतक के पिता शिवशंकर यादव की तहरीर पर रविवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में पंकज राय, लक्ष्मी नारायण चौबे, नीरज चौबे और श्रवण दूबे को नामजद करते हुए चार अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक रवि वर्मा व उदय प्रताप सिंह, मुख्य आरक्षी अरविन्द यादव एवं आरक्षी अजय यादव को लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

## विपक्ष के हर हथकंडे को विफल करना होगा : सुशील त्रिपाठी

**सुलतानपुर (वीओएल)**। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में पंचायत चुनाव कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक फुलप्रूफ रणनीति बनाने पर जोर दिया गया।

इससे पहले जिला पदाधिकारियों की बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के लिए तीन पदाधिकारियों का रोस्टर जल्द जारी होगा।

- पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने की कार्यशाला बनायी रणनीति

उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नेताओं को ब्लॉक संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं जिला पंचायत के 45 वार्डों में वार्ड प्रभारी और संयोजक भी नियुक्त किए गए हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए त्रिपाठी ने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। गरीबों को बिना भेदभाव शौचालय, आवास और हर-घर नल जैसी योजनाओं का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि 29 सितम्बर तक चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान में 18 वर्ष से ऊपर और छूटे हुए लोगों को वोटर बनवाने की जिम्मेदारी भी संगठन की है। उन्होंने कार्यकताओं से सतत संपर्क और संवाद बनाए रखने, हर घर तक सरकार के कार्यों को पहुंचाने और विपक्ष के हर हथकंडे को विफल करने का आह्वान किया। कार्यशाला में पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, एमएलसी, जिला एवं मंडल पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री संदीप सिंह ने किया।

# कठवारा ग्राम पंचायत घर में दो लाख की चोरी

- कंप्यूटर, इनवर्टर और 45 कुर्सियां गायब शराबियों पर शक

**रायबरेली**। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के कठवारा गांव में चोरों ने पंचायत भवन को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने पंचायत घर से कंप्यूटर, सीपीयू, इनवर्टर बैटरी और 45 से अधिक कुर्सियां चुरा लीं। इस चोरी से हुए नुकसान का अनुमान लगभग 2 लाख रुपये बताया जा रहा है। घटना ने ग्रामीणों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है, क्योंकि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। यह चोरी देर रात को अंजाम दी गई, जिसकी जानकारी सुबह ग्राम प्रधान वीरेंद्र को मिली। ग्राम प्रधान ने तुरंत हरचंदपुर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि चोरों ने पंचायत घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कीमती सामान चुरा लिया।

ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय सुरक्षा व्यवस्था की कमी के कारण चोर आसानी से वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ग्राम प्रधान वीरेंद्र ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने और चोरी गए सामान



को बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने मामले में विभिन्न पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है। गुलुपुर चैकी इंचार्ज योगेश पायला ने बताया कि पंचायत घर में ताला तोड़कर चोरी की गई। मौके से शराब की खाली बोतलें और पाउच बरामद हुए हैं, जिसके आधार पर पुलिस को शक है कि इस चोरी में स्थानीय शराबियों का हाथ हो सकता है। चैकी इंचार्ज ने बताया कि पंचायत घर के आसपास अक्सर शराबियों का जमावड़ा देखा जाता है, जिसके चलते उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस ने मौके से कुछ सबूत जमा किए हैं और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। गुलुपुर चौकी इंचार्ज ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा और चोरी का सामान बरामद करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## सर्पदंश से हुई महिला की मौत

**जयसिंहपुर सुलतानपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर प्रथम (गिरधारी दूबेपुर) गांव में रविवार को सर्पदंश से महिला की मौत हो गई। सीएचसी जयसिंहपुर से महज कुछ कदम की दूरी पर रहने के बावजूद समय पर उचित इलाज न मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव की निवासी उर्मिला दूबे पत्नी स्व. राधेश्याम दूबे घर में टीन के डब्बे से गुड़ लेने गईं। जमीन पर रखी पॉलिथीन उठाते समय विषैले सांप ने उनकी उंगली में काट लिया। बेटे ने उन्हें सीएचसी जयसिंहपुर पहुंचाया। जहां हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने पहले मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर और फिर मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उन्हें जिले के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## गोकशी के दो आरोपी पुलिस से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

बहराइच। जिले के नानपारा इलाके में गोकशी मामले में फरार आरोपियों को पुलिस ने रविवार सुबह मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान गोकशी के मुख्य आरोपी के पैर में गोली लगी है।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि नानपारा कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को गोकशी के आरोप में एक मुकदमा दर्ज किया गया था और पुलिस को जानकारी मिली थी कि इस मामले में फरार मुख्य आरोपी वसीम अपने एक साथी के साथ नेपाल भागने की फिराक में है। रविवार सुबह सूचना पर पुलिस ने नहर पर बने मथुरा पुल पर हाड़ा बसेहरी की तरफ जाने वाले मार्ग पर उसे पकड़ने के लिए घेराबंदी की थी।

अधिकारी के मुताबिक, इस दौरान वसीम कथित तौर पर गोकशी में शामिल रहे अपने एक अन्य साथी खुदाबख्श के साथ बगैर नंबर प्लेट वाली एक मोटरसाइकिल से आते हुए दिखायी दिया। पुलिस ने वसीम और खुदाबख्श को रूकने को कहा तो उन्होंने रूकने के बजाय उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलायीं और बचाव में पुलिस ने भी गोली चलायी। उन्होंने बताया कि वसीम पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा उसे फौरन पकड़ लिया गया तथा जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वसीम का दूसरा साथी खुदाबख्श भागने की कोशिश कर रहा था मगर पुलिस ने उसे भी काबू कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से 315 बोर के दो तमंचे, कारतूस तथा अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि पूछताछ कर इनके अन्य साथियों की जानकारी की जा रही है।

संक्षेप

## चरस बरामद, एक अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान शनिवार देर शाम लाइनपार नया रेलवे पुल के नीचे कच्चे मार्ग से एक युवक लेखराज उर्फ छोटू भंडारी निवासी गली नंबर-तीन शोभाराम का अहाता लाइनपार को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से तलाशी के दौरान 890 ग्राम चरस बरामद हुआ पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## छापेमारी में 47 लीटर अवैध शराब बरामद

**फिरोजाबाद।** जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 शिकोहाबाद जी.के.वर्मा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 भूपेश कुमार सिंह ने स्टॉफ के साथ थाना शिकोहाबाद स्थित गिहार कॉलोनी में आकस्मिक छापेमारी कर कई घरों की तलाशी ली। जिसमें लगभग 47 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा 140 किलोग्राम लहन मिली। जिसे, मौके पर नष्ट किया गया।

## आज से मिलेंगे बांके बिहारी के तीन घंटे अधिक दर्शन

**मथुरा।** वृंदावन ठाकुर बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन हाईपावर कमेटी ने मंदिर के दर्शन समय में परिवर्तन के निर्देश दिए हैं। प्रबंधन ने मंदिर में नोटिस चस्पा कर तत्काल प्रभाव से दर्शन समय में बदलाव के निर्देश मंदिर सेवायतों को दिए हैं। सोमवार सुबह से मंदिर के दर्शन समय में बदलाव हो जाएगा। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर प्रबंधन हाईपावर कमेटी के सचिव जिलाधिकारी सीपी सिंह ने जारी नोटिस में मंदिर सेवायतों से दर्शन समय में बदलाव के निर्देश दिए हैं। जारी निर्देश में कहा है वर्तमान में ग्रीष्म काल में मंदिर के पट सुबह 7 बजकर 45 मिनट पर खुलते है, जबकि परिवर्तित समय सुबह 7 बजे दर्शन खुलेंगे और 7 बजकर 15 मिनट पर श्रृंगार आरती होगी। मंदिर के पट वर्तमान में दोपहर 12 बजे बंद हो रहे है तो अब दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर बंद होंगे। इसी तरह शाम को वर्तमान में दर्शन शाम 5 बजकर 30 मिनट पर खुलते हैं तो परिवर्तित समय 4 बजकर 15 मिनट से रात 9 बजकर 30 मिनट पर बंद होंगे। सचिव के नोटिस को मंदिर में चस्पा कर दिया गया है।

## नशा मुक्ति व विकसित भारत के संकल्प संग दौड़ी नमो युवा रन

**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत रविवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर एवं युवा मोर्चा मथुरा महानगर द्वारा नमो युवा रन मैराथन का आयोजन किया गया। यह दौड़ छावनी से प्रारंभ होकर होली गेट तक निकाली गई। मैराथन में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रेखा वर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष एडवोकेट हरिशंकर राजू यादव विधायक पूरन प्रकाश विधायक राजेश चैधरी पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। हजारों युवाओं ने नशा हटाओ, विकसित भारत बनाओ का संदेश देते हुए जोशपूर्ण भागीदारी निभाई। वहीं पूर्व सांसद रेखा वर्मा ने कहा कि आज का यह दृश्य उत्साहजनक है कि हजारों युवा सड़क पर उतरे हैं और नशामुक्त समाज, सशक्त राष्ट्र का संदेश दे रहे हैं।

# गोष्ठी में महिलाओं ने जल और सनातन संरक्षण पर दिया जोर

पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महात्सव



**मथुरा।** वैदिक काल से वर्तमान समय तक हर क्षेत्र में नारी समाज का योगदान रहा है। नारियों ने संस्कार और संस्कृति की रक्षा में भी सहयोग किया है। आज सनातन संस्कृति की रक्षा और जल संरक्षण के लिए महिलाओं को आगे बढ़कर काम करना होगा। यह विचार रविवार को फरह स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला में आयोजित राष्ट्र निर्माण के परिपेक्ष्य में नारी और उसका सर्वकालिक योगदान भारतीय संदर्भ में विषय पर आयोजित संगोष्ठी में महिलाओं ने व्यक्त किए। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चैहान ने आयोग द्वारा महिलाओं के सहयोग में किए जा रहे कार्यों को सामने रखते हुए कहा कि आयोग हर पीड़ित महिला का दुख हरने को तत्पर है, कोई समस्या हो तो महिला आयोग के संज्ञान में लाएं। महिलाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को प्रस्तुत करते हुए कहा कि अपने गांव के प्रधान से योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ उठाएं, कोई समस्या आए तो भाजपा के मंडल अध्यक्षों से सहयोग मांगे। नारी हमेशा से संस्कृति, संस्कार और समाज की रचनात्मक भूमिका में रही है।

राष्ट्रीय सेविका समिति की धार्मिक एवं संपर्क प्रमुख मीनाक्षी ऋषि ने कहा कि महिलाएं जल संरक्षण में बड़ी भूमिका निभा सकती है। जल ही जीवन है, इसलिए इसे बचाने में सभी महिलाएं योगदान दें। शारदा विश्वविद्यालय की कुलपति डा. जयंती राजन ने कहा कि स्वदेशी और संस्कार को बढ़ावा देने में नारी शक्ति बड़ी भूमिका निभा सकती है और विकसित भारत का सपना पूरा कर सकती हैं। आज संस्कारों की जरूरत है, रील की नहीं। एसएन मेडिकल कालेज की फारेंसिक मेडिसिन विभाग की विभागध्यक्ष डा. ऋचा गुप्ता ने कहा कि आपरेशन सिंदूर में महिला अधिकारियों का अहम योगदान रहा। आज हर क्षेत्र में नारी अपना समर्पण दिखा रही है। कृषि विकास में भी नारी का अहम योगदान है। उन्होंने वैदिक काल से वर्तमान तक नारी द्वारा किए गए कार्यों को सामने रखा। संगोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री यतेंन्द कुमार, संघ के प्रचारक डा. दिनेश जी, स्मारक समिति मंत्री केशव कुमार शर्मा, मेला अध्यक्ष एडवोकेट सोहन लाल शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाठक, सुनील पाठक , डा. मालती मिश्र, अमिता गर्ग, डा. प्रीति भारद्वाज, डा. गार्गी त्यागी, डा. स्वाति चैधरी, प्रमिला राजपूत, कमलेश चैहान के अलावा एसएन मेडिकल कालेज की प्रशिक्षु डाक्टर, छात्राएं और महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। एडवोकेट चंचल गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत और संचालन निर्मला दीक्षित ने किया।

## सांसद कंगना रनौत के मामले में बहस पूरी, 30 को सुनाया जायेगा फैसला

**आगरा।** हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र से भाजपा सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के विरुद्ध किसानों के अपमान एवं राष्ट्रद्रोह के मामले में दायर रिवीजन में आज दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनाई गई। रिवीजन करता राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमाशंकर शर्मा एवं राजवीर सिंह ने बहस में कहा के कंगना ने किसानों के ऊपर हत्यारा बलात्कारी एवं अलगाव बादी होने का आरोप लगाया है। रिवीजन करता स्वयं एक किसान है किसान के बेटे हैं और वकालत से पूर्व खेती भी की है। उन्होंने बहस के साथ अपने खेत की खतौनी भी कोर्ट में पेश की और कहा कि अवर न्यायालय द्वारा जिन तथ्यों पर वादी के बाद को दिनांक 6 मई 2025 को निरस्त किया गया है वह निराधार है। चूंकि मोदी सरकार द्वारा सन 2020 में देश के किसानों के विरुद्ध काले कानून बनाए थे जिनके विरोध में देश के कोने-कोने से लाखों किसान करीब 15 महीने तक दिल्ली बॉर्डर पर धरने पर बैठे थे। करीब 15 महीने तक चले इस धरने में करीब साढे 700 किसानों की गर्मी ठंड एवं बरसा के कारण मौत भी हो गई थी, लेकिन सन 2022 में यूपी के विधानसभा चुनाव को देखते हुए मोदी सरकार को मजबूरी बस उक्त कानून वापस लेने पड़े थे। इसी प्रकार 16 सितंबर सन 2021 को कंगना ने इंस्टाग्राम पर एक ट्वीट किया था कि गाल पर चांटा खाने से भीख मिलती है आजादी नहीं और 1947 में जो आजादी मिली है वह महात्मा गांधी के भीख के कटोरा में मिली है। बादी की ओर से दलील दी गई कि कंगना के उक्त बयानों का भाजपा के शीर्ष नेताओं ने किनारा करते हुए जिनमें मनोरंजन कालिया एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारी विरोध किया था तथा देश के तमाम लेखको साहित्यकारों एवं बुद्ध जीवनियों ने विरोध जताते हुए कंगना से कहा था कि अगर ऐसा है तो उनको मिला पद्मश्री वापस करें। वादी की ओर से यह भी दलील दी गई कि कंगना द्वारा किए गए इन ट्वीट एवं बयानों से देश के सारे किसानों का जिसमें वादी एवं उसके परिवार भी शामिल है तथा महात्मा गांधी का अपमान देश की हर नागरिक का अपमान है और कंगना ने 1947 में मिली आजादी को भीख में मिली बता कर देश पर बलिदान हुए क्रांतिकारी शहीदों का तथा स्वतंत्रता सेनानियों का घोर अपमान किया है जिससे देश का हर नागरिक अपमानित हुआ है, और कंगना ने यह राष्ट्र द्रोह का अपमान किया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने 30 सितंबर 2025 की तिथि आदेश के लिए नियत कर दी। वादी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दुर्ग विजय सिंह भैया, अनूप शर्मा, बी एस फौजदार, उमेश जोशी, सुमंत चतुवेर्दी, सुरेंद्र लाखन सहित तमाम अधिवक्ताओं ने भी अपने-अपने तर्क रखे।

## हर बूथ पर मनायी जायेगी पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**टूंडला।** भाजपा विधान सभा टूंडला की एक आवश्यक बैठक एटा रोड स्थित भाजपा जिलाध्यक्ष के कैम्प कार्यालय पर आयोजित हुई। जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि अंत्योदय की अवधारणा के जनक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर को जिले के प्रत्येक बूथ पर मनायी जाएगी, बूथ के सभी कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान चलाएंगे, उसके बाद पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पण कर सभी बूथों पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के निमित्त वृक्ष रोपण अभियान चलाया जाएगा। इसी क्रम में उन्होंने सेवा पखवाड़ा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व पंचायत चुनाव एवं चुनाव व शिक्षा और स्नातक एमएलसी चुनाव की कार्य योजना तैयार की बैठक में हनुमंत बघेल, शिव शंकर शर्मा, आकाश शर्मा, दिनेश गुप्ता गोपाल कृष्ण, पूरन सिंह महावीर बघेल धर्मेंद्र प्रताप संजू नीलेश रावत मनप्रीत कीर, अनंत प्रताप, अरविंद प्रधान उपेन्द्र बघेल ब्रज वीर सिंह, अजीत चौधरी सूरज धाकरे डा.पूरन सिंह राम नरेश धनगर निशांत पचौरी आदि उपस्थित रहे।

## उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत नवसाक्षरों की परीक्षा केंद्रों का भ्रमण



**फिरोजाबाद।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को जनपद के समस्त विकास खण्डों में नवसाक्षरों की परीक्षा का भ्रमण विधायक टूंडला प्रेमपाल धनगर ने आशीष कुमार पाण्डेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद के साथ सयुक्त रूप से प्रा०वि० चुल्हावली, प्रा.वि. पचोखरा प्रा.वि. छिकाऊ एवं कम्पोजिट विद्यालय नगला गंगाराम का भ्रमण किया। वहीं उपेन्द्र सिंह बीइओ नगर क्षेत्र एवं महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर के साथ प्रा०वि० सैलई का भ्रमण किया गया, नन्द कुमार, बीइओ अरॉव के साथ ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत ने प्रा.वि. मढ़ई का भ्रमण किया तथा अन्य सभी बीइओ अपने-अपने ब्लॉक के सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ नव भारत साक्षरता केन्द्रों का भ्रमण किया गया। तथा जिला कारागार फिरोजाबद में भी निरक्षरों की परीक्षा सम्पन्न करायी गयी। जनपद में साक्षरता परीक्षा में सम्मिलित कुल नामांकन 2515 के सापेक्ष 359 परीक्षा केन्द्रों में 2463 निरक्षरों की परीक्षा 97.93 प्रतिशत की निरक्षरों की उपस्थित के साथ परीक्षा सम्पन्न हुई।

## अब्दुल रहमान के मुंबई आतंकी हमलों से लिंक मिले

**आगरा।** आगरा में दो सगी बहनों का धर्मांतरण कराने वाले गैंग के सरगना अब्दुल रहमान और मुख्य सदस्यों के झारखंड में आतंकवादियों से कनेक्शन के बारे में तो अब खुलासा हुआ है। आगरा पुलिस की पूछताछ में इससे पहले यह सनसनीखेज खुलासा भी हुआ था कि गैंग के सरगना अब्दुल रहमान को 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बारे में पहले से जानकारी थी। यह जानकारी सामने आते ही उस समय इंटेलिजेंस ब्यूरो ने उससे आगरा में विस्तार से पूछताछ भी की थी। धर्मांतरण के मामले में जांच कर रही आगरा पुलिस को हाल में अब्दुल रहमान और उसके गैंग के दूसरे प्रमुख साथियों के झारखंड में पकड़े गये चार आतंकियों से लिंक होने का पता चला है। इसी साल अप्रैल के महीने में झारखंड पुलिस ने हिज्ब उत तहरीर नाम के आतंकी संगठन से ताल्लुक रखने वाले अयान जावेद, उसकी बेगम शबनम परवीन, मोहम्मद शहजाद आलम और फैयाज हुसैन को पकड़ा था। आगरा पुलिस को इन आतंकियों से अब्दुल रहमान के सम्पर्कों का पता तब चला जब वह धर्मांतरण के आरोपियों के मोबाइल डाटा की जांच कर रही थी। अब आगरा पुलिस इन आतंकियों से सम्पर्क के आधार पर धर्मांतरण के मुकदमे में आतंकवाद की धारा 113 बीएनएस भी जोड़ने की तैयारी में है। हालांकि इससे पहले आगरा पुलिस पुख्ता साक्ष्य जुटा रही है। अब्दुल रहमान को मुंबई के आतंकी हमलों के बारे में जानकारी थी, इसका खुलासा आगरा के पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने किया। पुलिस आयुक्त के मुताबिक, अब्दुल रहमान से हुई पूछताछ में उसके 26/11 से जुड़ी पूर्व जानकारी का पहलू सामने आते ही सभी हैरान रह गए थे। यह स्पष्ट नहीं है कि वह हमलों में सक्रिय रूप से शामिल था या नहीं, लेकिन पहले से जानकारी होना गंभीर संकेत था। इसी कोण पर आईबी ने अपनी पड़ताल की। पुलिस आयुक्त ने बताया आगरा पुलिस ने इस बारे में मुंबई पुलिस को भी जानकारी भेज दी थी। इस खुलासे के बाद आईबी ने अब्दुल रहमान के बयान लिए थे। अब एजेंसी का फोकस यह पता करने पर रहेगा कि 26/11 के बारे में उसे सूचना कहां से और किस चैनल से मिली ? क्या वह किसी मॉड्यूल के संपर्क में था उस समय उसकी गतिविधियां और कॉन्टेक्ट्स किन-किन इलाकों/व्यक्तियों तक फैले हुए थे।

## एडीजी ने महिला पुलिस बाइक रैली को दिखायी हरी झंडी




**फिरोजाबाद।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा महिला पुलिस बाइक रैली को पुलिस लाइन फिरोजाबाद से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत आज रविवार शाम को जनपद फिरोजाबाद में एक भव्य महिला पुलिस बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । मिशन शक्ति फेज-5.0 उत्तर प्रदेश सरकार का एक प्रमुख अभियान है, जिसका उद्देश्य नारी सुरक्षा,सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करना है । इस अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव, और विभिन्न कानूनों के प्रति जागरूक करना है। महिला पुलिस बाइक रैली का आयोजन इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए किया गया। यह रैली नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश देने के साथ-साथ समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई।

रैली के दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न सुरक्षा उपायों, हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112, 181,1076,1098 और साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक किया। साथ ही, महिलाओं को आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति प्रेरित किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा ने रैली को रवाना करते हुए कहा,मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत हमारा उद्देश्य न केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, बल्कि उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज में जागरूकता फैलाना भी है। यह बाइक रैली महिला पुलिस कर्मियों की शक्ति और साहस का प्रतीक है, जो समाज को यह संदेश देती है कि महिलाएं हर क्षेत्र में सक्षम और सशक्त हैं।

## शकील मास्टर सट्टा माफिया के रूप में पंजीकृत

**फिरोजाबाद।** जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण बनाए रखने एवं अपराध अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में आदतन अपराधियों पर लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत रविवार को जनपद में संगठित गिरोह बनाकर गम्भीर अपराधों को कारित करने वाले अपने साथियों संग मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ की पूर्ति हेतु धन अर्जित करने के उद्देश्य से हत्या,हत्या का प्रयास,मादक पदार्थ तस्करी,जूआ एवं सट्टे की खाई बाड़ी करने वाले अभियुक्त शकील मास्टर को सट्टा माफिया के रूप में घोषित किया गया है जिसे थाना शिकोहाबाद पर पंजीकरण करते हुए अभियुक्त की निगरानी प्रारम्भ की गयी है। सट्टा माफिया अभियुक्त शकील मास्टर अपने साथियों के साथ मिलकर सट्टे की खाई बाड़ी करने जैसे अपराध कारित कर समाज विरोध क्रिया कलापों में संलिप्त होकर आर्थिक लाभ अर्जित करता है। जिस पर हत्या, हत्या का प्रयास मादक पदार्थ तस्करी, जूआ एवं सट्टे की खाई बाड़ी करने सम्बन्धी आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

# मप्र के सीएम पहुंचे मथुरा, वृंदावन में श्रीमद् भागवत कथा सुनी



**मथुरा।** यूपी वृंदावन में एमपी के कैबिनेट मंत्री द्वारा कराई जा रही कथावाचक साध्वी सरस्वती देवी के मुख से कथा जहां सेना पहलगांव के शहीदों के लिए भागवत कथा में आज मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल हुए जहां उन्होंने कथावाचक को प्रणाम करते हुए ऑपरेशन सिंदूर में और पहलगांव आतंकी हमले में शहीद हुए सभी शहीदों को भी नमन करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि और श्राद्ध पक्ष की अमावस्या पर उनके आत्म शांति की कामना करते हुए बोला कि ये कथा ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को समर्पित है साथ ही उन्होंने बोला कि यहां से हमारे यहां से कृष्ण कन्हैया का बड़ा रिश्ता है और वहां उन्होंने शिक्षा ग्रहण करी थी उसी के साथ उन्होंने ये भी बोला कि जिस तरह से आज अयोध्या में श्री राम भव्य तरीके से मुस्कुरा रहे है ऐसे ही बहुत जल्द अब मथुरा में श्री कृष्ण कन्हैया में मुस्कुराने वाले है और जिन लोग की निगाह खराब है या उन्हें दिखाई नहीं देता वो अपना रवैया बदल लें ।वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ये यहां से सेना के शहीद परिवारों के लिए दान दिए गए 11 लाख रुपए के चेक के साथ अपनी तरफ से भी 11 लाख रुपए और मिलाकर सेना को भेंट देने की घोषणा करी जिसमें उन्होंने बोला कि हम ये शहीद परिवारों की और खुशहाली के लिए समर्पित करते है सेना उसे किसी भी निमत इस्तेमाल करे ।हम एमपी सरकार की तरफ से अपने प्रदेश में श्री कृष्ण की सभी स्थली सभी जगहों को भी संवारने के साथ तीज त्योहारों को यही की तरह मनाते है और बच्चों को पढ़ाई में कृष्ण लीलाओं से जुड़ी शिक्षा भी देने जा रहे है और कहा अयोध्या में रामलला को मुस्कुराते देखा राम लाल मुस्कुरा रहे तो कृष्ण के गाने क्या बिगाड़ा जो बहरे हैं थोड़ा काम सही कर ले जिनकी दृष्टि में दोष है वह ठीक से देख ले और ज्यादा दिन की देर नहीं है यहां कृष्ण कन्हैया के उस दिन को बड़े आनंद साथ देखेंगे।

## कांग्रेस ने लगाया प्रशासन पर आरोप, नहीं दी जा रही है बाढ़ पीड़ितों को सहायता

**मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक सेठवाड़ा स्थित जिला कार्यालय सेठवाड़ा पर साप्ताहिक बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर की अध्यक्षता में संपन्न हुई अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने पार्टी द्वारा विगत दिनों किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की और आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा बताई। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने शासन प्रशासन पर बाड़ पीड़ितों की सहायता न किए जाने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा शासन द्वारा घोर उपेक्षा की जा रही है जो की निंदनीय कृत्य है। मथुरा जनपद में आई बाढ़ से किसानो की फसल पूरी तरह से बर्बाद एवं शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए है उन्हें भी मुआवजा नहीं दिया जा रहा है आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्णय हुआ बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा दिलाने हेतु कि जल्द ही रूपरेखा बनाकर जिला प्रशासन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता उमाशंकर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय स्तर नरेंद्र मोदी सरकार व चुनाव आयोग की वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को तेजी से जन मानस में हस्ताक्षर अभियान चलाकर हस्ताक्षर अभियान को आगे भी जारी रखा जाएगा जिससे कि वोट चोरी करने वालों को बेनकाब किया जा सके पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने कहा चुनाव आयोग व अन्य संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्र होकर अपना कार्य नहीं कर रही हैं देश की भाजपा सरकार के दबाव में कार्य कर रही है जो कि लोकतंत्र के लिए खतरा बन चुकी है जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी हालत में बर्दाशत नहीं करेगी। बैठक संचालन जिला उपाध्यक्ष अप्रतिम सक्सेना ने किया बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनों में सर्वश्री प्रेम शंकर शर्मा मनोज गौड़ मनीष, मोहित चैधरी त्रिलोकी नाथ पांडे नरेंद्र राघव सुरेश शर्मा बलबीर सिंह दीपक दीक्षित अर्नब चैधरी रमेश कश्यप आशीष अग्रवाल जिलानी कादरी रवि वाल्मीकि विष्णु कपूर पंकज चैधरी हाशिम हुमेर खुशीराम पटेल राजा गौतम सरवन सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## कार बनी आग का गोला, जनहानि होने से बची



**फिरोजाबाद।** एफ.एच मेडिकल कॉलेज के सामने नेशनल हाइवे पर एक क्रेटा कार में अचानक आग लग गई, देखते देखते कार आग का गोला बन गई। राहगीरों ने साहस दिखाते हुए कार का शीशा तोड़ा और अंदर बैठे ड्राइवर व दो अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद कार में लगी भीषण आग पर काबू पाया। रविवार सुबह फिरोजाबाद की तरफ से आगरा की तरफ जा रही काले कलर की क्रेटा कार एफ एच मेडिकल कॉलेज के सामने कूड़ा गाड़ी से टकरा कर पलट गई जिससे उसमें आग लग गई, देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई राहगीरों ने ड्राइवर व दो अन्य लोगों को शीशा तोड़कर बाहर निकाला सूचना पर फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंच गई और बमुश्किल आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। मौके पर थाना टूंडला पुलिस टीम भी पहुंच गई और कार सवारों को एफ एच हॉस्पिटल भिजवाया जहां उनकी हालत स्थिर है, वहीं थाना पुलिस ने घटना से लगे जाम को खुलवाया। कार सवार टूंडला के निजामी बस्ती निवासी ध्रुव शर्मा ने बताया कि वो अपने दो साथियों आदित्य प्रताप नमन बंसल के साथ आगरा मैरिज होम देखने जा रहे थे, एफ एच मेडिकल कॉलेज के सामने कार कूड़ा गाड़ी से टकरा कर पलट गई जिससे कार में आग लग गई। थाना टूंडला प्रभारी अंजिश कुमार ने बताया कि कि हादसे में कार सवार लोग सुरक्षित हैं, उनको इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती करा दिया है, घटना के संबंध में तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## 148 साल में पहली बार दशरथ बिना हुई सीता की विदाई, दो पार्षदों पर अभद्रता का आरोप

**आगरा।** ऐतिहासिक जनकपुरी महोत्सव में मची रार थमने का नाम नहीं ले रही है। अपनी जान को खतरा बता चुके राजा दशरथ माता सीता की विदाई में भी नहीं पहुंचे। ऐसा पहली बार हुआ है। जनकपुरी महोत्सव के 148 साल के इतिहास में पहली बार हुआ कि दशरथ बिना ही माता सीता की विदाई हो गई। शनिवार को भी राजा दशरथ बने अजय कुमार अग्रवाल शामिल नहीं हुए। वे आयोजन के बीच में ही लंदन रवाना हो गए हैं। उन्होंने बढ़हार में आमंत्रण न मिलने पर आयोजन का बहिष्कार करते हुए अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस आयुक्त से सुरक्षा की मांग के लिए पत्र भेजा था। शुक्रवार को राजा दशरथ बने अजय कुमार अग्रवाल ने बढ़हार भोज के लिए राजा जनक बने राजेश अग्रवाल पर आमंत्रण न मिलने का आरोप लगाते हुए आयोजन का बहिष्कार कर दिया था। उन्होंने आयोजन में अव्यवस्थाओं का हवाला देते हुए दो पार्षदों पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने जान से मारने की धमकी मिलने की बात कहते हुए पुलिस आयुक्त से सुरक्षा की मांग के लिए पत्र लिखा था। शनिवार को जनकपुरी महोत्सव में माता जानकी की विदाई हुई, लेकिन इसमें राजा दशरथ शामिल नहीं हुए। इनके बिना ही प्रभु राम बरात लेकर अवध के लिए लौट गए। राजा दशरथ बने अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि व्यापार के सिलसिले में लंदन आ चुके हैं। बढ़हार का आमंत्रण न मिलने और आयोजन में अपमान होने पर पहले ही मैंने इसका बहिष्कार कर दिया था। सप्ताह भर बाद आगरा लौटूंगा। राजा दशरथ बने अजय कुमार अग्रवाल ने जनकपुरी महोत्सव में दो पार्षदों पर अभद्रता करने और आयोजन के नाम पर वारे-न्यारे करने का आरोप लगाया था। इस पर दूसरे पक्ष के दोनों पार्षदों ने शनिवार की सुबह प्रेसवार्ता करने की घोषणा की तथा राजा दशरथ बने अजय कुमार अग्रवाल पर शराब पीकर आयोजन में आने के आरोप लगाये थे।

# संस्कृति विवि के छात्र बनेंगे उद्यम की दुनिया में चेंज मेकर




**मथुरा।** संस्कृति विवि ने अशोका इनोवेटर्स फॉर द पब्लिक व कनेक्टिंग ड्रीम्स फाउंडेशन (सीडीएफ), नई दिल्ली के साथ साझेदारी में यूनिवर्सिटी चेंजमेकिंग इनिशिएटिव (यूसीआई) की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी ) और सामाजिक उद्यमिता में भविष्य के अनुरूप कौशल प्रदान करना है। यूनिवर्सिटी चेंजमेकिंग इनिशिएटिव के अंतर्गत क्षमता-विकास कार्यशालाएँ, उद्योग विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, और नवाचार चुनौतियाँ शामिल होंगी। इसके साथ, संस्कृति विवि एआई-आधारित नवाचार और सामाजिक प्रभाव को उच्च शिक्षा में समाहित करने में अग्रणी संस्थान के रूप में लगातार नए कदम उठा रहा है।

इस पहल का शुभारंभ विवि परिसर में सीडीएफ द्वारा आयोजित एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम के साथ हुआ, जिसने नवाचारकों, समस्या-समाधानकर्ताओं और सामुदायिक लीडर को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण यात्रा की शुरुआत की। लॉन्च के दौरान चेंजमेकर लीग प्रस्तुत की गई। यह एक इंटरएक्टिव मंच है जहाँ छात्र टीमें एआई आधारित समाधान तैयार कर वास्तविक सामुदायिक चुनौतियों का सामना करेंगी। आने वाले महीनों में टीमें स्थानीय महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान करेंगी, नवीन परियोजनाएँ विकसित कर उनका परीक्षण करेंगी और अपने परिणाम स्पार्क 2026, राष्ट्रीय सामाजिक परिवर्तन प्लेटफार्म पर प्रस्तुत करेंगी। इस पहल में चेंजमेकर दोस्त नामक एक एआई-संचालित डिजिटल साथी भी शामिल है, जिसे सीडीएफ ने तैयार किया है। यह छात्रों को आत्म-चिंतन, कहानी कहने और सहयोगात्मक समस्या-समाधान में मार्गदर्शन करेगा। शैक्षणिक शिक्षा को व्यावहारिक सामाजिक नवाचार ढाँचे के साथ जोड़ते हुए, यह कार्यक्रम छात्रों में सहानुभूतिपूर्ण नेतृत्व, उद्यमी सोच और उन्नत तकनीकी कौशल विकसित करने का लक्ष्य रखता है, जिससे वे समावेशी और टिकाऊ समाधान बना सकें। इस भविष्योन्मुखी योजना के प्रारंभ के अवसर पर संस्कृति विवि के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता, चांसलर, संस्कृति विवि ने कहा यह पहल हमारे छात्रों में नवाचार, नेतृत्व व सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। संस्कृति इंक्युबेशन सेंटर के सीईओ डा.गजेंद्र सिंह ने इस साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अशोका और सीडीएफ के साथ सहयोग छात्रों को कक्षा में सीखी बातों को वास्तविक जीवन में लागू करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। सीडीएफ के संस्थापक डॉ. अमित टुटेजा ने एआई युग में कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आज के युवाओं के लिए चेंजमेकिंग और उद्यमिता अनिवार्य हैं। तकनीक को सहानुभूति से जोड़कर हम ऐसे लीडर तैयार कर सकते हैं जो समाज को ऊपर उठाएँगे।

## नशे में टल्ली महिला ने चौकी में किया हंगामा

**आगरा।** ताजगंज थाने की विभव नगर चौकी पर शुक्रवार देर रात नशे में धुत महिला ने जमकर हंगामा किया। चौकी के बाहर महिला निर्वस्त्र होकर बैठ गई और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए अभद्रता करने लगी। उसकी हरकत से पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। दारोगा ने राहगीर महिलाओं की मदद से उसको चादर ओढ़ाकर परिवार वालों को सूचना दी। हंगामे का वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित हुआ है। घटना शुक्रवार देर रात की है। एक महिला विभव नगर चौकी पर पहुंची। पुलिसकर्मियों से अपने साथ अभद्रता होने की शिकायत करने लगी। महिला इतने नशे में थी कि वह कुछ बता नहीं पा रही थी। उसने पुलिसकर्मियों को गालियां देते हुए अभद्रता शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने उसे परिवार वालों के साथ आने के लिए कहा तो उसने वहीं अपने कपड़े उतार दिए। उसकी हरकत देख पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। इस चौकी के दौरान दारोगा ने समझदारी दिखाते हुए चौकी से चादर लाकर महिला को ढक दिया। राहगीर महिलाओं की मदद से उसे चौकी में बैठाया गया और स्वजन को बुलाया गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि महिला पांच बच्चों की मां है और रोजाना शराब पीकर हंगामा करना उसकी आदत है। पुलिस ने समझाकर महिला को उसके पति और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना के चलते चौकी के बाहर देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। दारोगा राम नरेश ने बताया कि महिला कुछ दिन पहले ही चौकी के पास किराए पर रहने आई है। वह रास्ते में किसी दुकान पर सामान लेने के दौरान दुकानदार से लड़ रही थी।

संक्षेप

## ब्लैक टाइगर की झलक ने किया दुनिया को रोमांचित

नयी दिल्ली। भारत ने वैश्विक मंच पर एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। ओडिशा के सिमिलिपाल नेशनल पार्क के घने जंगलों में कैद की गई भारत के दुर्लभ और रहस्यमयी ब्लैक टाइगर की तस्वीर ने नेशनल जियोग्राफिक के अक्टूबर 2025 अंक के कवर पर जगह बनाई है। इस तस्वीर को भारतीय फोटोग्राफर और नेशनल जियोग्राफिक एक्सप्लोरर प्रसेनजीत यादव ने अपने कैमरे में कैद किया। यह तस्वीर न केवल भारत की अनोखी वन्य धरोहर को दुनिया के सामने लाती है, बल्कि हमारे जंगलों और उनके संरक्षण की कहानियों पर वैश्विक ध्यान भी केंद्रित करती है। गौरतलब है कि बहुत कम भारतीय फोटोग्राफर अब तक इस स्तर की अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल कर पाए हैं।

## फ्लिपकार्ट ने दोपहिया वाहनों के लिए सुगमता को बढ़ाया

बंगलुरु। फ्लिपकार्ट ने अपने वार्षिक शॉपिंग फेस्टिवल द बिग बिलियन डेज की तैयारियों के बीच पेट्रोल एवं इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की बड़ी रेंज उपलब्ध कराते हुए वाहन खरीद के अनुभव को पूरी तरह बदलने की तैयारी कर ली है। त्योहारी सीजन की शुरूआत हो चुकी है और ऐसे में वैरायटी, किफायत, भरोसा एवं 24 घंटे सपोर्ट के साथ फ्लिपकार्ट टू-व्हीलर्स के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है।

## सेनहाइजर ने की स्पेशल ऑफर्स की घोषणा

बंगलुरु। सेनहाइजर ने 23 सितंबर से शुरु होने वाली आगामी अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल 2025 के लिए अपने प्रीमियम प्रोडक्ट लाइनअप पर स्पेशल ऑफर्स देने की घोषणा की है। ग्राहक प्रोफाइल वायरलेस, मोमेंटम 4 वायरलेस, मोमेंटम टू वायरलेस 4, एचडी 490 प्रो प्लस स्टूडियो हेडफोन, एएमबीईओ साउंडबार मिनी और प्रोफाइल यूएसबी माइक्रोफोन सहित टॉप सेनहाइजर प्रोडक्ट्स पर आकर्षक छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, खरीदार चुनिंदा बैंक कार्ड पर नो कॉस्ट ईएमआई विकल्पों और एडीशनल ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं।

## अमेरिकन टूरिस्टर का नया कैंपेन एवरीवन्स इन लॉन्च

मुंबई। अमेरिकन टूरिस्टर ने ट्रैवल सीजन की शुरूआत अपने नए एनर्जी से भरपूर कैंपेन एवरीवन्स इन के साथ की। ये कैंपेन आज की युवा पीढ़ी की ज़िन्दादिली और नए अनुभवों के लिए जोश को सेलिब्रेट करता है, जो मानते हैं कि ज़िंदगी मजेदार तभी बनती है जब नए अनुभव और नए लोग साथ हों। कैंपेन की सबसे बड़ी खासियत है एक 2 मिनट का ऑरिजिनल ट्रैक, जिसमें सिद्धांत चतुर्वेदी और अनन्या पांडे की जबरदस्त केमिस्ट्री नजर आती है। इसे जोनिता गांधी और खुद सिद्धांत ने गाया है। ये गाना आपको उसी बेफिक्र और एडवेंचरस रोड ट्रिप की फील देता है, जहाँ अजनबी भी दोस्त बन जाते हैं।

## शाओमी ने पेश की दिवाली पर डील का मौका

नई दिल्ली। इस दिवाली अपने घरों और त्योहारों को सजाने-संवारने और रोशन करने के लिए तैयार हो जाइए। ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर शाओमी इंडिया, अपने अब तक के सबसे बड़े अभियान के साथ फेस्टिवल सीजन की शुरूआत कर रही है, जिसमें स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी, टैबलेट, वियरेबल्स, पावरबैंक, एयर प्यूरीफायर और अन्य उत्पादों के अपने विस्तृत पोर्टफोलियो पर शानदार डील्स की पेशकश की जा रही है। जैसे-जैसे परिवार खुशियां, नई शुरूआत और साझा अनुभवों के लिए एक साथ आते हैं, शाओमी अत्याधुनिक इनोवेशन को अविश्वसनीय फेस्टिव वैल्यू के साथ जोड़कर त्योहारों और उत्सवों को और भी रोशन बना रहा है। 60प्रतिशत तक की बचत के साथ, यह अपग्रेड करने, उपहार देने और स्मार्ट जीवनशैली घर लाने का एक बेहतरीन मौका है।

## अक्षय कुमार ने मचाया धमाल

नयीदिल्ली। स्टंट करने में माहिर, जिनकी कॉमिक टाइमिंग हमेशा परफेक्ट रहती है, जो हर किसी का मजाक उड़ाते हैं और दिखने में 25 साल से ज्यादा नहीं लगते। हम बात कर रहे हैं इस हफ्ते के मेहमान अक्षय कुमार यानी खिलाड़ी कुमार की, जिन्होंने नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 3 के फिनाले में धमाल मचा दिया और कपिल और उनके टीम को चौंका दिया, जबकि दर्शक हँसी के ठहाकों में डूब गए। अक्षय ने होली स्टाइल वॉटर बलून गेम शुरू किया, जिसमें सुनील, किकू और कृष्णा पूरी तरह भीग गए और दर्शक अपनी हँसी रोक ही नहीं पा रहे थे।

# कंपनियों की पूंजी 1.18 लाख करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,18,328.29 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा लाभ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारती एयरटेल को हुआ।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 721.53 अंक या 0.88 प्रतिशत के लाभ में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, एसबीआई, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। सप्ताह के दौरान एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 35,953.25 करोड़ रुपये बढ़कर 7,95,910 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 33,214.77 करोड़ रुपये बढ़कर 11,18,952.64 करोड़ रुपये रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 17,389.23 करोड़ रुपये बढ़कर 19,04,898.51 करोड़ रुपये पर और टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 12,952.75 करोड़ रुपये बढ़कर 11,46,879.47 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी की बाजार हैसियत 12,460.25 करोड़ रुपये बढ़कर 5,65,612.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 6,127.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,39,901.03 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 230.31 करोड़ रुपये बढ़कर 14,84,816.26 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 10,707.87 करोड़ रुपये घटकर 10,01,654.46 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 6,346.93 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 6,17,892.72 करोड़ रुपये रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 5,039.87 करोड़ रुपये घटकर 6,01,225.16 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# एच-1 बी वीजा शुल्क वृद्धि, व्यापार वार्ता, जीएसटी कटौती जैसे कारक तय करेंगे बाजार की दिशा



नयी दिल्ली। अमेरिका के एच- 1बी वीजा के शुल्क को बढ़ाकर 1,00,000 डॉलर करने, व्यापार वार्ता और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा, निवेशक वैश्विक बाजारों के रुझान पर भी नजर रखेंगे।

इस सप्ताह, बाजार शुक्रवार देर रात घोषित एच- 1बी वीजा पर 100,000 डॉलर का वार्षिक शुल्क लगाने के अमेरिकी फैसले पर प्रतिक्रिया देंगे। जबकि निर्यात पर निर्भर क्षेत्र पहले से ही शुल्क से संबंधित दबाव का सामना कर रहे हैं। व्यापार वार्ता चल रही है। ऐसे में इस संवेदनशील समय में यह कदम आईटी सेवा निर्यातकों पर और दबाव डाल सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर निवेशक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती के बाद अमेरिकी बाजार के प्रदर्शन पर बारीकी से नजर रखेंगे। भारत के 285 अरब डॉलर के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के लिए अपने सबसे बड़े आउटसोर्सिंग बाजार में मुश्किलें बढ़ गई हैं, क्योंकि अमेरिका ने एच- 1बी वीजा आवेदन शुल्क को 100,000 डॉलर (लगभग 88 लाख रुपये) तक बढ़ाने का फैसला किया है। आईटी कंपनियों के शीर्ष निकाय नासकॉम ने चेतावनी दी है कि इससे ऑनशोर परियोजना के लिए कारोबार की निरंतरता बाधित होगी। ऑनशोर परियोजना में संबंधित कंपनी के मुख्य परिचालन वाले क्षेत्र में रहकर सेवाएं देनी होती हैं। उल्लेखनीय है कि एच- 1बी वीजा धारकों में 70 प्रतिशत से अधिक भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवर हैं। यह कदम (एच- 1बी वीजा आवेदन शुल्क को 100,000 डॉलर तक बढ़ाने का अमेरिकी फैसला) अमेरिकी ग्राहकों की लागत में भारी वृद्धि कर सकता है और भारतीय प्रौद्योगिकी प्रतिभा की मांग कम कर सकता है, जिससे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और विप्रो जैसे बड़े आईटी निर्यातकों की आय पर सीधा असर पड़ेगा। घरेलू मोर्चे पर कारोबारी रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी नजर रखेंगे, जो भारतीय शेयर बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण है।

# चांदी ने इस साल अबतक दिया 49 प्रतिशत का रिटर्न

नयी दिल्ली। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी और सौर तथा इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्रों में मजबूत औद्योगिक मांग से चांदी ने इस साल अबतक 49 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है और इस मामले में सोने और शेयर बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी है।

उनका यह भी कहना है कि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता और जोखिम के बीच स्वच्छ ऊर्जा/सौर/ईवी क्षेत्र में मांग मजबूत बनी हुई है। ऐसे में कुछ सावधानियों के साथ जोखिम क्षमता के आधार पर चांदी अब भी निवेश के लिहाज से अच्छी स्थिति में है। उल्लेखनीय है कि एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) में चांदी बीते वर्ष 87,233 रुपये प्रति किलोग्राम थी जो 19 सितंबर, 2025 तक 49.14 प्रतिशत उछलकर 1,30,099 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इस साल चांदी की कीमतों में तेज वृद्धि हुई, जिसका कारण अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती को लेकर बढ़ती उम्मीदें थीं। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर बढ़ती भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी और सौर एवं इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्रों की मजबूत औद्योगिक मांग ने इस धातु को और मजबूत किया।

# एफपीआई ने शेयरों से 7,945 करोड़ निकाले



नयी दिल्ली। वैश्विक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाव के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में अबतक भारतीय शेयर बाजार से 7,945 करोड़ रुपये निकाले हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये की भारी निकासी के बाद, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा 2025 में शेयरों से अबतक कुल 1.38 लाख करोड़ रुपये की निकासी की गई है। आगे की संभावनाओं पर, बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और अमेरिका से आने वाले वृहद आर्थिक आंकड़े और शुल्क वार्ता में प्रगति, अगले सप्ताह एफपीआई प्रवाह को प्रभावित करेगी। हालांकि, एफपीआई सितंबर में भी बिकवाल बने हुए हैं। 19 सितंबर तक उन्होंने शेयरों से कुल 7,945 करोड़ रुपये की निकासी की है। हालांकि, उनकी कुल बिकवाली कम हुई है। वास्तव में, पिछले सप्ताह में, वे कुछ समय के लिए शुद्ध खरीदार बन गए, जब अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत अंक की कटौती की, तो उन्होंने 900 करोड़ रुपये की खरीदारी की। इस सप्ताह एफपीआई ने फेडरल रिजर्व की ब्याज दर कटौती के बाद 900 करोड़ रुपये की लिवाली की। 2025 में दो और कटौती की उम्मीद है, जिससे वैश्विक बाजार में तरलता में काफी सुधार हो सकता है। हालांकि, एफपीआई सितंबर में शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। विदेशी निवेशकों ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में थोड़ी वापसी की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नरम रुख, अमेरिका-भारत व्यापार विवाद में कमी और भारत के स्थिर वृहद आर्थिक दृष्टिकोण से माहौल में सुधार हुआ।

# वेतन, पेंशन, ब्याज भुगतान पर राज्यों का कुल खर्च 10 साल में 2.5 गुना बढ़ा

नयी दिल्ली। वेतन, पेंशन और ब्याज भुगतान पर सभी राज्यों का खर्च वित्त वर्ष 2013-14 के 6,26,849 करोड़ रुपये से 2.49 गुना बढ़कर 2022-23 में 15,63,649 करोड़ रुपये हो गया।

राज्यों के वित्त पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, राज्यों के राजस्व व्यय का एक बड़ा हिस्सा या तो प्रतिबद्ध व्यय है या पहले से तय है। वेतन, पेंशन और सार्वजनिक ऋण तथा देनदारियों पर ब्याज भुगतान को प्रतिबद्ध व्यय माना जाता है। वित्त वर्ष 2013-14 से 2022-23 तक 10 साल के दौरान राज्यों का राजस्व व्यय, उनके कुल व्यय का 80-87 प्रतिशत था। संयुक्त जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में यह लगभग 13-15 प्रतिशत था। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने राज्य वित्त 2022-23 पर अपनी तरह के पहले प्रकाशन में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में राजस्व व्यय, कुल व्यय का 84.73 प्रतिशत और संयुक्त जीएसडीपी का 13.85 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2022-23 में, 35,95,736 करोड़ रुपये के कुल राजस्व व्यय में प्रतिबद्ध व्यय 15,63,649 करोड़ रुपये था। इसके अलावा सब्सिडी पर 3,09,625 करोड़ रुपये और अनुदान सहायता पर 11,26,486 करोड़ रुपये खर्च हुए।

# तेल-तिलहन की कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। देश में त्योहारी मौसम की मांग होने के बावजूद खराब वित्तीय स्थिति की वजह से कारोबार प्रभावित रहने के बीच कुछे को छोड़कर अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम, अपने पिछले सप्ताहांत के मुकाबले गिरावट के साथ बंद हुए। सूत्रों ने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए सूरजमुखी का बढ़ा हुआ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 7,721 रुपये क्विंटल है और हाजिर बाजार में लगभग 5,000 रुपये क्विंटल पर भी लिवाल मुश्किल से मिल रहे हैं।

इसी प्रकार सोयाबीन (नया एमएसपी-5,328 रुपये क्विंटल) का हाजिर दाम 4,000-4,200 रुपये क्विंटल के लगभग है। मूंगफली (नया एमएसपी-7,263 रुपये क्विंटल) का हाजिर दाम 5,000 रुपये क्विंटल भी मिलने में मुश्किल हो रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1997-98 में सूरजमुखी की खेती लगभग 26 लाख 98 हजार हेक्टेयर में की जाती थी। उस समय भी स्थितियां अब की ही तरह की थीं और किसानों ने सूरजमुखी की खेती से मुंह फेरा तो इसकी खेती का रकबा अब भारी गिरावट के साथ मुश्किल से एक लाख हेक्टेयर भी नहीं रह गया है।

## जियो टेली ओएस पावर्ड फोरके क्यूएलईडी टीवी की लांच

बंगलुरु। ब्लॉपंक्ट टीवी ने रिलायंस जियो के साथ साझेदारी में किया अपना पहला जियो टेली ओएस पावर्ड क्यूएलईडी स्मार्ट टीवी लांच, जो 43-इंच, 50-इंच और 55-इंच जैसे सबसे लोकप्रिय स्क्रीन साइज में उपलब्ध होगा। नया ब्लॉपंक्ट क्यूएलईडी फोरके जियो टेली ओएस टीवी लेकर आया है एआई-रिकमेंडेड कंटेंट, डेडिकेटेड स्पोर्ट्स मोड, *50 वाट के स्पीकर* , 300+ फ्री लाइव चैनल्स, 3 महीने का कॉम्प्लिमेंट्री जियो हॉटस्टार सब्सक्रिप्शन और भी बहुत कुछ – वह भी एक स्लीक, बेजल-लेस डिजाइन के साथ, जो हर भारतीय घर को प्रीमियम अनुभव देगा किफायती दामों पर। इसके साथ ही, ब्लॉपंक्ट ने सिग्मा क्यू सीरीज के तहत तीन नए मॉडल भी लॉन्च किए हैं।

# एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ाने से अमेरिका को भारत से ज्यादा होगा नुकसान

नयी दिल्ली। आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच- 1बी वीजा शुल्क बढ़ाकर प्रति कर्मचारी 100,000 अमेरिकी डॉलर करने के फैसले से भारत से ज्यादा अमेरिका को नुकसान होने की संभावना है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने बताया कि भारतीय आईटी कंपनियां पहले से ही अमेरिका में 50-80 प्रतिशत स्थानीय कर्मचारियों को रोजगार दे रही हैं, जो कि कुल मिलाकर लगभग 1,00,000 अमेरिकी नागरिक हैं। जीटीआरआई ने कहा कि इसलिए यह कदम अधिक नए रोजगार नहीं पैदा करेगा। इसके बजाय, यह ऑन-साइट भारतीयों को नियुक्त करना स्थानीय लोगों की तुलना में अधिक महंगा बना देगा। थिंक टैंक ने आगे कहा कि अमेरिका में पांच वर्षों के अनुभव वाले एक आईटी मैनेजर को 1,20,000 से 1,50,000 डॉलर तक वेतन मिलता है, जबकि एच- 1बी वीजा पर आने वाले को इससे 40 प्रतिशत कम और भारत में काम करने वाले को 80 प्रतिशत कम वेतन मिलता है। इस भारी शुल्क का सामना करते हुए, कंपनियां ऑफशोरिंग को तेज करेंगी, यानी भारत से ही रिमोट वर्क बढ़ेगा।

## त्राया की ऑफलाइन होप स्टोरीज का पहला अध्याय शुरू



लखनऊ। त्राया ने लखनऊ में अपनी डिजिटल सीरीज होप स्टोरीज का पहला ऑफलाइन संस्करण लॉन्च किया। यह सीरीज, जिसकी शुरूआत ऑनलाइन हुई थी, उन वास्तविक कहानियों को साझा करती है जिनमें लोग त्राया के उपचारों से बाल झड़ने की समस्या पर विजय पाते हैं। इसे ऑफलाइन लाने का मकसद ग्राहकों से और गहरा जुड़ाव बनाना है, जिसकी शुरूआत त्राया ने अपने अहम बाजार लखनऊ से की। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए त्राया की फाउंडर सलोनी आनंद ने कहा कि त्राया होप स्टोरीज के पहले ऑफलाइन संस्करण की मेजबानी करना मेरे लिए बेहद विनम्र और यादगार अनुभव रहा। हमें जो प्यार और ऊर्जा सीधे लोगों से मिली, उसने एक बार फिर यह साबित किया कि त्राया का अस्तित्व क्यों है, ताकि हम अपने ग्राहकों को हमेशा केंद्र में रख सकें। इन ऑफलाइन कनेक्शनों के माध्यम से हमारा उद्देश्य और अधिक ज़िंदगियां बदलना और दूसरों को प्रेरित करना है। त्राया का थ्री-साइंस अप्रोच केवल हेयर लॉस को हल करने के लिए नहीं है, बल्कि यह लोगों को उनका आत्मविश्वास वापस दिलाने और खुद से फिर से जुड़ने में मदद करने का प्रयास है।

## महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर काम कर रही सरकार

नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने देश की व्यवसायी महिलाओं के शीर्ष निकाय, फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित 'फ्यूचर फ्रंटियर्स कॉन्क्लेव' में बोलते हुए कहा कि सरकार हमेशा से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और समग्र समाज के सशक्तिकरण के लिए काम करती रही है। देश के विकास में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है क्योंकि वे हमारी आधी आबादी है। फिक्कीफ्लो का कार्य सशक्तिकरण के संपूर्ण क्षेत्र में फैला हुआ है, मूल रूप से - ग्रामीण भारत में महिलाओं को कौशल प्रदान करना, आजीविका को बढ़ावा देना और वित्तीय साक्षरता सुनिश्चित करना ताकि कोई भी महिला पीछे न छूटे। उद्यम में - उद्यमियों को सलाह देना, बाजार तक पहुँच बनाना।

पेज एक का शेष

## जीएसटी रिफॉर्म

भर में 'सेवा पखवाड़ा' मना रही है। प्रधानमंत्री का स्पष्ट मानना है कि यदि नारी स्वस्थ होगी तो परिवार सशक्त होगा, समाज सशक्त होगा और राष्ट्र भी सशक्त बनेगा। इसी सोच के आधार पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम पूरे देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। स्वास्थ्य शिविरों और स्वच्छता कार्यक्रमों के जरिए सेवा पखवाड़ा को विकसित भारत की संकल्पना से जोड़ते हुए आगे बढ़ाया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देशवासियों से विकसित भारत का संकल्प लेने और पंच प्रण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि गुलामी के अंशों को समाप्त करना होगा, अपनी विरासत का सम्मान करना होगा, सेना व वदीर्धारी बलों के प्रति आदर रखना होगा, सामाजिक समता के निर्माण के लिए कार्य करना होगा और अपने नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। यही पंच प्रण भारतवासियों को विकसित भारत की यात्रा का सारथी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर समाज स्वस्थ समाज से ही बनता है और ऐसे आयोजनों जैसे 'नमो मैराथन' से समाज को नई दिशा मिलती है।

## 25 हजार

से एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा और एक कारतूस बरामद किया। पुलिस के मुताबिक, इमरान अली पर पहले से रामपुर में 11 और गोरखपुर में एक मामला दर्ज है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बेलघाट में मवेशियों से लदे एक पिकअप ट्रक को जब्त किया था और मामले में अली की संलिप्तता सामने आने के बाद से वह वांछित था। उन्होंने बताया कि अली की गिरफ्तारी पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

## स्वदेशी अपनाये

बढ़ेंगी। उन्होंने अगली पीढ़ी के मालएवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के लिए सभी को बधाई दी। मोदी ने कहा, ये सुधार भारत की वृद्धि गाथा को गति देंगे, कारोबारी सुगमता को बढ़ाएंगे और अधिक निवेशकों को आकर्षित करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत ने 2017 में जीएसटी सुधारों की ओर कदम बढ़ाया, तो इतिहास रचने की एक नई शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने एक राष्ट्र-एक कर के सपने को साकार किया। मोदी ने इस बात का उल्लेख भी किया कि कैसे करों और टोल के जाल ने व्यवसायों और उपभोक्ताओं के लिए कठिनाइयां पैदा की हैं। उन्होंने 12 लाख रुपये तक की आय पर आयकर छूट और जीएसटी सुधारों का हवाला देते हुए कहा कि यह गरीबों, नव-मध्यम वर्ग और मध्यम वर्ग के लिए दोहरा लाभ है। उन्होंने कहा कि इन दोनों फैसलों से नागरिकों को 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी सुधारों से छोटे और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को बड़ा लाभ होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के लोगों से स्वदेशी सामान बेचने और खरीदने में गर्व महसूस करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी आंदोलन की तरह, भारत की समृद्धि भी स्वदेशी के मंत्र से मजबूत होगी। जीएसटी सुधारों के लागू होने से रसोई के सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स तक, दवाओं और उपकरणों से लेकर ऑटोमोबाइल तक, लगभग 375 वस्तुओं पर दरें सोमवार से घट जाएंगी। उपभोक्ताओं को एक बड़ा तोहफा देते हुए, केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद ने 22 सितंबर, यानी नवरात्रि के पहले दिन से जीएसटी की दरें कम करने का फैसला किया था। मोदी ने अपने 19 मिनट से ज्यादा के संबोधन में कहा कि संशोधित जीएसटी दरें उनकी सरकार के नागरिक देवो भवः के मंत्र को दर्शाती हैं, क्योंकि इससे रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दाम कम होंगे और निर्माण एवं स्वास्थ्य क्षेत्रों में खर्च में कटौती होगी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भारत के सूक्ष्म, लघु और कुटीर उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी और उन्होंने देश में ही यथासंभव विनिर्माण का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपने विकल्पों को लेकर अधिक जागरूक होने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विदेशी मूल की वस्तुएं अनजाने में लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन गई हैं, और उन्होंने लोगों से स्वदेशी पृष्ठभूमि वाले उत्पाद खरीदने का आह्वान किया। मोदी ने जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने में उद्योग जगत की अग्रणी भूमिका पर भी खुशी जताई। उन्होंने कहा कि नए ढांचे के तहत, मुख्य रूप से केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के कर स्लैब ही बचे हैं। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की जरूरत के खाद्य पदार्थ, दवाएं, साबुन, मंजन, टूथपेस्ट, स्वास्थ्य और जीवन बीमा या तो कर-मुक्त होंगे या उन पर केवल पांच प्रतिशत कर लगेगा। उन्होंने कहा कि पहले 12 प्रतिशत कर वाली लगभग 99 प्रतिशत वस्तुएं अब पांच प्रतिशत कर दायरे में आती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों से नागरिक और व्यापारी करों के एक जटिल जाल में उलझे हुए थे। मोदी ने 2014 में पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद एक विदेशी समाचार पत्र में पढ़ी एक खबर का जिक्र किया, जिसमें लिखा था कि एक कंपनी को करों की अधिकता के कारण 570 किलोमीटर की दूरी पर बेंगलुरु से हैदराबाद तक माल पहुंचाना, अपने उत्पादों को यूरोप भेजने और फिर वापस हैदराबाद लाने की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण लगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने राज्यों सहित सभी हितधारकों के साथ मिलकर उनकी चिंताओं को दूर करने और 2017 में एक राष्ट्र एक कर लागू करने के लिए उन्हें सहमत करने का काम किया।

## बंगलूरू से

पीएम मोदी ने कहा कि जब आपने हमें 2014 में मौका दिया तो हमने जीएसटी को अपनी प्राथमिकता बनाया। हमने हर राज्यों की हर शंका का निवारण किया। हर सवाल का समाधान खोजा। सभी राज्यों को साथ लेकर आजाद भारत का इतना बड़ा टैक्स सुधार संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों के प्रयासों का नतीजा था कि देश दर्जनों टैक्स के जाल से मुक्त हो गया। अब पूरे देश के लिए एक जैसी व्यवस्था बनी है। वन नेशन, वन टैक्स का सपना साकार हुआ। साथियों रिफॉर्म एक अनवरत चलने वाली प्रक्रिया होती है। जब समय बदलता है, देश की जरूरत बदलती है तो नेक्सट जेन रिफॉर्म्स भी उतने ही आवश्यक होते हैं। वर्तमान जरूरतों और भविष्य को देखते हुए जीएसटी के नए सुधार लागू हो रहे हैं।

## गाजा युद्ध पीड़ितों

जाएगा। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर चंदा जुटाने के लिए भावनात्मक वीडियो पोस्ट कर सोशल मीडिया अभियान चलाया था। उन्होंने बताया कि अकेले उत्तर प्रदेश के कई जिलों से लाखों रुपये का योगदान दिया गया। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। बयान में बताया गया कि गबन कर हड़पे गए धन के उपयोग के बारे में विस्तृत पूछताछ की जांच की जा रही है।

## युवाओं की ऊर्जा

के लिए प्रेरणा बन सकते हैं और आने वाला समय उनकी शक्ति और संकल्प का परिचायक होगा। इस दौड़ में बड़ी संख्या में युवा, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संगठन और खेल प्रेमियों ने भाग लिया। घंटाघर से शुरू हुई यह दौड़ शहर की प्रमुख सड़कों से होकर गुजरी। हर आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया, जिससे वातावरण देशभक्ति और उत्साह से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, कार्यक्रम संयोजक विपुल मैदोली, सह संयोजक देवेंद्र बिष्ट सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उनकी मौजूदगी ने आयोजन को और भव्यता प्रदान की।

## आज से रसोई

का निर्देश दिया है। जीएसटी दर में कटौती से सबसे बड़ा फायदा वाहन खरीदारों को होगा, क्योंकि छोटी और बड़ी कारों पर कर दरें क्रमशः 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत कर दी गई हैं। कई कार कंपनियों ने पहले ही कीमतों में कटौती की घोषणा कर दी है। सेवाओं की बात करें तो, स्वास्थ्य क्लब, सैलून, नाई की दुकान, फिटनेस सेंटर, योग आदि सौंदर्य और फिटनेस सेवाओं पर जीएसटी को इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) के साथ 18 प्रतिशत से घटाकर, बिना कर क्रेडिट के पांच प्रतिशत कर दिया गया है। बालों में लगाने वाले तेल, साबुन, शैम्पू, टूथब्रश, टूथपेस्ट जैसे रोजमर्रा के सामान भी सस्ते हो सकते हैं, क्योंकि इन पर टैक्स कर दर 12।18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दी गई हैं। टेलकम पाउडर, फेस पाउडर, शेविंग क्रीम, ऑफ्टरशैव लोशन जैसी अन्य रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें भी कम हो सकती हैं, क्योंकि इन पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत हो गया है। 22 सितंबर से जीएसटी में दो स्लैब होंगे। अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं पर पांच और 18 प्रतिशत का कर लगेगा। विलासिता की वस्तुओं के लिए कर की दर 40 प्रतिशत होगी। वहीं तंबाकू और उससे जुड़े उत्पादों पर 28 प्रतिशत कर के साथ उपकर लगेगा। अभी जीएसटी के चार 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के स्लैब हैं। इसके अलावा, लक्जरी सामान और अहितकर वस्तुओं पर अतिरिक्त उपकर भी लगता है। पिछले सप्ताह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये आएंगे, जिससे लोगों के पास कर के रूप में जाने वाला पैसा बचेगा।

## टीवी के दाम

कटौती की घोषणा की है, ताकि जीएसटी में 10 प्रतिशत की कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा सके। इससे साउंड बार और पार्टी स्पीकर जैसे बंडल वाले उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी और इस त्योहारी सीजन में उन्हें दोहरे अंक में वृद्धि की उम्मीद है। सोनी इंडिया अपने 43 इंच से 98 इंच स्क्रीन साइज वाले ब्राविया टीवी मॉडल पर 5,000 रुपये से 71,000 रुपये के बीच एमआरपी में कटौती कर रही है। इसने 43 इंच वाले ब्राविया 2 की कीमत 59,900 रुपये से घटाकर 54,900 रुपये और 55 इंच वाले ब्राविया 7 की कीमत 2.30 लाख रुपये से घटाकर 2.50 लाख रुपये कर दी है। इसी तरह, 98 इंच स्क्रीन साइज वाला इसका टॉप-एंड ब्राविया 5 मॉडल सोमवार से नौ लाख रुपये के मौजूदा मूल्य की तुलना में 8.29 लाख रुपये में मिलेगा। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने 43 इंच से 100 इंच स्क्रीन साइज वाले अपने टीवी सेट की कीमतों में 2,500 रुपये से 85,800 रुपये तक की कटौती की घोषणा की है। इसने 43 इंच स्क्रीन साइज वाले मॉडल की कीमत 30,990 रुपये से घटाकर 28,490 रुपये कर दी है। कंपनी ने 55 इंच और 65 इंच स्क्रीन साइज वाले दो लोकप्रिय मॉडल की कीमत 3,400 रुपये कम कर दी है, जो अब क्रमशः 42,990 रुपये और 68,490 रुपये में मिलेंगे। एलजी के 100 इंच टीवी की कीमत 5,85,590 रुपये से घटाकर 4,99,790 रुपये कर दी गई है।

## कारों की कीमतें

कीमतों में 8.5 प्रतिशत से अधिक की कटौती करने का भी फैसला किया है। प्रवेश-स्तर के मॉडल एस प्रेसो की कीमत में 1,29,600 रुपये तक की कमी होगीअ ऑल्टो के 10 की कीमत में 1,07,600 रुपये तक की कमी होगीअ सेलेरियो की कीमत में 94,100 रुपये की कमी होगीअ वैगन-आर की कीमत में 79,600 रुपये तक की कमी होगी और इग्निस की कीमत में 71,300 रुपये तक की कमी होगी। प्रीमियम हैचबैक स्विफ्ट की कीमत में 84,600 रुपये तक की कमीअ बलेनो की कीमत में 86,100 रुपये तक की कमीअ टूर एस की कीमत में 67,200 रुपये तक की कमीअ डिजायर की कीमत में 87,700 रुपये तक की कमीअ फ्रोंक्स की कीमत में 1,12,600 रुपये तक की कमीअ ब्रेजा की कीमत में 1,12,700 रुपये तक की कमीअ ग्रैंड विटारा की कीमत में 1.07 लाख रुपये तक की कमी।




# अभिषेक व शुभमन ने दिलाई भारत को जीत

## एशिया कप में पाक ने भारत को दिया था172 रन का लक्ष्य, जवाब में भारतीय टीम ने 18.5 ओवर में 4 विकेट पर बनाये 174 रन


पाकिस्तान को करारी शिकस्त देने के बाद जीत का जश्न मनाते भारतीय क्रिकेटर


अर्ध शतक लगाने के बाद एके-47 की तरह बल्ला लहराने पर विवादों में घिरे साहिबजादा फरहान

एजेंसी

दुबई। एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान ने टीम इंडिया के सामने 172 रन का टारगेट दिया है। जवाब में भारतीय टीम ने 18.5 ओवर में 4 विकेट पर 174 रन बना लिए हैं। तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या क्रीज पर हैं। संजू सैमसन (13 रन) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (शून्य) को हारिस रऊफ ने आउट किया। अभिषेक शर्मा (39 बॉल पर 74 रन) को अबरार अहमद और शुभमन गिल (47 रन) को फहीम अशरफ ने पवेलियन भेजा। भारत ने दुबई में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान ने 5 विकेट खोकर 171 रन बनाए। ओपनर साहिबजादा फरहान ने सबसे ज्यादा 58 रन बनाए। सईम अयूब और मोहम्मद नवाज ने 21-21 रन बनाए। भारत के लिए शिवम दुबे ने 2 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और कुलदीप यादव को 1-1 विकेट मिला।

एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान ने टीम इंडिया के सामने 172 रन का टारगेट दिया है। भारत ने दुबई में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान ने 5 विकेट खोकर 171 रन बनाए। ओपनर साहिबजादा फरहान ने सबसे ज्यादा 58 रन बनाए। सईम अयूब और मोहम्मद नवाज ने 21-21 रन बनाए। भारत के लिए शिवम दुबे ने 2 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और कुलदीप यादव को 1-1 विकेट मिला। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान टीम ने पावरप्ले में तेज शुरूआत की। टीम ने जसप्रीत बुमराह को टारगेट किया और शुरूआती 6 ओवरों में 55 रन बटोर लिए। मिडिल ओवर्स में 3 विकेट गिरने के बाद स्कोरिंग रेट धीमे हुआ। आखिर में कप्तान सलमान अली आगा, फहीम अशरफ और मोहम्मद नवाज ने टीम को 170 के पार पहुंचा दिया। पहले ओवर की तीसरी गेंद पर फरहान को जीवनदान मिला। हार्दिक पंड्या की गेंद पर अभिषेक शर्मा ने थर्ड मैन पर उनका कैच ड्रॉप कर दिया। हार्दिक पंड्या ने तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर फखर जमान को विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। जमान ने 9 गेंदों पर 15 रन बनाए। पांचवें ओवर की चौथी गेंद पर कुलदीप यादव ने सईम अयूब का कैच छोड़ दिया। गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती थे। आठवें ओवर की तीसरी गेंद पर अभिषेक शर्मा ने बाउंड्री लाइन पर साहिबजादा फरहान का कैच छोड़ दिया। इस बार भी गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ही थे। 10वें ओवर की तीसरी गेंद पर शिवम दुबे ने सईम अयूब को अभिषेक शर्मा के हाथों कैच कराया। 14वें ओवर की पहली गेंद पर कुलदीप यादव ने तलत हुसैन को वरुण चक्रवर्ती के हाथों कैच करवाया। 15वें ओवर की पहली गेंद पर शिवम दुबे ने फरहान को सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराया। 18वें ओवर में शिवम दुबे ने 17 रन खर्च कर दिए। यह उनके स्पेल का आखिरी ओवर था। उनके खिलाफ मोहम्मद नवाज और सलमान अली आगा ने 1 छक्का, 1 चौका और 3 डबल बटोरे। 19वें ओवर की तीसरी गेंद पर मोहम्मद नवाज रन आउट हो गए। उन्होंने 21 रन बनाए। 19वें ओवर की चौथी गेंद पर फहीम अशरफ ने जसप्रीत बुमराह की फुल टॉस पर छक्का लगाया और टीम को 150 के पार पहुंचा दिया। अगली गेंद पर शुभमन गिल ने स्क्वेयर लेग पोजिशन पर उनका कैच छोड़ दिया। भारत के लिए 20वां ओवर हार्दिक पंड्या ने फेंका।

# गांगुली की सीएबी अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध वापसी तय



कोलकाता। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की सोमवार को यहां होने वाली बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में निर्विरोध अध्यक्ष पद पर वापसी तय है, लेकिन उनका दूसरा कार्यकाल अधिक चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि हाल के महीनों में संघ वित्तीय अनियमितताओं और विश्वसनीयता संबंधी चिंताओं से जूझ रहा है।

गांगुली के नेतृत्व वाले पूरे पैनल - बबलू कोलाय (सचिव), मदन मोहन घोष (संयुक्त सचिव), संजय दास (कोषाध्यक्ष) और अनु दत्ता (उपाध्यक्ष) - का भी निर्विरोध चुना जाना तय है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष 53 वर्षीय गांगुली अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली का स्थान लेंगे, जिन्हें लोढ़ा समिति के निर्देशों के अनुसार कार्यकारी पदों पर छह साल की समय सीमा पूरी होने के बाद पद छोड़ना पड़ा था। हाल के दिनों में विवादों की एक श्रृंखला के कारण सीएबी की छवि को नुकसान पहुंचा है, जबकि रणजी ट्रॉफी टीम का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा है। वित्त समिति के सदस्य सुब्रत साहा पर हाल ही में दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया तथा हितों के टकराव का दोषी पाए जाने पर उन्हें उप-समिति की गतिविधियों से प्रतिबंधित कर दिया गया। इससे पहले अगस्त में संयुक्त सचिव देबब्रत दास को वित्तीय कदाचार के आरोपों के चलते छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था। गांगुली ने पिछले रविवार को नामांकन भरा था और तब उन्होंने बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष के रूप में अपनी दूसरी पारी की प्राथमिकताएं बताई थी।

इनमें बंगाल के प्रथम श्रेणी क्रिकेट को मजबूत करना, बंगाल प्रो टी-20 लीग को बढ़ावा देना, महिला क्रिकेट को बढ़ावा देना और जमीनी स्तर पर ढांचे का विकास करना शामिल है। उन्होंने कहा क्रिकेट व्यवस्था को आगे बढ़ाना होगा। मैं हमारे रणजी ट्रॉफी क्रिकेटरों से बात करने की कोशिश करूंगा, लेकिन टीम में बहुत ज़्यादा लोगों की ज़रूरत नहीं है। आख़िरकार, खिलाड़ियों का कौशल मायने रखता है। एक प्रशासक के तौर पर मैं उनकी हर संभव मदद करूंगा। अध्यक्ष के रूप में अपनी वापसी के बारे में गांगुली ने कहा, मैं उन सभी का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया। ईडन गार्डन्स में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम होने वाले हैं।

संक्षेप

## इंटर मियामी ने डीसी यूनाइटेड को हराया

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने पहले हाफ में एक गोल करने में मदद की तथा दूसरे हाफ में दो गोल किए जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में डीसी यूनाइटेड पर 3-2 से जीत दर्ज की। मेसी ने 66वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। इसके बाद उन्होंने 85वें मिनट में एक और गोल किया। इस तरह से इस सत्र में उनके कुल 22 गोल हो गए हैं, जो गोल्डन बूट अवॉर्ड की दौड़ में नैशविले एससी के सैम सुरिज से एक ज़्यादा है। इससे पहले मिडफ़ील्डर तादेओ अलेंदे ने 35वें मिनट में मेसी की मदद से इस सत्र का अपना आठवां गोल किया। डीसी यूनाइटेड ने 53वें मिनट में बराबरी हासिल कर ली जब क्रिश्चियन बेंटेके ने ब्रैंडन सर्वानिया से मिले पास पर गोल किया। उसकी तरफ से जैकब मुेंल ने इंजरी टाइम में दूसरा गोल किया।

## प्रणवी, हिताशी ला सेला ओपन में संयुक्त 47वें स्थान पर

एलिकांटे (स्पेन)। प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी यहां 2025 ला सेला ओपन में संयुक्त रूप से 47वें स्थान पर हैं। प्रवणी ने पार 72 जबकि हिताशी ने एक ओवर 73 का स्कोर बनाया। प्रणवी ने 13वें से 18वें होल के बीच दो बर्डी और दो बोगी की। हिताशी ने चार बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गईं। अन्य भारतीयों में दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत, रिद्धिमान दिलावरी और वाणी कपूर कट हासिल करने में नाकाम रहे।

## पाइक्रॉफ्ट कोई स्कूल शिक्षक या प्रिंसिपल नहीं : अश्विन

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों का पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाने के विवाद के बीच मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट का समर्थन करते हुए कहा कि जिम्बाब्वे का अधिकारी कोई स्कूल शिक्षक नहीं है और वह केवल अनावश्यक तमाशे से बचने के लिए अपनी भूमिका को अच्छी तरह से निभा रहे थे। पिछले रविवार को जब भारतीय खिलाड़ियों ने नीतिगत फ़ैसले के तहत एशिया कप मैच के बाद पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया, तब पाइक्रॉफ्ट मैच रेफ़री थे। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के समय पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया जिसके बाद पाइक्रॉफ्ट को इस विवाद में घसीटा गया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को दो ईमेल भेजे। उसने पहले पाइक्रॉफ्ट को टूर्नामेंट से हटाने का अनुरोध किया और फिर उन्हें अपने मैचों से बाहर करने की मांग की।

# कपिल कुमार खरे ने दिखाया शानदार खेल, सर्वाधिक अंक के साथ बने विजेता

लखनऊ। कपिल कुमार खरे ने 46वां शिवानी कप वेटरन स्पेशल ओपन चेस टूनार्मेंट में शतरंज की बिसात पर बेहतरीन खेल दिखाते हुए विजेता ट्रॉफी जीत ली।

लखनऊ जिला चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शिवानी पब्लिक स्कूल द्वारा मानसरोवर योजना शहीद पथ स्थित परिसर में आयोजित टूनार्मेंट के छठें व अंतिम राउंड के बाद कपिल ने सर्वाधिक साढ़े चार अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। वहीं शरद शर्मा चार



अंक के साथ दूसरे व पंकज सक्सेना साढ़े तीन अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। शकीलुद्दीन व आरपी गुप्ता के समान 3-3 अंक रहे लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते क्रमशः चौथे व पांचवें स्थान पर रहे।

## गौतमबुद्ध नगर ने जीती ओवरऑल विजेता ट्रॉफी, लखनऊ उपविजेता

यूपी स्टेट एक्वाथलॉन चैंपियनशिप-2025

लखनऊ। गौतमबुद्ध नगर ने यूपी स्टेट एक्वाथलॉन चैंपियनशिप-2025 में 2 स्वर्ण व 2 रजत पदक के साथ ओवरऑल ट्रॉफी जीती। उत्तर प्रदेश ट्रायथलॉन एसोसिएशन के तत्वावधान में भारतीय खेल प्राधिकरण, क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ में रविवार को आयोजित चैंपियनशिप में मेजबान लखनऊ 1 स्वर्ण व 2 रजत पदक के साथ उपविजेता रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रविन कपूर (निदेशक, उत्तर प्रदेश तैराकी एसोसिएशन) ने पुरस्कार वितरित किए। यूपी ट्रायथलॉन एसोसिएशन के सचिव संदीप मिश्रा ने बताया कि चयनित उत्तर प्रदेश टीम आगामी 10 से 12 अक्टूबर 2025 को भोपाल में होने वाली राष्ट्रीय एक्वाथलॉन चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी। इस अवसर पर जितेंद्र सोनकर, सचिन त्रिपाठी, अशुतोष त्रिपाठी, रविन्द्र सोनकर एवं नीरज मिश्रा मौजूद रहे।

## दिव्यांग क्रिकेटर रविंद्र पाटिल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

जयपुर। मुंबई के अनुभवी खिलाड़ी रविंद्र पाटिल को यहां दिव्यांग क्रिकेट वार्षिक पुरस्कार समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि कर्नाटक के राजेश कन्नूर को प्लेयर ऑफ द ईयर का सम्मान मिला। दिव्यांग क्रिकेटरों की उपलब्धियों को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिए स्थापित इन पुरस्कारों में देश भर के कई खिलाड़ियों को राजस्थान दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) के सहयोग से भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) द्वारा आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में विदर्भ के गुरुदास राउत को विशेष योगदान पुरस्कार, मुंबई के विक्रांत केनी को प्लेयर्स च्वाइस (लोकप्रिय खिलाड़ी) तथा कर्नाटक के शिवशंकर को आइकॉनिक प्लेयर पुरस्कार मिला। राजस्थान के सुरेंद्र खोरवाल को सर्वश्रेष्ठ शानदार खिलाड़ी, गुजरात के आदिल ननसोला को वर्ष का उभरता सितारा और उत्तर प्रदेश के अनवर अली को सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। हैदराबाद के चंद्रभान गिरि को सर्वश्रेष्ठ कोच चुना गया। इस अवसर पर जम्मू कश्मीर को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय टीम घोषित किया गया।

# प्रमोद भगत ने स्वर्ण व रजत जीता, सुकांत को दो रजत

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के प्रमोद भगत, सुकांत कदम और कृष्णा नागर ने चीन पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। शीर्ष पैरा शटलर प्रमोद ने 18 महीने बाद शानदार वापसी करते हुए पुरुषों के एकल एसएलडब्ल्यू3 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इंडोनेशिया के मोहम्मद अल इमरान से कड़ी चुनौती का सामना करते हुए प्रमोद पहला गेम 15-21 से हार गए लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अगले दो गेम 21-19, 21-16 से जीतकर रोमांचक मुकाबले में पहला स्थान हासिल किया।

पेरिस पैरालंपिक में तीन बार डोपिंग जांच में विफल होने के कारण बाहर होने के बाद यह प्रमोद के लिए एक भावुक जीत थी जिसने उन्हें अंतरराष्ट्रीय सर्किट में वापसी करने में मदद की। पुरुषों के युगल में उन्होंने कदम के साथ जोड़ी बनाई और इस जोड़ी ने हमवतन जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को रोमांचक फाइनल में 18-21, 22-20, 18-21 से हारकर रजत पदक जीता। दुनिया के नंबर एक पैरा खिलाड़ी सुकांत कदम ने पुरुषों के एकल एसएल4 वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया और कड़ी चुनौती का सामना करते हुए रजत पदक जीता। वह फाइनल में फ्रांस के



लुकास माजूर से 9-21, 8-21 से हार गए। तोक्यो 2020 पैरालंपिक चैंपियन कृष्णा ने भी पुरुषों के एकल एसएच6 वर्ग में रजत पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया।

उन्होंने थाईलैंड के नाथपांग मीचाई को कड़ी टक्कर दी लेकिन तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में 22-20, 7-21, 17-21 से हारकर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं दूसरी ओर सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को एक बार फिर दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा जब वे रविवार को यहां चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में किम वोन हो और सियो सेयुंग जेइ की कोरिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हार गए। एशियाई खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी को फाइनल में अपने खिताबी सूखे को खत्म करने की उम्मीद थी लेकिन पहले गेम में 14-7 की मजबूत बढ़त बनाने बावजूद उन्हें मुकाबले में 45 मिनट में सीधे गेम में 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की जोड़ी लगातार दूसरे फाइनल में लय में दिखी। विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक जीतने और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के बाद पूरे हफ्ते भारतीय जोड़ी ने एक भी गेम नहीं गंवाया। लेकिन उन्हें मजबूत स्थिति में होने के बावजूद पहला गेम गवाने का मलाल जरूर रहेगा। किम और सियो अन्य जोड़ीदारों के साथ प्रयोग करने के बाद मौजूद सत्र में फिर से साथ आए हैं। यह जोड़ी 2025 के अपने नौवें फाइनल में खेल रही थी और पहले ही छह खिताब जीत चुकी थी जिसमें पेरिस में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण और ऑल इंग्लैंड तथा इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 का खिताब भी शामिल है।

इस मुकाबले को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण और सर्वश्रेष्ठ डिफेंस के बीच की लड़ाई माना जा रहा था और किम तथा सियो ने बेहतर धैर्य और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

कोरियाई टीम ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले गेम में 3-0 की बढ़त बनाई लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार दमदार स्मैश के साथ वापसी की और स्कोर 6-6 कर दिया। चिराग के नेट पर सटीक शॉट ने भारतीय जोड़ी को ब्रेक तक 11-7 की बढ़त दिला दी और जल्द ही उन्होंने इसे 14-8 कर दिया। हालांकि कुछ गलतियां हुईं। एक वीडियो चैलेंज के असफल होने से सात्विक और चिराग की लय टूटी और कोरियाई जोड़ी ने अगले नौ में से आठ अंक जीतकर स्कोर 15-15 से बराबर कर दिया।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से हराया



एजेंसी

ब्रिसबेन। युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी के आक्रामक तेवरों के बाद विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू और वेदांत त्रिवेदी के नाबाद अर्धशतकों से भारत अंडर-19 क्रिकेट टीम ने रविवार को यहां पहले युवा एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को सात विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के सामने नौ विकेट पर 225 रन ही बना सकी।

इसके बाद मेहमान टीम ने इयान हीली ओवल में 117 गेंदे शेष रहते तीन विकेट गंवाकर आसानी से 227 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया जिसमें कुंडू और त्रिवेदी क्रमशः 87 और 61 रन बनाकर नाबाद रहे। सभी की नजरें 14 वर्षीय सूर्यवंशी पर टिकी थीं जिन्होंने केवल 22 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 38 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। सूर्यवंशी का दबदबा इतना था कि कप्तान आयुष म्हात्रे ने उनके साथ पहले विकेट की 50 रन की साझेदारी में केवल छह रन बनाए। सूर्यवंशी को तेज गेंदबाज हेडन शिलर (59 रन पर एक विकेट) ने आउट करके ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई।

दो गेंद बाद चार्ल्स लैचमुंड (46 रन पर दो विकेट) ने म्हात्रे (06) को आउट कर दिया। विहान मल्होत्रा भी नौ रन बनाने के बाद लैचमुंड का शिकार बने जिससे 10वें ओवर में भारत का स्कोर तीन विकेट पर 75 रन हो गया और ऑस्ट्रेलिया की घरेलू मैदान पर जीत की उम्मीद जगी। हालांकि त्रिवेदी और कुंडू ने चौथे विकेट के लिए 152 रन की अटूट साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और टीम को केवल 30.3 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया। कुंडू ने 74 गेंद की अपनी पारी में पांच छक्के और आठ चौके लगाए जबकि त्रिवेदी ने 69 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके लगाए। लचमुंड ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के सबसे सफल गेंदबाज रहे। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने अनुशासित लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 230 रन के भीतर रोक दिया जो पहले बल्लेबाजी करते हुए घरेलू टीम की उम्मीद से काफी कम था। हालांकि अगर जॉन जेम्स आक्रामक पारी नहीं खेलते तो मेजबान टीम इतने रन भी नहीं बना पाती। जेम्स ने 68 गेंदों में नाबाद 77 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम 35 रन पर चार विकेट और फिर 107 रन पर छह विकेट गंवा चुकी थी। हेनिल पटेल 38 रन पर तीन विकेट चटकाकर भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। कनिष्क चौहान (39 रन पर दो विकेट) और किशन कुमार (59 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि आरएस अंबरीश (50 रन पर एक विकेट) को एक विकेट मिला। टॉम होगन ने 81 गेंद में 41 रन की धीमी पारी खेली जबकि स्टीवन होगन ने 82 गेंद का सामना करने के बाद 39 रन ही बना सके जिससे भारतीय गेंदबाजों की पकड़ का पता चलता है।

## बीसीसीआई सचिव सैकिया को उम्मीद, वनडे विश्व कप जीतने में सफल रहेगी भारतीय महिला टीम

मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने रविवार को उम्मीद जताई कि भारतीय महिला टीम 30 सितंबर से गुवाहाटी में शुरू होने वाले विश्व कप में ट्रॉफी जीतने के लंबे इंतजार को खत्म करेगी। महिला वनडे विश्व कप इस बार भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जा रहा है। भारतीय टीम अपना पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ खेलेगी। इससे पहले उद्घाटन समारोह होगा। भारत ने अभी तक महिला विश्व कप नहीं जीता है लेकिन इस बार उसे ट्रॉफी जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। सैकिया ने यहां बीसीसीआई मुख्यालय में मीडिया से कहा, अतीत में गुवाहाटी में आईसीसी (पुरुष) विश्व कप के अभ्यास मैच आयोजित किए जाते थे।

# स्वियातेक ने कोरिया ओपन खिताब जीता



एजेंसी

सोल (दक्षिण कोरिया)। शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त कैटरीना एलेक्जेंद्रोवा को 1-6, 7-6 (3), 7-5 से हराकर रविवार को कोरिया ओपन का खिताब जीत लिया। स्वियातेक ने तीन घंटे तक चले इस रोमांचक मुकाबले में पांच बार सर्विस गंवाई। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक के लिए यह इस साल का तीसरा और कुल मिलाकर 25वां खिताब है। पोलैंड की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीता था और जुलाई में अपना पहला विंबलडन खिताब जीता था। डब्ल्यूटीए फाइनल में उनका रिकॉर्ड अब 25-5 हो गया है। वहीं दूसरी ओर

जेसिका पेगुला और एम्मा नवारो ने एक-एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपने एकल मैच जीते जिससे अमेरिका ने ब्रिटेन को 2-0 से हराकर बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में अमेरिका का मुकाबला गत चैंपियन इटली से होगा। विश्व में सातवें नंबर की खिलाड़ी पेगुला ने केटी बौल्टर को 3-6, 6-4, 6-2 से हराकर अमेरिका की फाइनल में जगह पक्की थी।

इससे पहले नवारो ने सोने कार्तल को 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। अमेरिका 18 बार यह टूर्नामेंट की जीत चुका है लेकिन 2017 के बाद से वह इसे जीतने में नाकाम रहा है। अमेरिका इससे पहले आखिरी बार 2018 में फाइनल में पहुंचा था। वहीं दूसरी ओर फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप का 30वां चरण 29 सितंबर से डीएलटीए में शुरू होगा जिसमें पूर्व चैंपियन विष्णु वर्धन और वीएम रणजीत भी हिस्सा लेंगे।

## मिथुन मन्हास ने बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया दाखिल

मुंबई। दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष पद के लिए रविवार को यहां बोर्ड मुख्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। मन्हास ने 1997-98 से 2016-17 तक के अपने लंबे घरेलू करियर में 157 प्रथम श्रेणी, 130 लिस्ट ए और 91 टी20 मैच खेले। वह रोजर बिन्नी की जगह बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभालने की दौड़ में सबसे आगे हैं। बिन्नी का कार्यकाल पिछले महीने समाप्त हो गया था। नई दिल्ली में हुई एक अनौपचारिक बैठक के बाद 45 वर्षीय मन्हास का नाम सामने आया।

# नये आवेदकों पर ही नया एच-1बी वीजा शुल्क

## 21 सितंबर से पहले जमा किया गया एच 1 बी वीजा आवेदन इससे प्रभावित नहीं होगा

एजेंसी

न्यूयॉर्कावाशिंगटन । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एच-1बी वीजा के लिए एक लाख अमेरिकी डॉलर का नया शुल्क नये आवेदकों के लिए है और उन्हें इस शुल्क का एकमुश्त भुगतान करना होगा। यह स्पष्टीकरण अमेरिका में काम कर रहे हज़ारों पेशेवरों के लिए बड़ी राहत की बात है जो इस नए नियम से प्रभावित होने को लेकर चिंतित हैं, इनमें बड़ी संख्या में भारतीय हैं। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का नया एच-1बी वीज़ा शुल्क केवल नये आवेदकों पर लागू होगा। ट्रंप प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि 21 सितंबर की प्रभावी घोषणातिथि से पहले जमा किया गया एच 1 बी वीजा आवेदन इससे प्रभावित नहीं होगा। इसके अलावा वर्तमान में अमेरिका से बाहर रहने वाले वीज़ा धारकों को भी देश में दोबारा प्रवेश के लिए शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।

व्हाइट हाउस की प्रवक्ता टेलर रोजर्स ने बताया, राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी कामगारों को प्राथमिकता देने का वादा किया था और यह समझदारी भरा कदम उसी का परिणाम है। उन्होंने कहा यह उन अमेरिकी व्यवसायों को भी निश्चितता प्रदान करता है जो वास्तव



में हमारे महान देश में बेहद कुशल कामगारों को लाना चाहते हैं, लेकिन प्रणाली की गड़बड़ी के कारण उन्हें आगे नहीं आने दिया जा रहा है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि एक लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क एकमुश्त है जो केवल नये आवेदन पर लागू होता है। यह केवल नए वीज़ा पर लागू होता है, नवीनीकरण या मौजूदा वीज़ा धारकों पर नहीं। यूएससीआईएस निदेशक जोसेफ एडलो ने एक ज्ञापन में कहा कि ट्रंप की ओर से शुक्रवार को जारी की गई घोषणा केवल उन पर लागू होगी जो अब आवेदन करेंगे। यह घोषणा उन लोगों पर लागू नहीं होती है जौ उद्घोषणा की प्रभावी तिथि से पहले दायर किये गये आवेदनों के लाभार्थी हैं, वर्तमान में स्वीकृत आवेदनों के लाभार्थी हैं, या जिनके पास वैध रूप से जारी एच-1बी गैर-आप्रवासी वीज़ा हैं।

### व्यापार से रोका भारत-पाक संघर्ष, सात युद्ध समाप्त कराने के लिए नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए : ट्रंप

न्यूयॉर्कावाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को व्यापार के माध्यम से सुलझाने का एक बार फिर दावा किया और कहा कि उन्हें सात युद्धों को समाप्त कराने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। ट्रंप ने 10 मई को सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि वाशिंगटन की मध्यस्थता में रात को देर तक चली वार्ताओं के बाद भारत-पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। तब से आज तक विभिन्न अवसरों पर ट्रंप अपनी कथित मध्यस्थता के दावे को 40 से अधिक बार दोहरा चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को सुलझाने में मदद की है।

# नवरात्र के लिए वैष्णो देवी मंदिर में उत्सव का माहौल : जम्मू कश्मीर

कटराजम्मू। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर को रविवार को शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या पर फूलों से सजाया गया है जिससे अगले नौ दिनों में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए उत्सव का माहौल बन गया है।



अधिकारियों ने बताया कि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने भी तीर्थयात्रियों का मार्गदर्शन करने, भारी भीड़ का प्रबंधन करने और 12 किलोमीटर लंबे यात्रा मार्ग पर सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए स्वयंसेवकों को तैनात किया है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न भागों से आने वाले पर्यटकों को आरामदायक तीर्थयात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए पेयजल, चिकित्सा सहायता और भीड़ प्रबंधन उपायों सहित अतिरिक्त सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। छब्बीस अगस्त को मूसलाधार बारिश के बीच मार्ग पर हुए विनाशकारी भूस्खलन के कारण 22 दिनों तक स्थगित रहने के बाद इस पवित्र तीर्थस्थल की तीर्थयात्रा 17 सितंबर को पुनः शुरू हुई थी।

इस भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए थे। बाईस सितंबर से एक अक्टूबर तक चलने वाले नवरात्र, देवी दुर्गा की उपासना के लिए समर्पित है और इसका माता वैष्णो देवी मंदिर में विशेष महत्व है, जहां इस दौरान सबसे अधिक तीर्थयात्री आते हैं। श्रद्धालु भजन गाते और प्रार्थना करते समृद्धि और कल्याण का आशीर्वाद मांगते हुए, चढ़ाई चढ़ते हैं।

## संक्षेप

### मुफ्त राशन और सस्ते मोबाइल फोन का श्रेय पासवान को : चिराग

पूर्णिया। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को दावा किया कि गरीबों को हर महीने पांच किलोग्राम राशन और मोबाइल फोन बैंगन के भाव मिलने का श्रेय उनके दिवंगत पिता रामविलास पासवान को जाता है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह बात बिहार के पूर्णिय जिले में पार्टी द्वारा आयोजित नव संकल्प सभा में कही। हाजीपुर से सांसद चिराग ने कहा मुझे इस बात का गर्व है कि मैं ऐसे नेता की संतान हूं, जिन्होंने विभिन्न केंद्रीय मंत्रालय में रहते हुए बिहार और उसके लोगों के लिए हर संभव कार्य किया। मुझे इस पर भी गर्व है कि उनकी दूरदृष्टि का ही परिणाम है कि आज देश के 81 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न मिल रहा है। पासवान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का उल्लेख कर रहे थे, जिसकी शुरुआत कोविड-19 महामारी के दौरान 2020 में हुई थी। उस समय उनके दिवंगत पिता उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री थे। उन्होंने अपने पिता के पहले के कार्यकाल की भी चर्चा की, जब वह दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री थे।

# गाजा में इजराइल के हमले में 34 मारे गये

काहिरा। गाजा सिटी पर रात भर हुए हमलों में कम से कम 34 लोग मारे गए, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इजराइल द्वारा यह हमला कई देशों की ओर से फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने की तैयारी के बीच किया गया है। शिफा अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में शनिवार देर रात शहर के दक्षिणी हिस्से में एक रिहायशी इलाके में हुई गोलीबारी में मारे गए 14 लोग भी शामिल हैं। अधिकतर शव शिफा अस्पताल ही लाये गए थे। स्वास्थ्य प्राधिकारियों ने बताया कि मृतकों में अस्पताल में कार्यरत एक पुरुष नर्स, उसकी पत्नी और तीन बच्चे भी शामिल हैं। इस सप्ताह शुरू हुआ इजराइली अभियान पश्चिम एशिया में उथल-पुथल मचाने वाले संघर्ष को और बढ़ा देता है और संभवतः किसी भी युद्धविराम को और भी दूर धकेल देता है। इजराइली सेना कहती है कि वह हमास के सैन्य ढांचे को नष्ट करनौ चाहती है और उसने फलस्तीनियों से वहां से चले जाने का आग्रह किया है।

# पीएम आज करेंगे अरुणाचल प्रदेश का दौरा

एजेंसी

ईटानगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा का दौरा करेंगे और ईटानगर में 5,100 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे साथ ही माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर परिसर के विकासकार्यों का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री अरुणाचल प्रदेश की यात्रा के दौरान 3,700 करोड़ रुपये की दो पनबिजली परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

**दो पनबिजली परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे**



बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री 22 सितंबर को अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा का दौरा करेंगे। वह ईटानगर में 5,100 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की नींव रखेंगे और एक सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे। बयान के मुताबिक, मोदी 186 मेगावाट की तातो-। और 240 मेगावाट की हीओ पनबिजली परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और तवांग में एकीकृत अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर का उद्घाटन करेंगे।

इसके बाद, वह त्रिपुरा का दौरा करेंगे और और माताबरी में माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर परिसर के विकास कार्य का उद्घाटन करेंगे। अरुणाचल प्रदेश में, मोदी ईटानगर में 3,700 करोड़ रुपये से अधिक की दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं -हीओ हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (240 मेगावाट) और टाटो-आई हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (186 मेगावाट), की नींव के पत्थर रखेंगे।

# केंद्र किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोप रहा : प्रधान

एजेंसी

चेन्नई। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि केंद्र किसी पर कोई भाषा नहीं थोप रहा है। प्रधान ने उन लोगों को राजनीति से प्रेरित बताया जो यह दावा करते हैं कि केंद्र, राज्यों पर त्रि-भाषा नीति थोप रहा है। उन्होंने कहा हम किसी पर कोई भाषा नहीं थोप रहे हैं। कक्षा पहली और दूसरी के लिए द्वि-भाषा का फॉर्मूला होगा। एक मातृभाषा होगी। यहां तमिल भाषा होगी। भारत सरकार की शर्त है कि आपको प्राथमिक विद्यालय में तमिल में पढ़ाना होगा।

आप अपनी पसंद की कोई अन्य भाषा पढ़ा सकते हैं। प्रधान थिंक इंडिया दक्षिणापथ शिखर सम्मेलन 2025 में शामिल होने के बाद आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी कामकोटि की मौजूदगी में पत्रकारों से बात कर रहे थे। त्रि-भाषा नीति के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि कक्षा छठी से दसवीं तक त्रि-भाषा फार्मूला लागू है। उन्होंने कहा, एक भाषा मातृभाषा होगी। बाकी दो आपकी पसंद की होंगी। भारत सरकार किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपेगी। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में त्रि-भाषा नीति कैसे लागू की जा रही है, इस बारे में पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा, हम उस राज्य में भी इसे लागू कर रहे हैं। भाजपा शासित राज्यों को छोड़ दें तो कई राज्य



सरकारें राष्ट्रीय शिक्षा नीति से पहले त्रि-भाषा नीति लागू कर रही हैं। प्रधान ने कहा उत्तर प्रदेश में छात्र हिंदी को मातृभाषा के रूप में सीखेंगे।

इसके बाद, वे मराठी और तमिल भी सीख सकते हैं। उत्तर प्रदेश में कुछ छात्र तमिल को तीसरी भाषा के रूप में चुन सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार को तमिल पढ़ाने की सुविधा प्रदान करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत की केवल 10 प्रतिशत आबादी अंग्रेजी बोलती है, जबकि बाकी लोग अपनी मातृभाषा में बात करना पसंद करते हैं। प्रधान ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि वह तेलुगु भाषी छात्रों को 10 भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करेंगे, ताकि प्रत्येक तेलुगु लड़का वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सके और वे विभिन्न भाषाओं में निपुण हो सकें। उन्होंने कहा भाषा हमेशा एक साधन होती है। राजनीतिक रूप से संकीर्ण विचार रखने वाले लोग यह समस्या पैदा कर रहे हैं।

# नीतीश सरकार ने चुनाव से पहले की कई योजनाए घोषित

एजेंसी

पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने कई नई योजनाओं की घोषणा की हालांकि विपक्ष ने आरोप लगाया कि 20 साल तक सत्ता में रहने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन के वादों की नकल कर रहे हैं। विपक्ष के 200 यूनिट मुफ्त बिजली के वादे के खिलाफ नीतीश कुमार ने हर महीने 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने रविवार को कहा कि गांवों में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और लाभार्थी बनाने वाले 10,000 से अधिक विकास मित्रो को टैब खरीदने के लिए 25,000 रुपये की एकमुश्त सहायता दी जाएगी। नीतीश ने कहा कि



विकास मित्रो का परिवहन भत्ता भी 1,900 रुपये से

**विपक्ष ने बताया नकल**

बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रति माह और स्टेशनरी भत्ता 900 रुपये से बढ़ाकर 1,500 रुपये प्रति माह कर दिया गया। सरकार ने यह भी तय किया कि महादलित, अल्पसंख्यक और अति पिछड़े वर्ग के बच्चों को औपचारिक शिक्षा से जोड़ने वाले 30,000 से अधिक शिक्षा सेवकों और तालीमी मरकज को स्मार्टफोन खरीदने के लिए 10,000 रुपये दिए जाएंगे। इससे पहले जून में सरकार ने बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगजनों की पेंशन 700 रुपये प्रतिमाह बढ़ा दी थी। मुख्यमंत्री ने 11 जुलाई को 1.11 करोड़ लाभार्थियों के खातों में प्रतिमाह 1100 रुपये की बढ़ी हुई पेंशन राशि भी भेजी थी। सरकार का एक और बड़ा फैसला बेरोजगार युवाओं के लिए भत्ता देने का रहा। सरकार ने कहा कि स्नातक और 12वीं पास बेरोजगार युवाओं को दो वर्षों तक 1,000 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिला उद्यमियों को पहले चरण में 10,000 रुपये और बाद में उनके कारोबार का आकलन कर दो लाख रुपये तक की सहायता दी जाएगी।

### जम्मू-कश्मीर में पर्यटन व खेल क्षेत्रों के लिए शांति आवश्यक

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि इस केंद्र शासित प्रदेश में विकास और पर्यटन तथा खेल क्षेत्रों की बेहतरी के लिए शांति एक बुनियादी शर्त है। अब्दुल्ला ने यहां पत्रकारों से कहा, विकास, पर्यटन या खेल हमें हर चीज के लिए शांति चाहिए। अगर हम दिन-रात के मैच कराने की बात करते हैं और स्थिति ठीक नहीं है, तो कौन खेलने आएगा? उन्होंने यहां रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब की जर्सी का विमोचन किया। उन्होंने कहा शांति हर चीज का आधार है। आज के कार्यक्रम, यानी जर्सी विमोचन कार्यक्रम का संदेश भी शांति ही है।

## इंटरटेनमेंट...

# एटली की फिल्म से लीक हुआ अल्लू अर्जुन का लुक

**मुंबई**। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है। तस्वीर को लेकर दावा किया जा रहा है कि यह अल्लू अर्जुन की अपकमिंग फिल्म की लीक हुई तस्वीर है, जिसमें वह कथित तौर पर सुपरहीरो के सूट में नजर आ रहे हैं। उनके बाल मैन बन स्टाइल में हैं और पीछे ब्लू बैकग्राउंड दिखाई दे रहा है। इस तस्वीर को लेकर एक्स अकाउंट 'जेम ऑफ सिनेमा' ने लिखा, एए22एक्सए6 से लीक हुई तस्वीर। बता दें कि अल्लू अर्जुन अपनी आने वाली एक्शन फिल्म




'एए22एक्सए6' (अल्लू अर्जुन 22 और एटली 6) में काम कर रहे हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन एटली कर रहे हैं। फिल्म में दीपिका पादुकोण फीमेल लीड का रोल प्ले कर रही हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स पूछ रहे हैं कि क्या यह तस्वीर वाकई अल्लू अर्जुन और उनकी फिल्म की है। एक यूजर ने कहा कि यह तस्वीर फेक है, अल्लू अर्जुन सर कुछ दिन पहले पूरी तरह शेव थे। बता दें कि फिल्म अभी प्रोडक्शन स्टेज में है। मेकर्स ने अभी तक इसकी कोई ऑफिशियल फोटो या ट्रेलर रिलीज नहीं किया है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, अल्लू अर्जुन इस फिल्म में चार अलग-अलग रोल निभाते नजर आएंगे। वे दादा, पिता और दो बेटों का रोल प्ले करेंगे। इसके अलावा फिल्म में तमिल एक्टर योगी बाबू भी होंगे। पिंकविला के मुताबिक,

**तस्वीर में सुपरहीरो के सूट में नजर आए**

मुम्बई में अल्लू अर्जुन, मृणाल ठाकुर और योगी बाबू की एक महत्वपूर्ण सीन की शूटिंग हुई। फिल्म में रश्मिका मंदाना और जाह्नवी कपूर भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आने की उम्मीद है।

# बॉलीवुड में एक-दूसरे को गिराने की होती है कोशिश : अनुराग



**मुंबई**। फिल्ममेकर अनुराग कश्यप फिल्मों के अलावा अपने बेबाकपन के लिए जाने जाते हैं। हिंदी सिनेमा को लेकर लगातार अपनी राय रखते हैं, जिसकी वजह से उन्हें आलोचना भी झेलनी पड़ती है। अनुराग इंडस्ट्री में नए चेहरों को मौका देने के लिए भी जाने जाते हैं। उनकी फिल्मों से निकले एक्टर आज इंडस्ट्री में बड़ा नाम बन चुके हैं। इस वक्त अनुराग की फिल्म 'निशांची' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म से भी दो नए चेहरों ने अपना डेब्यू कर लिया है।

इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान डायरेक्टर ने दैनिक भास्कर से बातचीत में नए टैलेंट, हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के अलावा और कई मुद्दों पर अपनी बेबाक राय शेयर की है। हां, एक्टर्स भरोसा करते हैं। कई बार एक्टर्स बहुत कुछ उम्मीद भी करते हैं लेकिन हर बार वो हो नहीं पाता है। रोल के हिसाब से कास्टिंग होती है। मेरे लिए कास्टिंग एक साइंस है। अब सही रोल में सही समय पर सही एक्टर को कास्ट करो तो वो पर्दे पर कमाल दिखता है। अगर आपने कास्टिंग गलत कर दी तो चीजें गड़बड़ हो जाती है।

### करीना की शादी पर लव जिहाद विवाद

**मुंबई**। करीना कपूर आज अपना 45वां जन्मदिन मना रही हैं। चाहे स्टाइलिश 'पू' हो या चुलबुली 'गीत' करीना कपूर ने अपने हर किरदार को खास बना दिया है। जहां उनके परिवार में लगभग सभी लोग फिल्मों में आने का सपना देखते थे, वहीं करीना ने पहले वकालत का रास्ता चुना था। हालांकि एक्टिंग के प्रति झुकाव के कारण वह अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर सकीं। करीना पिछले 25 साल से फिल्म इंडस्ट्री का अहम हिस्सा रही हैं। इस दौरान उन्होंने कई ऐसे फैसले लिए, जिन्होंने सभी को चौंका दिया। चाहे वो किसी ब्लॉकबस्टर फिल्म को ठुकराना हो या फिर अपने बच्चों के नामों को लेकर लिया गया बेबाक फैसला।

# महबूब स्टूडियो में बना लद्दाख का सेट, मुंबई में तैयार हुआ 'वॉर जोन'

**मुंबई**। बॉलीवुड के 'दबंग' सलमान खान अपनी इन दिनों बिग बॉस के साथ साथ 'गलवान' में व्यस्त हैं। हाल ही में फिल्म का पहला शेड्यूल लद्दाख की खूबसूरत वादियों में पूरा हुआ है। उसमें भारी भरकम एक्शन सीक्वेंस फिल्माए गए। फिल्म इंडो चाइना झड़प पर बेस्ड है।

चाइना से मेन विलेन के लिए मेकर्स ने नेपाली

**सलमान खान से विलेन बनकर भिड़ेंगे नेपाली एक्टर अनूप बिक्रमशाही**

मूल के मशहूर एक्टर को कास्ट किया है। फिल्म से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 'गलवान' में भारत और चीन के सैनिकों के बीच पांच अलग-अलग झड़पों को शूट किया गया है। ये सभी एक्शन सीक्वेंस बेहद भव्य और वास्तविक दिखें, इसके लिए 250 से 300 सैनिकों को शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि इन दृश्यों को शूट करने के लिए थाईलैंड से 15-20 लोगों की एक विशेष एक्शन टीम भी



बुलाई गई थी। इस टीम ने लद्दाख के मुश्किल मौसम, तेज ठंड और ऑक्सीजन की कमी के बावजूद पूरी ऊर्जा के साथ काम किया। लद्दाख के बाद अब फिल्म का अगला शेड्यूल मुंबई में शूट किया जाएगा। सूत्रों ने खुलासा किया कि मुंबई के महबूब स्टूडियो में लद्दाख का ही एक विशाल सेट तैयार किया गया है। इसका मकसद उन बचे हुए एक्शन सीन्स और दृश्यों को फिल्माना है, जो वहां की मौसम की चुनौतियों के कारण पूरे नहीं हो पाए थे। सूत्रों के अनुसार, बाकी कलाकारों और क्रू ने तो कुल 27 दिनों तक शूटिंग की, मगर सलमान खान ने लद्दाख में सिर्फ 5-6 दिनों की शूटिंग की।

उनका शेड्यूल काफी सीमित था, जिसमें वे लंच के बाद दोपहर 3 बजे आते थे और महज 2 से ढाई घंटे ही शूट करते थे। बाकी के सीन उनके बॉडी डबल पर फिल्माए गए। सलमान की सुरक्षा भी बेहद कड़ी थी। उनके साथ हमेशा चार-पांच गाड़ियां, 10-12 पर्सनल सिक्योरिटी गार्ड, और लद्दाख पुलिस व आर्मी के जवान मौजूद रहते थे। जब सूत्र से पूछा गया कि क्या फिल्म में 'उरी' के मशहूर डायलॉग ₹हाउ इज द जोश? जैसे संवाद हैं, तो उन्होंने बताया कि 'गलवान' की कहानी उससे बिल्कुल अलग है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K